फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 5, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - गांधी का वह 'आचार्य' शिष्य

अन्दर : अश्विन ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 450 विकेट



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# नेहरू, इंदिरा का नाम लेकर पीएम मोदी ने बोला कांग्रेस पर हमला

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 50 बार अनुच्छेद 356 का किया दुरुपयोग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कई दिनों तक चली चर्चा का गुरुवार को जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर नाम को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सरकार की योजनाओं के नाम और नामों में संस्कृत शब्दों से दिक्कत थी। मैंने एक रिपोर्ट में पढ़ा कि 600 सरकारी योजनाएं गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर थीं। मुझे समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी के लोग नेहरू को अपना उपनाम क्यों नहीं रखते, डर और शर्म की क्या बात है?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किस पार्टी और सत्ता में बैठे लोगों ने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया? 90 बार चुनी हुई सरकारें गिराई गईं, कौन थे वो लोग? एक प्रधान मंत्री ने अनुच्छेद 356 का 50 बार उपयोग किया और वह नाम है इंदिरा गांधी। केरल में कम्युनिस्ट सरकार चुनी गई जिसे पंडित नेहरू ने पसंद नहीं किया और उसे गिरा दिया गया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि कांग्रेस ने साठ सालों में देश में मजबूत बुनियाद रखी और मोदी उसका श्रेय ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब 2014 में वह देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्हें नजर आया कि 60 साल में कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं।

उन्होंने कहा, हो सकता है कि उनका इरादा नेक होगा, लेकिन उन्होंने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं। जब वह गड्ढे खोद रहे थे। छह-छह दशक बर्बाद कर दिये थे, उस समय दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थेङ्क आगे बढ़ रहे थे। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

**किया कटाक्ष**

**बोले पीएम- 90 बार गिराई गईं चुनी हुई सरकारें**

**मोदी बोले- कांग्रेस ने देश के छह दशक बर्बाद कर दिये**



## हंगामे से राज्यसभा की बैठक स्थगित

**नई दिल्ली।** सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के हंगामे की वजह से बृहस्पतिवार को राज्यसभा की बैठक दो बार के स्थगन के बाद शाम पांच बज कर 25 मिनट पर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का आज भोजनावकाश के बाद पीएम मोदी ने जवाब दिया। उस दौरान सदन में कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही प्रधानमंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गए संशोधनों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

इसी बीच सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में वर्ष 2023-24 के बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस सदस्य शक्ति सिंह गोहिल का नाम पुकारा। गोहिल ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है और ऐसे में वह अपनी बात नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि पहले सदन में व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। सभापति ने सदस्यों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। लेकिन अपनी बात का असर न होते देख उन्होंने तीन बज कर करीब 57 मिनट पर बैठक साढ़े चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद साढ़े चार बजे बैठक पुनः शुरू होने पर सदन में वही नजारा था।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के बीच सभापति ने सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष को अपने कक्ष में आने के लिए कहा तथा बैठक पांच बज कर पंद्रह मिनट तक के लिए स्थगित कर दी। दो बार के स्थगन के बाद जब सवा पांच बजे बैठक पुनः शुरू हुई तब कांग्रेस सदस्य शक्तिसिंह गोहिल ने 2023-24 के बजट पर चर्चा शुरू की। लेकिन सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने मोदी मोदी के नारे शुरू किए और विपक्षी सदस्य मोदी अडानी भाई-भाई के नारे लगाने लगे। इस पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए सभापति ने कहा कि बार बार समझाने के बावजूद सदन की कार्यवाही बाधित की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष में बैठे एक वरिष्ठ सदस्य नियमों की जानकारी होने पर भी सदन में तख्ती दिखा रहे हैं जो ठीक नहीं है।

**नारेबाजी**

**विपक्ष ने सदन में लगाए सरकार विरोधी नारे**






# न्याय नहीं, बल्कि वोट के लिए चलता है बुलडोजर : अखिलेश

**शोक जताया**

**मृत गन व्यवसायी के परिजनों से मिले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**बलिया।** गन व्यवसायी स्व. नंदलाल गुप्त के परिजनों से मिलकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बातचीत की। उसके बाद स्व. गुप्त की पत्नी मोनी देवी से लगभग 20 मिनट तक वार्ता की। इसके बाद जैसे ही वे घर से बाहर निकले तो मीडिया कर्मियों ने उन्हें घेर लिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों के जवाब पर कहा कि जिस तरह से पैसों का कारोबार चल रहा है, वह सीधे गैरकानूनी है।

कहा कि भाजपा और भाजपा के लोगों ने नोटबंदी की थी। बैंकों में पैसा भरा पड़ा हुआ है। इसके बावजूद भी व्यापरियों को सूदखोरों से पैसा लेना पड़ रहा है। सूदखोरों का हिसाब-किताब जो है, बहुत ही अलग है। पता नहीं कितना पैसा वसूलते हैं। पैसा नहीं मिलने पर धमकाते हैं। समय-समय पर प्रताड़ित करेंगे। स्व. नंदलाल के परिवार के लोगों की मांग थी कि पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये की मदद मिले। इनकी प्रापर्टी जो रजिस्ट्री हुई है, उसे कैंसिल किया जाए। यह तो सरकार के हाथ में है कि जब चाहे तब रजिस्ट्री कैंसिल कर सकती है। जो दोषी है, भाजपा का बुलडोजर जाए और उनको वही सजा दे, जो औरों को देती है। यदि भाजपा की सरकार दावा करती है कि बुलडोजर न्याय दिलाता है तो नंदलाल की पत्नी और परिवार को बुलडोजर न्याय कब दिलायेगा। कहा कि बुलडोजर न्याय के लिये नहीं, बल्कि वोट के लिये चलता है।



## मुकदमे में गवाही के लिए कोर्ट में पेश हुए आजम खां

**लखनऊ।** शाहजहांपुर में 28 साल पुराने एक मुकदमे में गवाही के लिए पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में पेश हुए। गवाही की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद आजम खां के विरुद्ध जारी जमानती वारंट अदालत ने समाप्त कर दिया। आजम खां अपने बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के साथ न्यायालय पहुंचे थे। इस दौरान आजम खां ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। आजम खां के अधिवक्ता फिरोज हसन खां और शालिनी ने बताया कि वर्ष 1995 में वह सहकारिता मंत्री थे। 28 अप्रैल 1995 को लखनऊ से रामपुर जाते समय मीरानपुर कटरा की किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के यूरिया स्टाक का निरीक्षण करने पहुंच गए थे। निरीक्षण में चार कट्टा यूरिया कम पाया गया। इसके अलावा भी अन्य अनियमितताएं मिलीं थीं। आजम खां ने अधिकारियों को जांच कर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**मीडिया से बनाई दूरी, मुस्कुराकर चल दिए**

# फाइलेरिया की दवा खाने पर नौ बच्चों की तबियत बिगड़ी

## तीन से चार घण्टे में स्वस्थ होकर घर लौटे बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त विद्यालयों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया दूध अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिन में 820 स्कूलों काक आच्छादित किया गया, जिसमें कुल 19829 विद्यार्थियों को मिड मिल के बाद दवा का सेवन कराया गया। कुछ ग्राम सभाओं में कुछ बच्चों में दवा खाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ग्राम सभा सिंहपुर, ज्ञानपुर में 325 बच्चों को तथा ग्राम सभा मल्लूपुर, ब्लॉक भदोही में 135 बच्चों को दवा का सेवन कराया गया। जिसमें कुल नौ बच्चों की प्रतिकूल प्रभाव मिचली, चक्कर आना, पेट दर्द, उल्टी हल्का बुखार दिखाई पड़ा, तभी कक्ष में बैठे अन्य छात्र इनको देख करके घबरा गए। बच्चों की तबियत खराब होने पर विद्यालय में हड़कम्प मच गया।





**बची जान**

**सीएमओ ने कहा- घबराने की कोई बात नही, दस प्रतिशत लोगों पर पड़ सकता हैं कुछ समय के लिए प्रतिकूल प्रभाव**

सूचना मिलने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्ञानपुर एवं भदोही से रेडिरिस्पांस टीम ग्राम सभा सिंहपुर तथा मल्लूपुर में भेजी गयी। प्रभावित छात्रों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में लाया गया। गुरुवार की शाम तक सभी बच्चों को उपचार के उपरान्त घर भेज दिया गया। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि सामान्यतया दस प्रतिशत लोगों में फाइलेरिया की दवा खाने के बाद इस तरह के प्रतिकूल प्रभाव दिखाई पड़ते हैं जो फाइलेरिया के छिपे रोगी हैं। ये प्रभाव तीन से चार घंटे के बाद स्वतः समाप्त हो जाते हैं। इसमें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।




# लखनऊ समेत बड़े शहरों में कहीं न बिगड़े यातायात व्यवस्था : योगी

## जीआईएस 2023 के दौरान सीएम योगी के सख्त निर्देश

**लखनऊ।** यातायात प्रबंधन को लेकर पूर्व में कई बड़े मौकों पर हुई चूक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट व जी-20 सम्मेलन के दौरान कहीं न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। लखनऊ समेत अन्य बड़े शहरों में यातायात प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विस्तृत कार्ययोजना के तहत कदम बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने अधीनस्थों को निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि देश-विदेश से आ रहे निवेशकों को आवागमन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। लखनऊ समेत अन्य प्रमुख शहरों में यातायात संचालन के ऐसे बेहतर प्रबंध किए जाए कि निवेशकों के साथ ही लोगों को भी आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा है कि कहीं भी जाम लगने की दशा में संबंधित क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख सचिव, गृह ने कहा कि प्रदेश में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संभावित ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए विस्तृत योजना बनाकर यातायात का संचालन कराया जाए। कहा कि लखनऊ में कुछ प्रमुख मार्गों में ट्रैफिक जाम की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जो कतई उचित नहीं है।

बेहतर यातायात संचालन के लिए आवश्यकता के अनुरूप रूट डायवर्जन का प्लान बनाने का निर्देश भी दिया है। कहा कि देश-विदेश से आ रहे निवेशकों को लखनऊ में स्वच्छ वातावरण का आभास कराने के लिए नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। कहा कि किसी भी मार्ग में किसी भी स्थान पर गंदगी अथवा कूड़ा एकत्रित न होने पाए। प्रमुख मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया है। कहा कि आयोजन स्थल, हैलीपैड, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख मार्गों व प्रमुख स्थानों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करते हुए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना न हो। कहा कि पुलिसकर्मी अपने शासकीय दायित्वों के दौरान अतिथियों व लोगों से मित्रवत व्यवहार कर अपनी अच्छी छवि बनाए।

राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे इंवेस्टर्स समिट में देश-विदेश से कई वीवीआईपी शिरकत करने वाले हैं। ऐसे में पुलिस विभाग की ओर से व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। आगंतुकों को शहर में आगमन पर जाम का सामना न करना पड़े, इसके लिए इंवेस्टर्स समिट के दौरान 10 से 12 फरवरी तक शहर के 15 प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन रहेगा। यह रूट डायवर्जन प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। ट्रैफिक डीसीपी रईस अख्तर ने बताया कि केवल विशेष परिस्थिति में अनुमति प्राप्त करने के बाद स्कूल वाहनों, अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस और शव वाहनों को ही नो इंट्री मार्ग पर आवागमन की अनुमति प्रदान की जाएगी। यातायात से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव के लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



**इन्वेस्टर्स समिट**

**कहीं भी जाम लगने की दशा में संबंधित क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

**लखनऊ में स्वच्छ वातावरण का आभास कराने के लिए नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए**

### योगी ने नोएडा सड़क हादसे पर जताया शोक

सीएम योगी ने ग्रेटर नोएडा में हुए सड़क हादसे में जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है और दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बादलपुर कोतवाली इलाके क्षेत्र के जीटी रोड स्थित हीरो मोटर्स कंपनी के सामने सड़क पार कर रहे कर्मचारियों को रोडवेज डिपो की बस ने टक्कर मार दी। जिसमें चार कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि तीन कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। योगी ने डीएम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## रक्षा मंत्री ने लक्ष्मण की प्रतिमा का किया अनावरण

### 50 लाख की लागत से तैयार हुई प्रतिमा, सीएम योगी भी रहे मौजूद

**लखनऊ।** जी-20 शिखर सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट से पहले गुरुवार को राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बाहर वीरवर लक्ष्मणजी की प्रतिमा का गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनावरण किया। इस दौरान सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ और सांसद कौशल किशोर और सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बाहर वीरवर लक्ष्मणजी की प्रतिमा को सोमवार को स्थापित कर दी गई थी। लखनऊ के एयरपोर्ट पर आए स्थापित होने वाली ग्वाल राम के अंदर लक्ष्मण की प्रतिमा 12 फीट ऊंची और 1200 किलो वजन की है। नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने ये प्रतिमा बनाई है। करीब 50 लाख की लागत में तैयार की गई। इस प्रतिमा कुछ जी-20 रोड के जीरो पॉइंट पर स्थापित किया जा रहा है। लखनऊ की पौराणिक पहचान को बेहद खूबसूरती से उकेरा गया है।



# 30 एकड़ जमीन और 5 हजार गाय मुफ्त

## गौवंश पालन का शौक रखने वालों के लिए योगी सरकार की नई योजना

**लखनऊ।** गौवंश पालन के लिए योगी सरकार लोगों को जमीन लीज पर और गाय मुफ्त में बांटेगी। पशुधन तथा दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को संभल में कहा कि अगर कोई उद्यमी गाय पालना चाहता है तो उसे सरकार की ओर से 30 एकड़ जमीन 40 साल के लिए लीज पर दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें पांच हजार गाय भी मुफ्त दी जाएंगी। इसके साथ ही सरकार किसानों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गाय का गोबर खरीदेगी। प्रभारी मंत्री ने गाय पालने के आध्यात्मिक लाभ भी गिनाए। कहा कि गाय के मूत्र में गंगा बसती हैं तो गोबर में लक्ष्मी जी का वास है, इसलिए गाय पालने से सुख तथा संपदा आती है।

संभल के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश के ही नहीं बल्कि विश्व भर से निवेशक बुलाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान बनी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलते पूरे देश में उत्तर प्रदेश का मान बढ़ा है। अब लोग प्रदेश में निवेश करने से नहीं डरते हैं, क्योंकि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी हो गई है। इस समय प्रदेश में रामराज्य है। पूरे प्रदेश में एयरपोर्ट बन रहे हैं तो लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। इस समय देश और प्रदेश में योगियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि हाल ही आया केंद्रीय बजट सर्वहितकारी है। इस बजट में सभी का हित रखा गया है। विश्व में ऐसा पहला देश भारत है जहां पर किसानों को पेंशन मिलती है। उन्होंने बैलेंटाइन डे को काऊ हग डे के रूप में मनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इस मौके पर गाय से गले मिलें और गौशालाओं में जाकर गायों को कुछ खिलाएं। 14 फरवरी को जहां भी गाय मिले तो उसे प्रणाम करें और गाय को कुछ अवश्य खिलाएं।



**गौवंश पालन**

**किसानों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गाय का गोबर खरीदेगी सरकार**

## अब लक्ष्मण पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया विवादित बयान

### कहा- वह कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे?

**लखनऊ।** रामचरितमानस पर सवाल उठाने के बाद अब पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने लखनऊ का नाम बदलकर लक्ष्मण पर किए जाने की मांग पर भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण पर विवादित बयान दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि लक्ष्मण कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह सब कपोल कल्पना करना और मुंगेरीलाल के सपने देखना है, जब भी कोई चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा के लोग इसी तरह बेलगाम होकर अनाप-शनाप मांग रखते हैं, झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश करते हैं। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, 'लखनऊ क्यों बुरा है, भाजपा के लोग भी कहते हैं कि यह लखनऊ गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र है, लखनऊ हमारी संस्कृति की विरासत है। उन आक्रमणकारियों से लक्ष्मण का क्या वास्ता, वह कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे। लक्ष्मण कहीं फ्रीडम फाइट में कहीं दिखाई पड़े थे क्या?' सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, 'लखनऊ का नाम बदलना है तो पासी समाज की महिला वीरांगना देवी के नाम पर क्यों नहीं रख देते हैं, लाखन पासी लखनऊ के राजा थे उनके नाम पर रख दे, नाम बदलना बच्चों के घरौंदे का खेल नहीं है।'





# बीएचयू के छात्र ने पीया कीटनाशक, हुई मौत

**दुखद**

**अस्पताल में इलाज भी काम नहीं आया छात्र के**

**अवसादग्रस्त था और उसका इलाज भी चल रहा था**

**वाराणसी।** बीएचयू एमएससी अंतिम वर्ष के छात्र आशीष कुमार नामदेव (26) ने विषाक्त पीकर जान दे दी। प्रॉक्टोरियल बोर्ड की सूचना पर लंका थाने की पुलिस ने गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आशीष डालमिया छात्रावास में रहता था। पुलिस जांच सामने आया कि वह अवसाद में था और उसका इलाज भी चल रहा था, उसके परिजनों ने इसकी पुष्टि भी की।

जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा जिले के झउरा सगरा गांव निवासी आशीष दो भाईयों के बाद तीसरे नंबर पर था। बीएचयू के रसायन विज्ञान विभाग में 2021 में एमएससी में दाखिला लिया था और हॉस्टल के कमरा नंबर 91 में रहता था। बुधवार की दोपहर आशीष अपने कमरे में बिस्तर पर अचेत पड़ा हुआ था और दरवाजा खुला हुआ था। आशीष के शरीर का रंग हरा प्रतीत हो रहा था। अनहोनी की आशंका में उसे सर सुंदर लाल अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर देख कर डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में शिफ्ट किया। उपचार के दौरान ही गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। अस्पताल के डॉक्टरों की माने तो गुरुवार सुबह उसकी स्थिति थोड़ी सुधरी थी, लेकिन तबीयत अचानक से बिगड़ी और शरीर के अंगों ने काम करना बंद कर दिया।

बीएचयू प्रशासन और लंका थाने की पुलिस के अनुसार जांच में यह



सामने आया है कि आशीष ने मार्च 2022 में कीटनाशक पदार्थ मंगवाया था। आशीष से छात्रों ने पूछा था कि कीटनाशक क्यों मंगवाए हो तो उसका कहना था कि घर ले जाना है। हालांकि वह कीटनाशक पदार्थ घर नहीं ले गया और हॉस्टल में अपने पास ही सहेज कर रखा था। वहीं, बीएचयू अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि छात्र ने जिस कीटनाशक पदार्थ का सेवन किया था वह बेहद ही घातक किस्म का होता है। कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर वह अपने कमरे में ही लेट गया था और समय से किसी को जानकारी नहीं हो सकी।

## धोखाधड़ी करने वाले की जमानत खारिज

**वाराणसी।** डीएलडब्लू में नौकरी लगाने के नाम पर पैसे लेकर गबन करने वाले आरोपी प्रहलादघाट निवासी आरोपित अनिल कुमार पांडेय की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश (भ्र.नि.अधि.) देवकांत शुक्ला की अदालत ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित मौर्या ने किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी राजेश कुमार ने अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट को शिकायत पत्र दिया था। आरोप था कि उसने अपने बड़े लड़के के नौकरी के लिए 20 मई 2015 में अपने पहचान के अनिल कुमार पांडेय से मोबाइल पर बात किया तो उसने डीएलडब्लू में नौकरी लगवाने में पांच लाख रुपये खर्च आना कहा और तीन लाख रुपये तत्काल देने एवं दो लाख रुपये नौकरी के बाद लगने की बात कही। 2 मार्च 2016 को प्रार्थी का स्कूटी घर से उठा ले गया। प्रार्थी के पुत्र की नौकरी जब सन 12019 तक नहीं लगी तो 25 सितंबर 2021 को समय करीब नौ बजे रात्रि में प्रार्थी ने अपने रुपए व स्कूटी की मांग किया तो अनिल कुमार पांडेय ने देने से इंकार कर दिया और थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# तृतीय पक्षकार हिन्दुओं को बनाने का आवेदन स्वीकार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पाण्डेय की अदालत ने ज्ञानवापी में उर्स करने, अदृश्य मजार पर चादर चढ़ाने की अनुमति देने संबंधी मोख्तार अहमद के वाद में तृतीय पक्षकार हिन्दुओं को बनाने का आवेदन स्वीकार कर लिया है। अदालत ने वादी मुस्लिम पक्ष को हिंदू आवेदको को पक्षकार बनाने की प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही वाद पर आपत्ति के लिए 28 फरवरी की तिथि नियत कर दी। अदालत ने कहा कि तृतीय पक्षकार हिन्दूओं कि तरफ से वादग्रस्त सम्पत्ति को भगवान आदि विश्वेश्वर की सम्पत्ति होना बताया गया है तथा स्वयं को भगवान आदि विश्वेश्वर का अनुयायी व पूजक होने के आधार पर अपने हितों की रक्षा के लिए वाद में पक्षकार बनाने की याचना की गई है।

अदालत ने कहा कि समस्त तथ्यों के आधार पर यह प्रकट होता है कि वादग्रस्त सम्पत्ति पर मुस्लिम तथा हिन्दुओं दोनों ही समुदायों द्वारा अपना हक व अधिकार निहित होना बताया जा रहा है, ऐसे में हिन्दू पक्ष के व्यक्ति भी इस वाद के निस्तारण के लिए आवश्यक पक्षकार है। ऐसे में न्यायालय के निष्कर्ष में बिना हिंदू पक्ष के किसी व्यक्ति को बतौर पक्षकार बनाये इस वाद का सम्यक निस्तारण सम्भव नहीं है।

अदालत ने रामकुमार जायसवाल, रंजना अग्निहोत्री, आशीष तिवारी व पवन कुमार कि तरफ से दिए गए दो आवेदनों को पक्षकार बनने के लिए स्वीकार कर लिया जबकि रमेश उपाध्याय, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, प्रतिश अग्रहरी व रमेश उपाध्याय, सुनीता श्रीवास्तव, संजय कुमार, महंत गोविन्द दास शास्त्री की तरफ से पक्षकार बनने के लिए दिए गए 6 आवेदनों को निरस्त कर दिया।

## संक्षेप

### इलाके को लेकर किन्नरों में ठनी, थानाध्यक्ष ने समझाया

**वाराणसी।** आपसी विवाद और अधिकार क्षेत्र को लेकर गुरुवार को किन्नरों ने चेतगंज थाने पर पहुंच गये। थाना परिसर के अंदर एक दूसरे पर अधिकार क्षेत्र में दखल देने का आरोप लगाया। दो घंटे तक चली किचकिच के बाद किसी तरह थानाध्यक्ष के समझाने और भरोसा देने के बाद किन्नरों को दो गुट वापस अपने घर को लौटा। किन्नरों इस बात को लेकर आपास में भीड़ गये थे कि उनके अधिकार क्षेत्र में दखल किन्नर के दूसरे गुट ने दिया। जबकि उस क्षेत्र में नेग का अधिकार उनका है वहीं दूसरा पक्ष अपने अधिकार क्षेत्र में नेग लेने की बात कह रहा था। थाने पर एक दर्जन की संख्या में जुटे किन्नरों के प्रदर्शन को देखने के लिए भीड़ का जुटान होने लगा हालांकि पुलिस की सख्ती से वहां से सभी को हटाया गया।

### पार्क में अधेड़ ने लगायी फांसी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के शिवाला स्थित रत्नाकर पार्क में गुरुवार तड़के जरीफ (67) ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह पार्क में टहलने के लिए आए लोगों ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। इंस्पेक्टर भेलूपुर रामकांत दुबे ने बताया कि अधेड़ के पास से आधारकार्ड मिला है। जिसमे उसका नाम जरीफ निवासी चुर्क सोनभद्र है। अधेड़ मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पार्क में नायलॉन की रस्सी से पेड़ के सहारे फंदा बनाकर लटक गया। जिसके वजह से पेड़ की टहनी भी टूटी मिली है।

### लॉ के विद्यार्थी 21 दिन में जानेंगे अदालती शिक्षा

**वाराणसी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एलएलबी विद्यार्थियों के लिए इंर्टनशीप का शुभारंभ दीवानी न्यायालय परिसर के मनोरंजन हाल में जिला न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने दीप जलाकर किया। न्यायाधीश विश्वेश ने कहा कि विधिक सेवा प्रधिकरण का यह प्रयास सराहनीय है इसका लाभ भावी अधिवक्ताओं को मिलेगा। जिला सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद गिरि ने बताया कि विधि के विद्यार्थियों को अभी तक जिले में इस तरह की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में उन्हें अब इस प्रशिक्षण के माध्यम से अदालतों का व्यवहारिक जानकरी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को 21 दिन तक का प्रशिक्षण मिलेगा जिसमें 15 दिन फील्ड की जानकारी और बचे दिन में ( अदालती प्रकिया )की जानकारी दी जायेगी। पहले दिन के प्रशिक्षण में 50 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया।

### दहेज प्रताड़ना के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने व उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के मामले में पति को राहत मिल गई। जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बेनीपुर सारनाथ निवासी दीपक सिंह को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी व अर्पित जायसवाल ने पक्ष रखा।

### कोर्ट में पेश न होने पर वारंटी गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव से बुधवार की सुबह पाक्सो एक्ट के मामले में कोर्ट में हाजिर न होने पर एनबीडब्ल्यू रहे वारंटी को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट भेज दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मुखबिर पर उसे घर से दबोचा गया। आरोपी की पहचान शिवम बिंद के तौर पर हुई।

### बैंक चोरी में शामिल दो की होगी कुर्की

**सारनाथ।** आशापुर स्थित सेंट्रल बैंक में चोरी के मामले में शामिल दो अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। इसकी जानकारी गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक सारनाथ धर्मपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आशापुर स्थित सेंट्रल बैंक में 28 जनवरी 2022 को चोरी का प्रयास हुआ था। इस प्रकरण में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस प्रकरण में शामिल दो अभियुक्त उत्तर पियारपुर, थाना-राधानगर, साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी सत्तारशेख व मजम्मिल शेख वांछित हैं। दोनों अभियुक्त हाजिर नहीं हुए हैं। उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

### कोरियाई तीर्थयात्री सारनाथ आएंगे

**वाराणसी।** दक्षिण कोरिया के 108 बौद्ध तीर्थयात्री सांगवोल सोसाइटी ऑफ साउथ कोरिया की ओर से आयोजित पैदल यात्रा के तहत सारनाथ आएंगे। वह यूपी एवं बिहार के बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा करते हुए नेपाल जाएंगे। बीते नौ फरवरी से जारी 11 सौ किमी की यह यात्रा आगामी 23 मार्च को समाप्त होगी। भारत और दक्षिण कोरिया आपसी राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूर्ण होने पर मनाए जा रहे उत्सव के क्रम में तीर्थयात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग को बढ़ाना है।

# जनसूचना में जानकारी न देने पर बीडीओ लखनऊ तलब

जनसंदेश न्यूज

**नोटिस**

**जन सूचना का अधिकार के तहत खंड विकास अधिकारी काशी विद्यापीठ से मांगा था विकास कार्यों का ब्योरा लेकिन नहीं मिला**

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगा गया ब्योरा उपलब्ध न कराने पर खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह नो राज्य सूचना आयोग ने तलब किया है। आयोग ने नोटिस जारी कर 13 फरवरी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

विकास खंड के शिवदासपुर निवासी जयराम पांडेय ने बीते साल 18 मई को क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान ब्लॉक में कराये गए कार्यों का विवरण जन सूचना का अधिकार के अंतर्गत मांगा था। प्रकरण में श्री पांडेय ने संबंधित विवरण में मदवार आय-व्यय समेत कराये गए कार्यों, फर्मों, कार्य प्रभारियों और वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने वाले अफसरों के पदनाम सहित जानकारी चाही थी। लेकिन विकास खंड के जनसूचना अधिकारी की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इस पर श्री पांडेय ने गत वर्ष सात सितंबर को राज्य सूचना आयुक्त लखनऊ में अपील दायर की।

अब राज्य सूचना आयोग ने ब्लॉक के जनसूचना अधिकारी एवं बीडीओ और श्री पांडेय को अपना-अपना पक्ष पेश करने और स्पष्टीकरण के लिए 13 फरवरी को लखनऊ पेश होने का आदेश दिया है।

# फरियादियों की शिकायतों का फॉलोअप जरूरी : सीपी

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** पुलिस कमिश्नर (सीपी) मुथा अशोक जैन ने गुरुवार को फूलपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी को चेताया कि फरियादियों की शिकायतों का फॉलोअप लेना जरूरी है। उन्होंने अपराध रजिस्टर के अलावा महिला हेल्प डेस्क और लंबित मामलों की पूछताछ की।

निरीक्षण के दौरान रजिस्टर अपडेट नहीं पाये पर सुधार लाने को कहा। महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, बैरक, मेस की गुणवत्ता जांची। फरियादियों से निरंतर फीडबैक लेने के साथ सरल व्यवहार से पेश आने को कहा। मालखानों में जमा सामान के निस्तारण का आदेश दिया। फूलपुर बाजार में नवनिर्मित नाले का पानी आदर्श बैरक के सामने बहने पर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई करने को कहा। साफ सुथरा रखने के लिए कहा।



औचक निरीक्षण के दौरान थाने में बीट रजिस्टर देखते सीपी

### डीसीपी ने चौकी प्रभारियों संग की बैठक

**वाराणसी।** राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के बाबत गुरुवार को डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने चौकी प्रभारियों संग सुरक्षा बैठक की। इस दौरान पुलिसकर्मियों को तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। वहीं दूसरी तरफ महाशिवरात्रि और आगामी त्योहार होली को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा गया। साइबर क्राइम, लंबित मामलों के निस्तारण औ आइजीआरएस पर आयीं शिकायतों का निस्तारण के लिए कहा गया।

# पोल्ट्रीफॉर्म में लगी आग, चूजों को बचाने में मालिक झुलसा

**अगलगी**

**1200 चूजे और 800 मुर्गे समेत 70 हजार नकदी जलकर राख**

**पिंडरा/बाबतपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबतपुर एयरपोर्ट से सटा रघुनाथपुर गांव में बुधवार की देर रात आग लग जाने से पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से 1200 चुजे और करीब 800 मुर्गा जलकर राख हो गया।

मालिक को हजारों का हुआ नुकसान हो गया। चुजों के आहार भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मौके पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। रघुनाथपुर निवासी रामनिरंजन पटेल लगभग एक वर्ष पहले पोल्ट्री फॉर्म बनवाकर मुर्गी पालन व बकरी पालन क ।



आग से झुलसा पोल्टी फॉर्म

व्यवसाय कर रहे थे। बुधवार रात पोल्ट्री फार्म मे आग लग गयी। रामनिरंजन की माने तो करीब ढाई से तीन बजे के बीच आग लगी। मुर्गी और मुर्गे की चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर निकला तो देखा कि आग की लपट उठ रही है। आग बुझाने का पूरे परिवार ने प्रयास किया, लेकिन सब खत्म हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि पोल्ट्री फार्म मे आग कैसे लगी इसकी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। आग की चपेट में आने से 1200 चूजे और करीब 800 मुर्गे जलकर राख हो गये वहीं लड़के की शादी के लिए लड़की देखने जाना था ऐसे में वह 70 हजार रुपये भी वहीं रखा था वो भी जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से आंशिक रूप से भुक्तभोगी भी झुलस गया।

## एसीजेएम प्रथम की कोर्ट ही करेगी नेताओं की बयानबाजी की सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी प्रकरण के मामला एसीजेएम प्रथम उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ही सुनवाई करेगी। ये आदेश सीजेएम अश्वनी कुमार की अदालत ने वादी के स्थानातारण सबंधित अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। पिछले तिथि पर एमपी एमएलए /एसीजेएम पंचम के पीठासीन अधिकारी ने बहस सुन कर आदेश के लिए 14 फरवरी की तिथि नियत की थी। उसके बाद कार्य क्षेत्र में परिवर्तन होने के कारण एमपी एमएलए कोर्ट रिक्त हो गई है। उक्त अदालत के पीठासीन अधिकारी एसीजेएम प्रथम के मजिस्ट्रेट हो गए है। हालांकि एमपी एमएलए की कोर्ट के पीठासीन अधिकारी उजाज्वल उपाध्याय ही नियुक्त हुए है। पिछले दिनों वादी हरिशंकर पांडेय और उनके अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह सीजेएम कोर्ट में अर्जी देकर लंबित मुकदमे के ट्रांसफर करने की मांग की गई है।

# 12 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक



पुलिसकर्मियों को दिया गया पदक

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** गृह मंत्रालय की तरफ से उत्कृष्ट व अति उत्कृष्ट सेवा के लिए 12 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। गुरुवार को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अमित कुमार ने बताया कि अपराध शाखा के उपनिरीक्षक बब्बन सिंह को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, मुख्य आरक्षी विनय सिंह को अति उत्कृष्ट सेवा पदक मिला जबकि उपेंद्र कुमार सिंह, दिवान सुहैल खां, योगेश चंद्र पांडेय, बलराम सिंह चंदेल, विजय शंकर, ब्रह्मदेव, विवकेमणि त्रिपाठी, देवेंद्र प्रताप यादव, धीरज सिंह और अर्जुन कुमार को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

**न्यायालय सिविल जज जू0 डि0 गाजीपुर**
**प्रर्कीण उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र सं0-74/70 सन् 2022**
**1. माधुरी देवी उम्र लगभग 42 वर्ष पत्नी स्व0 गौतम राम, निवासी-बिन्दपुरवा हुसेनपुर, परगना+तह0-सदर, जिला-गाजीपुर**
**आवेदिका**
**बनाम**
1. आकाश दीप बलवन्त उम्र लगभग 22 वर्ष
2. राज दीप बलवन्त उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्रगण-स्व0 गौतम राम
3. अविनाश दीप बलवन्त उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र स्व0 गौतम राम नाबालिक माता हकीकी संरक्षिका माधुरी देवी निवासीगण-बिन्दपुरवा, हुसेनपुर, परगना+तह0-सदर, जिला-गाजीपुर। मृतक गौतम राम पुत्र स्व0 सुमेरराम निवासी-बिन्दपुरवा, हुसेनपुर, परगना+तह0-सदर, जिला-गाजीपुर मृत्यु दिनांक 18.10.2021 भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय गाजीपुर पालिसी संख्या-281792027 स्व0 गौतम राम मु0-113450 रुपया + ब्याज।
हरगाह ने दरख्वास्त गुजारी है कि आपको इत्तेला दी जाती है कि आप दिनांक 22 माह 03 सन् 2023 ई0 व वक्त 10 बजे दिन खुद या वकील द्वारा दी गई तारीख को हाजिर होकर वजह दिखाये यदि ऐसा न करेगें तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एक तरफा समायत होगी।
दिनांक 09 माह02 सन् 2023 ई0
**न्यायालय सिविल जज जू0डि0 गाजीपुर**

**न्यायालय सिविल जज (सी डी) गाजीपुर**
**मूल वाद सं0 374 सन् 2019**
**1- अंजू देवी पत्नी चंद्रभान शुक्ला निवासी खरगपुर (वरियारपार) पोस्ट-तिलसडा जनपद-गाजीपुर।**
**2- प्रशांत शुक्ला पूत्र चन्द्रमान शुक्ला**
**बनाम**
1-कैलाश
2-राजेन्द्र पुत्रगण देवमन
3- विजय शंकर पुत्र स्व श्यामाचरन
समस्त निवासी गण ग्राम खरगपुर (वरियारपार) पोस्ट-तिलसड़ा, जिला-गाजीपुर।
4-गाँव वरियारपार (खरगपुर) वजरिये ग्राम प्रधान।
5-उ0 प्र0 सरकार।
वादिनी अंजू देवी द्वारा अपने लापता पति चन्द्रभान पुत्र श्यामाचरन निवासी ग्राम खरगपुर वरियारपार, पोस्ट-तिलसड़ा, जिला-गाजीपुर जो सन् 2001 से लापता है के सिविल मृत्यु / व्यवहारि मृत्यु की उद्घोषणा हेतु वाद संस्थित किया है।
अत: सर्वसाधारणको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त लापता चन्द्रभान शुक्ला पुत्र श्यामाचरन के जीवित होने या देखे जाने की सूचना हो तो दि0 24.4.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे।
**आज्ञा से - मुंसरिम सिविल जज (सी डी) गाजीपुर।**

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**
मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1822181 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। भानु प्रताप पुत्र झगडू सोनकर, पता-सरैया, पोस्ट-कुटीर चक्के, जौनपुर।
मेरा शास्त्री वर्ष 1981 अनुक्रमांक 10527 का माइग्रेशन खो गया है। कर्मवीर सिंह रांगी पुत्र श्री रघुबीर सिंह रांगी, निवासी-365, विद्यापीठपुरम, बदांयू।
**आवश्यकता**
**आवश्यकता है**-आशा महाविद्यालय, धिरजीजोत सिखड़ी गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अर्थशास्त्र-1, उर्दू-1, व स्नातक स्तर पर (बी0सी0ए0) पाठ्यक्रम में-6 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र-3, अंग्रेजी-2, संगीत(गायन)-3, राजनीतिशास्त्र-2, मनोविज्ञान-3, संस्कृत-2, सैन्य विज्ञान-3 व प्राचीन इतिहास-2 विषयों में प्रवक्ताओं के अनुमोदन हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ.प्र. शासन, यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो.न.-8572910025

# गद्दे के गोदाम में लगी आग, दमकल ने बुझाई



**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली पुलिस चौकी के समीप गुरुवार को गद्दे के गोदाम में आग लग गई, आग लगने से आसपास के भवन में रहने वाले लोगों को भी खतरा महसूस होने लगा। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही समय में दमकल कर्मी वहां पहुंच गये और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मड़ौली चौकी के बगल में महाराजगंज निवासी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने अपना गोदाम प्रीतम कुमार निवासी अंधरापुल थाना सिगरा को फोम व गद्दे रखने के लिए किराये पर गोदाम दिया था। प्रीतम कुमार ने बताया कि यह गोदाम खाली कर शुक्रवार को सारा माल दूसरी जगह गोदाम में शिफ्ट होने वाला था तभी गुरुवार की शाम को गोदाम में आग लग गई ।

# सरकारी भवनों पर हो रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का प्रबंध

**मीटिंग**

**सीडीओ ने की अतिदोहित श्रेणी के तीन विकास खंडों के बारे में बैठक**

**शहर में किराए के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की भी हुई समीक्षा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विकास भवन सभागार में गुरुवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक की। इस मौके पर डार्क जोन व क्रिटिकल श्रेणी में शामिल आराजी लाइन, हरहुआ एवं पिंडरा ब्लॉकों के भूजल रिचार्ज एवं वॉटर स्टोरेज पर चर्चा हुई। उन्होंने आराजी लाइन और हरहुआ के सरकारी भवनों पर भूजल निधि से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी की कार्य प्रणाली पर रोष व्यक्त किया।

भूमि संरक्षण अधिकारी एवं लघु सिंचाई विभाग को अतिदोहित विकास



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठकें की

खंडों के चेक डैम तथा तालाबों के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। इसी क्रम में श्री नागपाल ने शहरी इलाके में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए किराए के भवन लेने के बारे में सीडीपीओ एवं मुख्य सेविका को आवश्यक निर्देश दिये। महकमे के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उन्हें बताया कि नगर में संचालित कुल 991 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 57 सेंटर सरकारी भवनों में हैं। 105 आंगनबाड़ी केंद्रों का पूर्व में किराया स्वीकृत है। शेष 829 सेंटर के लिए भवन किराए पर लिये जा रहे हैं। अब तक 590 केंद्रों के लिए भाड़े के भवन के प्रस्ताव मिले हैं। सीडीओ ने सेक्टरवार समीक्षा कर अवशेष 239 सेंटर के लिए सात दिन में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**
पत्रांक स्था 103/न0पा0प0गो0/ दिनांक 04.02.2023
**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व0 रामनाथ गुप्ता ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.02.2023 द्वारा भवन संख्या-91 मोहल्ला पश्चिम मोहाल वार्ड नं0-09 में स्थित मकान पर अंकित श्री रामनाथ पुत्र स्व0 विश्वनाथ के वरासत के आधार पर श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व0 रामनाथ व संतोष, बिजय, अजय कुमार, राजेश कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 रामनाथ गुप्ता का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी**
**नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना**
इस कार्यालय के पत्र संख्या-1117/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 09.02.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत वाराणसी-रेनूकोट-शक्तिनगर मार्ग पर यात्री प्लाजा (अप एण्ड डाउन) का अनुबंध 02 बीड प्राणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 21.02.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है, एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उ0 प्र0 परिवहन निगम, वाराणसी, कैण्ट से भी किसी भी कार्यालय दिवस में जानकारी ली जा सकती है।
**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**वाराणसी**
पत्रांक: 1116/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 09.02.2023


CATJEE RESULTS
JEE MAIN (JAN.) 2023
LEADERSHIP 27 YEARS
VAIBHAV PRAKASH
Percentile: 99.8372675
Foundation Batch
Sunbeam School Varuna, Varanasi
CATJEE Regular Classes
Roll. No. 230310497115 I DOB: 06.01.2005
I am deeply thankful to the teachers of CATJEE who provided me with the best of academic care. There were times when I felt low but the motivation provided by the teachers helped me to push my boundaries. The intensive practice questions given in the CATJEE study material helped me reach close to the exam pattern. The online testing platform with questions which were so close to actual exam made me exam ready. I am still working and plan to improve my performance in the April session of the exam.
JAY MANGAL PANDEY Percentile: 99.7250394 Maa Bharti Sr. Sec. School, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
SUNNY KUMAR Percentile: 99.6760181 Online+Distance Learning Program: CATJEE Online Classes
KAJAL Percentile: 99.5250729 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
ARAV KUMAR YADAV Percentile: 99.4821941 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
ANSHIKA RAJ YADAV Percentile: 99.4421118 Central Hindu Girls School, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
PRIYANSH KESHARI Percentile: 99.3984314 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
PRANJAL GUPTA Percentile: 99.3853401 Online+Distance Learning Program: CATJEE Online Classes
SIDDHARTH SINGH Percentile: 99.3777924 Sanshiksha Academy, Raebareli Program: CATJEE Regular Classes
HARSHIT CHAUDHARY Percentile: 99.2366685 Online+Distance Learning Program: CATJEE Online Classes
ANUSHREE GUPTA Percentile: 99.2238913 APS School Program: CATJEE Regular Classes
AYUSH UPADHYAY Percentile: 98.9497784 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
ADITYA CHATURVEDI Percentile: 98.9288525 A N College, Patna Program: CATJEE Regular Classes
RISHU RANJAN Percentile: 98.8400561 BPS School, Gaya Program: CATJEE Regular Classes
ABHINANDAN SAHU Percentile: 98.7331290 St. Mary, Samastipur Program: CATJEE Regular Classes
NAYANIMA JAISWAL Percentile: 98.6915490 Sunbeam Lahartara, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
SHUBHAM SINGH Percentile: 98.5636234 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
VATSALYA SINGH Percentile: 98.5166391 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
KUMAR SARTHAK PRATIK Percentile: 98.3745854 Online+Distance Learning Program: CATJEE Online Classes
TANISH BOSE Percentile: 98.3626564 Online+Distance Learning Program: CATJEE Online Classes
TAMANNA KAPOOR Percentile: 98.1902121 Sunbeam Lahartara, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
RATAN YADAV Percentile: 98.1476370 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
TAPASH JAISWAL Percentile: 98.0863293 Little Flower House, Varanasi Program: CATJEE Regular Classes
Batch Starting Dates
FOUNDATION Batch For 11th & 12th (JEE/NEET) 29th Mar., 2023
TARGET Batch For 12th Passed (JEE/NEET) 17th May, 2023
PRE-FOUNDATION Batch For 9th & 10th (NTSE/OLYMPIADS) 22nd Mar., 2023
Distance Learning Program
CATJEE ONLINE CLASSES
For more information visit online.catjee.in
CATJEE Online Felicitation
CATJEE was felicitated by the Deputy Chief Minister of Uttar Pradesh, Shri Brajesh Pathak Ji for out-standing work in the field of online education and distance learning. Catjee got special mention for reaching out to so many states of India in covid times with CATJEE Online Classes & Distance Learning Program!
Mr. S.K. Agrawal Director, CATJEE
Shri Brajesh Pathak Dep. C.M. Uttar Pradesh
NATIONAL ENQUIRY OFFICE
Raman Niwas, Mahmoorganj, Varanasi - 221 010.
CALL NOW 72401 11999
follow us for latest updates @catjeevns or visit us at: www.catjee.in
9th & 10th PRE-FOUNDATION
11th, 12th FOUNDATION
JEE Main TARGET
JEE Advanced TARGET
NEET TARGET & FOUNDATION
CATJEE Better Education Through Research

## संक्षेप

### छात्रों ने कॉलेज प्रशासन का किया पिंडदान



वाराणसी। हरिश्चंद्र महाविद्यालय के प्रांगण में छात्रों द्वारा चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर छात्रों द्वारा गुरुवार को भी विरोध प्रदर्शन किया गया। 11 वें दिन महाविद्यालय परिसर में कॉलेज प्रशासन के सद्बुद्धि प्रदान की कामना को लेकर पिंडदान किया गया। छात्रों ने मिलकर हर हर महादेव के उद्घोष के साथ पिंडदान कर ओम शांति शांति के साथ तत्काल चुनाव कराने की घोषणा की मांग की। कहा कि अगर चुनाव की तिथि निर्धारित नहीं की गई तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान शिवम पटेल, आनंद मौर्या, राहुल सिंह, रवि गुप्ता, मोनू कुमार के साथ अन्य छात्र मौजूद रहे।

### दो गाड़ी सामान जब्त कर, वसूला 63 हजार जुर्माना



वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल ने गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया, अभियान में दो गाड़ी सामान जब्त कर 63,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के तहत गोल गड्डा से चौका घाट तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाते हुए घोषणा कर तमाम दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया, अवैध गुमटी, काउंटर हटवा कर जब्त कर लिया गया, साथ ही अवैध दीवार, चबूतरा, टिन शेड झुग्गी इत्यादि का निगम खुलवा कर ध्वस्त करवाकर जुर्माना भी किया गया। अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। वहीं, सरैयां क्षेत्र से प्राप्त शिकायत को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंच स्थानीय सभासद के सामने ही घोषणा कर अवैध रूप से लगाए गए गुमटी मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान जोनल अधिकारी दशाश्वमेध जोन संजय कुमार तिवारी के साथ मदनपुरा इलाके में गृहकर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 3,00,000 रुपये गृह कर वसूला गया।

### काशी विद्यापीठ में जी-20 छात्र प्रशिक्षण का आयोजन



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ स्थित सभागार में गुरुवार को जी-20 छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी व मुख्य वक्ता राम पूजन पांडेय का स्वागत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. पारिजात सौरभ द्वारा अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। विशिष्ट वक्ता प्रो. अनूप मिश्रा ने जी-20 के उद्देश्यों व महत्व के बारे में व काशी में होने वाले जी-20 कार्यक्रम के बारे में, जी-20 का जीडीपी में उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. सिद्धार्थ सिंह और विशिष्ट वक्ता प्रो. अनूप मिश्रा ने जी-20 पर अपनी बात कही। संचालन परीक्षा नियंत्रक प्रो. बंशीधर पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार ने किया।

### 1008 कन्यादान महायज्ञ का शुभारम्भ

वाराणसी। गड़ौली धाम (काशी क्षेत्र) में 12 फरवरी को होने वाले 1008 कन्यादान महायज्ञ (सामूहिक विवाह) की तैयारियां अंतिम दौर में है। एक ओर जहां गुरुवार को खेल महोत्सव के दूसरे दिन खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्वान्ह 11 बजे भाजपा काशी क्षेत्र के मंत्री आशीष सिंह बघेल ने किया। वहीं दूसरी ओर वो एस बालकृष्णन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा की उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ माड़ो, मटमंगरा और हल्दी रस्म से हुआ। सायंकाल खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ खो-खो खेल प्रतियोगिता में भदोही की टीम जीती।

### विश्व कल्याणार्थ बाबा कालभैरव का श्रृंगार



वाराणसी। काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का गुरुवार को विश्व कल्याणार्थ भव्य श्रृंगार किया गया। अपराह्न में बाबा का नवीन परिधान धारण करा कर उन्हें विविध प्रकार के नैवेद्य अर्पित किये गये। बाबा की आरती महंत शिव प्रसाद पांडेय ने की। इसके साथ ही बाबा का दर्शन-पूजन प्रारंभ हो गया। बाबा के भव्य श्रृंगार का दर्शन करने के लिए मंदिर से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। मंदिर में दर्शन पूजन का सिलसिला सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा। रात्रि में बाबा की महाआरती की गई। इस मौके पर अविनाश पांडेय, अवशेष पांडेय आदि मौजूद थे।

### गायन में काशी की जयन्तिका डे, आद्या मुखर्जी को गोल्ड मेडल



वाराणसी। प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज की ओर से पिछले सात दशकों से अनवरत आयोजित अत्यंत प्रतिष्ठापरक प्रतियोगिता में शिल्पायन ने अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें विशिष्ट वर्ग (खयाल व ठुमरी गायन) में प्रथम पुरस्कार- जयन्तिका डे व द्वितीय पुरस्कार- आद्या मुखर्जी को प्राप्त हुआ। उन्हें दस हजार नगद व गोल्ड मेडल दिया गया। जबकि सामान्य वर्ग में खयाल गायन व भजन गायन में प्रथम पुरस्कार- रूपम बसाक को दिया गया। भेलूपुर स्थित शिल्पायन के सभाकक्ष में आयोजित सभा में सभी पुरस्कृत संगीत विद्यार्थियों को संस्था के प्रतिष्ठाता पं देवाशीष डे, संचालिका डा रागिनी सरना व नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी महेन्द्र केशरी बनर्जी ने उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

### चौकाघाट उपकेंद्र से आज दो घंटे कटेगी बिजली

वाराणसी। 33/11 केवी चौकाघाट उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य के लिए 10 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान नाटी इमली, संजय गांधी नगर, तेलियाबाग, मलदहिया, जगतगंज, ढेलवरिया, बड़ी बाजार, सम्पूर्णानंद, रमाकांत नगर और आसपास क्षेत्रों की बिजली करीब दो घंटे तक बाधित रहेगी। नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता ने प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की जनता से बिजली कटौती के पूर्व आवश्यक कामकाज निपटाने का अनुरोध किया है।

### मालवीय शांति शोध केंद्र का रजत जयंती समारोह आज

वाराणसी। मालवीय शांति शोध केंद्र-बीएचयू का रजत जयंती समारोह 10 फरवरी को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे से केएन उडुप्पा सभागार में आयोजित किया गया है। इस दौरान आयोजित 'शांति शिक्षा तथा सामाजिक परिवर्तन' विषयक संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति एवं प्रख्यात विद्वान पद्म विभूषण डॉ. कर्ण सिंह मुख्य अतिथि तथा इंस्टीट्यूट ऑफ फोरिन पॉलिसी स्टडीज कलकत्ता विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो समीर कुमार दास विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से

वाराणसी। वैदिक विज्ञान केंद्र-बीएचयू की तरफ से 'वैदिक न्यायशास्त्र और समकालीन विश्व पर इसके प्रभाव' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 11 फरवरी से किया गया है। इसमें देश-विदेश के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विद्वान, विचारक एवं विधिवेत्ता व्याख्यान देंगे। केंद्र के समन्वयक डॉ. उपेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, 11 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश डॉ. बीएस चौहान एवं सद्गुरु माधव प्रियदास स्वामी संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे।

### नवनियुक्त प्रभारी व सहायक जनसूचना अधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में गुरुवार को धर्म दर्शन विभाग के आचार्य हरिप्रसाद अधिकारी व व्याकरण विभाग सहायक आचार्य डॉ. नीतिन आर्य ने प्रभारी व सहायक जनसूचना अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। जनसूचना के कार्यों को गति देने एवं सुचिता पूर्ण कार्य करने की दृष्टि से कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी के द्वारा प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी एवं डॉ. नीतिन कुमार आर्य को प्रभारी जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी बनाया गया है। इन दोनों विद्वानों के द्वारा जनसूचना संबंधित कार्य को विधिक रूप से चलाया जायेगा।

# निजी औद्योगिक पार्क को बढ़ावा देगी सरकार

जनसंदेश न्यूज

**सुनहरा अवसर**

**जिले के बड़े काश्तकारों के लिए बेहतर मौका, कर सकते हैं पहल**

**औद्योगिक पार्क के लिए 10 हेक्टेयर से अधिक जमीन की आवश्यकता**

वाराणसी। प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत अब प्रदेश के समस्त जिलों के बड़े काश्तकारों को निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने की छूट दी है। इसके तहत बड़े काश्तकार अपने निजी भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित कर सकते हैं। यह कवायद उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक औद्योगिक निवेश लाने के लिए सरकार ने शुरू किया है।

उद्योग विभाग के सूत्रों की मानें तो जिन काश्तकारों के पास 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि होगी, वह अपनी जमीन पर निजी औद्योगिक पार्क विकसित कर सकते हैं। इसके लिए काश्तकारों को जिला उद्योग केंद्र से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद लेआउट बनाने, नक्शा पास कराने समेत अन्य कार्य सरकारी मापदंड के अनुरूप कराया जाएगा। प्रदेश सरकार से यह छूट मिलते ही जिले के कई बड़े काश्तकारों ने जिला उद्योग केंद्र कार्यालय से सम्पर्क भी किया है। दरअसल इसमें सरकार को भी काफी फायदा है।

उद्योग विभाग के सूत्रों की मानें तो अभी तक कहीं भी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए सरकार को भूमि का अधिग्रहण करना होता था। इसके लिए सरकार को जहां काफी धन खर्च करना पड़ता है। वहीं, भूमि अधिग्रहण के दौरान तमाम तरह की अड़चनें और मुआवजे को लेकर लोगों का विरोध भी झेलना पड़ता है। सरकार की इस योजना से इन अड़चनों के पैदा होने की नौबत ही नहीं आएगी और आराम से औद्योगिक पार्क के लिए जमीन मिलने के साथ ही निवेश और रोजगार का एक अच्छा अवसर भी मिल सकेगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह ने बताया कि 10 हेक्टेयर से अधिक की भूमि वाले कोई भी काश्तकार निजी औद्योगिक पार्क विकसित कर सकते हैं। इसके लिए शर्त है कि जमीन पुश्तैनी होने के साथ खसरा-खतौनी में अपडेट होनी चाहिए। निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आवेदन के बाद उद्योग विभाग के अधिकारी उक्त जमीन का निरीक्षण और परीक्षण करेंगे।

## दिव्यांगों की समस्याओं का निदान करेंगी स्थायी समिति

वाराणसी। बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों व कार्यरत दिव्यांगजन शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित कराने की दिशा में स्थायी समिति का गठन किया है। अर्थशास्त्र विभाग-सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रो. मृत्युंजय मिश्रा समिति के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा, प्रो. ए. गंगाधरन (इतिहास विभाग-सामाजिक विज्ञान संकाय), डॉ. सीमा तिवारी (महिला महाविद्यालय) तथा डॉ. योगेन्द्र पाण्डेय (शिक्षा विभाग) समिति के सदस्य होंगे। यह समिति विश्वविद्यालय में दिव्यांगों की समस्याओं व विषयों पर विचार करेगी तथा उनके समाधान की दिशा में अपनी अनुशंसाएं देगी। समिति की कोशिश होगी कि विश्वविद्यालय में कार्य अथवा अध्ययन के दौरान दिव्यांगजनों को किसी तरह की चुनौतियां पेश न आएं औरी उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान निकाला जा सके।

## वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग व निर्माण को कराया ध्वस्त

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को आठ बीघा अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही हुई।



नगवां वार्ड के अंतर्गत रमेश, कल्लू व दिलीप कालोनाइजर द्वारा ग्राम औढ़े, थाना-रोहनिया के अंतर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। जिसे प्रवर्तन टीम व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभानु व अवर अभियंता जेपी गुप्ता मौजूद रहे। वहीं वार्ड सिकरौल में मीना श्रीवास्तव द्वारा शिव नगर कालोनी, लालपुर आवासीय योजना, प्रथम चरण में अनाधिकृत निर्माण कराये जाने पर नोटिस की कार्यवाही करते हुये 06.12.22 को जी +1 तल के निर्मित भवन के विरूद्ध ध्वस्तीकरण पारित किया गया था। जिसमें पक्ष को 30 दिनों का निर्माण हटाने के लिए समय दिया गया था। पक्ष को प्रश्नगत अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त करने के लिए समुचित समय दिया गया, पक्ष द्वारा प्रश्नगत अवैध निर्माण को ध्वस्त न करने पर गुरुवार को वीडीए के प्रवर्तन टीम और थाना शिवपुर पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण ध्वस्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार और अवर अभियंता रामचंद्र मौजूद रहे।

## एक-एक रुपये दान से खुला काशीवासियों का खाता

**पूजन**

**ढुंढ़िराज गणेश दरबार में किया गया हवन पूजन**

**मंदिर के सुंदरीकरण के लिए अभियान शुरू**

वाराणसी। काशी में अन्नपूर्णा मंदिर के ठीक पहले विराजमान ढुंढीराज गणेश के सुंदरीकरण को लेकर गुरुवार को सुबह में अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में महंत शंकरपुरी महराज की अध्यक्षता में 21 ब्राह्मणों ने सविधि पूजन किया। गणेशजी से अनुमति पूजन कर अपराह्न 12 बजे भगवान गणेश को साक्षी मान कर हवन व भव्य श्रृंगार किया गया। महंत शंकरपुरी ने ढुंढीराज गणेश की आरती उतारी। कहा कि आज भगवान ढूंढिराज गणेश जी से सौंदर्यीकरण की आज्ञा ली गई है। इसके बाद शिवरात्रि के बाद ढुंढीराज गणेश के सुंदरीकरण और साफ सफाई का कार्य होगा। इसके सात ही एक-एक रुपया दान लेने का शुभारंभ कर दिया गया। इसमें काशीवसियों की सहमति भी है। अजय शर्मा ने बताया कि आज अनुमति पूजन के बाद गणेश मंदिर के नाम से बैंक में खाता खोल दिया गया है जिसमे महंतजी ने अपना अनुदान भी कर दिया है। इस अवसर पर प्रवीण उपाध्याय,प्रदीप श्रीवास्तव,धीरेंद्र सिंह,अम्बिका शुक्ल समेत सैकड़ों भक्त गण रहे।



# दरेखू में 65.87% और सीवों में 48.70% मतदान

**वोटिंग**

**क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खाली सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से हुई पोलिंग, मतगणना आज**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के खाली चल रहे पदों के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत गुरुवार को संबंधित सीटों के जुड़े वार्डों के वोटरों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आराजी लाइन ब्लॉक के वार्ड नंबर 163 दरेखूं और चिरईगांव विकास खंड के वार्ड नंबर-66 सीवों के बीडीसी सीट के लिए यह पोलिंग हुई। दोनों जगह शांतिपूर्ण ढंग से वोट डाले गये। मतदान के बाद मत पेटिकाएं विकास खंड मुख्यालयों के स्ट्रांग रूम में रख गये। मतगणना शुक्रवार को दोनों ब्लॉक मुख्यालयों पर होगी।

सुबह सात बजे कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच निर्धारित बूथों पर पोलिंग शुरु हुई। दरेखू सीट के लिए कुल 65.87 फीसदी और सीवों सीट के लिए 48.70 प्रतिशत वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के प्रभारी अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार दरेखू के पद पर मतदान कराने के लिए एलबीएस इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर दो मतदेय स्थल बनाए गए थे। उनमें कुल मिलाकर एक हजार 298 वोटर थे।

दरेखू के दोनों बूथों पर क्रमशः 730 मतदाताओं में से 498 ने और 568 वोटरों में से 357 मतदाताओं ने पोलिंग में हिस्सा लिया। एनटी एवं इस बाई इलेक्शन के सेक्टर मजिस्ट्रेट श्याम नारायण तिवारी ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पोलिंग के दौरान मतदान केंद्र व आसपास एएसपी राजातालाब एके राय, रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह, मोहनसराय चौकी इंचार्ज शिवानंद सिसोदिया फोर्स के साथ तैनात रहे। चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक सीवों में बीडीसी पद पर मतदान के लिए बनाए गये तीनों बूथों पर कुल मिलाकर एक 404 वोटरों के सापेक्ष 684 मतदाताओं में पोलिंग में भागीदारी की।



बीडीसी के खाली पदों के लिए हुए उपचुनाव के तहत गुरुवार को मतदान के बाद सुरक्षा इंतजामों के बीच बूथों से मत पेटिकाओं को ब्लॉक मुख्यालय ले जाया गया

### चौबेपुर में नामित ग्राम प्रधान तैनात

चौबेपुर। स्थानीय ग्राम पंचायत में यहां के वार्ड-8 के ग्राम पंचायत सदस्य जयप्रकाश मौर्य को ग्राम प्रधान नामित किया गया है। यहां के निर्वाचित ग्राम प्रधान राघवेंद्र जायसवाल के एक मामले में जेल में निरुद्ध होने के चलते गांव का विकास कार्य प्रभावित हो रहा था। चोलापुर विकास खंड के कार्यवाहक एडीओ पंचायत आनंदशील ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जयप्रकाश मौर्य को ग्राम प्रधान पद पर नामित करने की प्रक्रिया नियमानुसार करायी गयी है।

# दिव्यांगता अभिशाप नही, सिर्फ एक बीमारी : राजेन्द्र राय



वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज में गुरूवार को आईक्यूएसी अंतर्गत दिव्यांग कमेटी की ओर से महाविद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता किरण सोसाइटी के सामाजिक एकीकरण विभाग के प्रमुख राजेंद्र राय ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है, यह एक बीमारी है, जो किसी को कभी भी हो सकती है। दिव्यांगता को स्वयं की कमजोरी ना बनने दे और ना ही स्वयं को कमजोर समझे, बल्कि इसे अपनी ताकत बनाएं। मुख्य अतिथि सोसाइटी के डिप्टी एक्जक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. कुलदीप ने कहा कि इस सृष्टि में जन्मा कोई भी व्यक्ति अपूर्ण नहीं है, सबको ईश्वर ने ही बनाया है। यदि हममें मजबूत इच्छाशक्ति है तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सत्यगोपाल ने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के उत्पादक अंग हैं, संयोजक एवं कमेटी के समन्वयक डॉ. कमालुद्दीन शेख ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में किये गये प्रावधानों की चर्चा करते हुए कहा कि सिर्फ नीति निर्देश व अधिनियम बन जाने से हमारी समस्या दूर नहीं हो सकती, इसके लिए दिव्यांगों को ही भागीदार बनना पड़ेगा। आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ. पारूल जैन, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. ऋचारानी यादव ने भी विचार व्यक्त किया। स्वागत डॉ. सुषमा मिश्रा, संचालन डॉ. तरू सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मितिन आहूजा ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. बंदना बाल चंदनानी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. हबीबुल्लाह, डॉ. राजेश कुमार झा, डॉ. नजमूल हसन आदि उपस्थित रहे।

### दो दिनी कबड्डी कल से

बड़ागांव। मातेश्वरी क्लब बावनबीघा के बैनर तले पुरुष एवं महिला ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 11 और 12 फरवरी को एक इंटर कॉलेज के खेल मैदान में किया गया है। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर एवं एसएसबी नई दिल्ली समेत आठ-आठ पुरुष एवं महिला टीम भाग लेगी। यह सूचना उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने दिया है।

## राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स 11 से 14 फरवरी तक





वाराणसी। मास्टर्स गेम्स फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीप मधोक ने प्रेस कान्फ्रेस में बताया कि पांचवीं राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स के तहत यूपी में पहली बार 15 स्पर्धाएं होंगी। ये खेल 11 से 14 फरवरी को आईआईटी बीएचयू के कैंपस में होने जा रहा है। इसमें 30 प्लस वर्ष की आयु से ऊपर के महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए 15 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में एथलेटिक, आर्चरी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, फुटबाल, कबड्डी, हाकी, टेबल टेनिस, स्विमिंग, टेनिस शूटिंग, वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग, वालीबाल, हैंडबाल खेल शामिल है।

केवल स्विमिंग प्रतियोगिता फरवरी माह में आयोजित नहीं होगी क्योंकि आल वेदर पुल बनारस में अभी नहीं है। स्विमिंग प्रतियोगिता मार्च माह में 11 व 12 मार्च 2023 को बीएचयू में होगी।

### छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

वाराणसी। बंगाली टोला इंटर कॉलेज में गुरुवार को विद्यालय के छात्रों द्वारा एनसीसी के स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या
SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T31
Date:-09.02.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. :- 1. कार्य का नाम :- पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में [illegible] के लिए [illegible] का प्रावधान। टेंडर रिफरेंस नं. :- SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T31. कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :- 89,50,215.21 बयाना राशि/बिड सिक्यूरिटी :- 1,79,000.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :- 00 निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :- 02.03.2023, 15:00 कार्य पूरा करने की अवधि :- 06 माह। • खुली ई-निविदा दिनांक 02.03.2023 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सरकारी कार्य में बाधा डालने पर एफआईआर

**कार्रवाई**

**डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा गिराने पर क्षेत्रीय नगागरिकों ने किया था विवाद, निगम ने की कार्रवाई**

वाराणसी। नगर निगम द्वारा डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा गिराने पर क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा विरोध करने एवं विवाद उत्पन्न करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने पर संबंधित के विरूद्ध गुरुवार को एफआईआर दर्ज कराया गया। निगम द्वारा नव विस्तारित क्षेत्र ग्राम ऐढ़े में डंपिंग ग्राउंड पर प्रतिदिन क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े को रखा जाता है और प्रतिदिन नियमित रूप से उठा कर निस्तारण के लिए प्लांट पर भेजा जाता है। बुधवार को निगम द्वारा जब ऐढ़े ग्राम में स्थित कूड़ा डाला जाने लगा तो गांव के कई नागरिकों के द्वारा इसका भारी विरोध किया गया और कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक योगेंद्र विश्वकर्मा द्वारा तत्काल इसकी सूचना निगम के उच्चाधिकारियों को दी गयी, जिस पर निगम द्वारा संबंधित नागरिकों के विरूद्ध सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर क्षेत्रीय थाना लालपुर-पांडेयपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करायी गयी।

# फसल अवशेष जलाएं नहीं, करें प्रबंधन

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर में फसल अवशेष प्रबंधन विषयक दो दिनी किसान मेला आरंभ**

मिर्जामुराद। कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को दो दिनी विराट किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक सुनील पटेल ने कार्यक्रम समेत संस्थान के फसल अवशेष प्रबंधन गैलरी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि बीते एक दशक से खेती में मशीनों का प्रयोग बढ़ने, खेतीहर मजदूरों की कमी के चलते जरूरत बन चुके उपकरणों से फसलों की कटाई आदि के बाद भारी मात्रा में फसल अवशेष खेतों में पड़ा रह जाता है। उन अवशेषों का समुचित प्रबंधन एक चुनौती है। उन अवशेषों के जलाने के बजाय अन्य उपयोग में लाने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. वंशराज पटेल ने भी फसल अवशेष प्रबंधन पर बल दिया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी, प्रसार निदेशक डॉ. एपी राव, डॉ. टीके बेहरा, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. आशुतोष मिश्र, बीएचयू के डॉ. पीके मिश्र, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. नवीन कुमार सिंह आदि ने भी किसानों को कई बिंदुओं पर जागरूक किया।



कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर में गुरुवार को आरंभ दो दिनी किसान मेला का विधायक सुनील पटेल के उद्घाटन किया

कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर
कार्यालय ज्ञाप
जिलाधिकारी महोदय जौनपुर के आदेश दिनांक 27.01.2023 द्वारा पंजीकृत फार्मो/सरकारी संस्थाओं से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालयों एवं न्यायालयों के उपयोगार्थ सूची के क्रमांक-1 लगायत 62 तक के लेखन सामग्रियों को स्थानीय बाजार से क्रय किये जाने के उद्देश्य से टेण्डर मुहरबन्द लिफाफे में अपने फर्म के पैड पर दिनांक 22.02.2023 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 14.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है, जिसे नजारत कार्यालय कलेक्ट्रेट, जौनपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है, जो उसी दिन 14.00 बजे अपरान्ह खोला जायेगा। टेण्डर डालने के पूर्व अग्रिम के रुप में मु0 5,000.00 (पाँच हजार) रुपये सदर नजारत, जौनपुर में बन्धक के रुप में जमा करना अनिवार्य है। उक्त जमा धनराशि को आलोच्य वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर सामग्री की आपूर्ति में बाधा न पाये जाने पर वापस कर दिया जायेगा। प्रश्नगत लेखन सामग्रियों का विवरण सदर नजारत एवं जनपद के समस्त तहसीलदार के यहाँ उपलब्ध सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सभी प्रमुख सामग्रियों का नमूना अलग से पैकेट बन्द लिफाफे में अपने फर्म का नाम अंकित कर टेण्डर के साथ ही प्रस्तुत करना होगा। प्राप्त टेण्डर उपरोक्त तिथि को ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट, जौनपुर के द्वारा खोला जायेगा। जिलाधिकारी को यह अधिकार होगा कि बगैर कारण बताये किसी टेण्डर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर सकते हैं।
प्रभारी अधिकारी, लेखन सामग्री,
कृते जिलाधिकारी, जौनपुर
पत्रांक: 612(8)/फार्म कॉपर जौनपुर, दिनांक 09 फरवरी, 2023



# वाराणसी



# टाई-शूट में जायेंगे तो भाजपा करवा लेगी एमओयू साइन



अखिलेश का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता

**बोले अखिलेश यादव**

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर समिट पर कसा तंज

### गंगा की सफाई को लेकर उठाए सवाल, कहा-पार्टी जाति जनगणना पर लड़ेगी

**वाराणसी।** दो दिवसयी काशी दौरे पर गुरुवार को पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंवेस्टर समिट को जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला बताया। अखिलेश यादव ने कहा, 'अरे बनारस वालों, तुम टाई और शूट पहन कर चले जाओ, तो बीजेपी वाले तुमसे भी एमओयू करवा लेंगे। इंवेस्टर समिट के बहाने, केवल जनता को धोखा देना है। पिछले इंवेस्टर समिट में जो एमओयू हुए थे, कितने जमीन पर उतरे। डिफेंस एक्सपो में प्रधानमंत्री और पूर्व राष्ट्रपति आए थे, क्या उसका आउटपुट जमीन पर दिखा।'

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जब पहले भी कोई इंवेस्टमेंट यूपी में नही आया, तो अब कैसे आएगा। इनके मंत्री अमेरिका, ब्राजील, यूरोप, लंदन, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया गए। कमी पड़ी तो अपने देश में भी गए। मैं जानता हूं कमी पड़ी होगी, तो बनारस में भी एमओयू करवा लिया होगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर क्या इंसेंटिव दे रही है, आपको ये पूछना चाहिए? उन्होंने कहा, 'जब तक सरकार सुविधा नहीं देगी और सरकार को बताना होगा कि किस इंडस्ट्रियल पॉलिसी के तहत किस सेक्टर में ये इन्वेस्टमेंट आने वाला है और आप क्या इंसेंटिव दे रहे हैं।'

रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या पर अखिलेश यादव ने कहा कि रामचरित मानस पर बहस बहुत लंबे समय से चल रही है। ये लड़ाई पांच हजार साल पुरानी है और ये चलती ही रहेगी। समाजवादी पार्टी जाति जनगणना पर लड़ेगी। अखिलेश यादव ने गंगा की सफाई को लेकर भी सवाल उठाए। कहा कि बीजेपी का ट्रैक रिकार्ड देखो। नमामि गंगा से पूछो, गंगा साफ हो गई क्या? गंगा सफाई को लेकर के कितना पैसा पानी की तरह गंगा में बह गया। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के साथ एनजीटी ने सवाल किया, इसके बाद विपक्ष ने सवाल खड़े किया। मैंने तो बस इतना पूछा था कि जो क्रूज चल रहा है, उसमें बार है या नहीं। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बीजेपी में आने की आशंका पर अखिलेश यादव ने कहा कि तुम क्यों उनकी बात करते हो।

### योगी को नहीं पता 'नो बॉल' क्या होती है?

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने लोक भवन बनाया, आज जहां मुख्यमंत्री खुद बैठते हैं। नेताजी ने उसका उद्घाटन किया था। बीजेपी ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगा दी। क्या उन्होंने लोक भवन बनाया था। इसके बाद अखिलेश ने योगी की क्रिकेट नॉलेज को लेकर भी तंज कसा। कहा कि जिस इकाना स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने गए थे, उसे समाजवादियों ने बनवाया। योगी को पता ही नहीं कि 'नो बॉल' क्या होती है। स्टंप कितने लगाए जाते हैं। उसके बीच की दूरी क्या होती है। पिच कितने यार्ड की होती है। कुछ पता ही नहीं, बस मैच देखने गए थे।

### श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक प्रदीप बजाज के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही परिजनों को सांत्वना दिया और शोकाकुल परिवार का दुख बांटा।

### कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नगर आगमन पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में दर्जनों नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता और माला देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल तक पहुंचने तक रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। सपा मुखिया पूर्वाह्न 11.40 बजे चार्टर विमान से एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर से बलिया चले गए। बलिया से पुनः शाम 5.40 बजे एयरपोर्ट आए। स्वागत करने वालों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, किशन दीक्षित, पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार मौर्य, निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, विधायक प्रभुनारायण यादव, उदयलाल मौर्या, राष्ट्रीय महासचिव आनंद प्रकाश रंजन, हरीश नारायण सिंह, डॉ. उमाशंकर यादव, अशफाक अहमद डब्लू, जितेंद्र यादव, डॉ. ओपी सिंह, गणेश यादव, महेंद्र यादव, अतहर जमाल लारी, संजय मिश्रा, प्रदीप जायसवाल, उमेश प्रधान, राजू यादव, हर्ष राजभर, दिनेश सिंह यादव, प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य सोनू भारती, अवनीश यादव सिंटू, राहुल पांडेय, अमरजीत यादव, डॉ. राजकुमार, चम्पक यादव, धमेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### अब गूगल करके क्योटो की फोटो देखो

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पूछा कि काशी क्योटो बना कि नहीं बना। आप बस गूगल करके क्योटो की फोटो देखो। हम सरकार में आए होते तो आपको फ्री क्योटो लेकर जाते। हमने घोषणा की थी। सरकार तो बनी नहीं। अब आप देखो कि वाराणसी कैसा है।

# मुस्कुरातीं हिलेरी क्लिंटन ने खिंचवाईं तस्वीरें

**अवसर**

### तीन दिनी भ्रमण पर काशी पहुंचीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी

### बजड़े पर सवार होकर लिया गंगा घाटों का नजारा, देखी गंगा आरती

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी एवं वहां की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन तीन दिनी भ्रमण पर गुरुवार को अपराह्न वाराणसी पहुंचीं। विशेष विमान से बाबतपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट निदेशक आर्यमा सान्याल ने बुके देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद श्रीमती क्लिंटन काशी प्रवास के लिए अपने सहयोगियों के साथ नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल पहुंचीं।

श्रीमती क्लिंटन के आगमन को देखते हुए उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। उनकी आवाजाही जिन स्थलों और मार्गों से होगी, वहां पैनी निगरानी रखी जा रही है। शाम को वह नमो घाट से सुसज्जित बजड़े पर सवार होकर घाटों का नजारा देखने के लिए रवाना हुईं।

यहां सुरक्षाकर्मियों ने मीडिया फोटोग्राफरों को उनके नजदीक जाने की इजाजत नहीं दी। उसी बीच प्रेस छायाकारों ने आवाज देकर श्रीमती क्लिंटन को तस्वीर खिंचवाने का आग्रह किया। इस पर मुस्कुराते हुए सहमति जतायी और विभिन्न मुद्राओं में प्रसन्नता पूर्वक तस्वीरें भी खिंचवाईं। उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती भी देखी। काशी प्रवास के दौरान वह यहां की कला, संस्कृति एवं परंपरा समेत सामाजिक संबंधों से रूबरू होंगी। बाबतपुर प्रतिनिधि के अनुसार श्रीमती क्लिंटन के साथ सुरक्षा अधिकारियों समेत छह लोग आए हैं। जानकारी के मुताबिक अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर, रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर, सारनाथ और रामनगर का भ्रमण करेंगी। 11 फरवरी को वह दिल्ली रवाना हो जाएंगी।



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी हिलेरी क्लिंटन तीन दिनी भ्रमण पर गुरुवार को वाराणसी पहुंचीं

## कंसल इनरवियर ने मनाया 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर उत्सव



**वाराणसी।** सन् 1999 में वसंत पंचमी पर कंसल इनरवियर की शुरूआत कंपनी के संस्थापक संजय अग्रवाल ने की थी। संजय अग्रवाल का यह सपना था कि होजरी के उत्पादों में अपने ग्राहकों को कम दाम में अच्छे प्रोडक्ट उपलब्ध कराना। इसी उद्देश्य के साथ निरंतर प्रयास करते हुए कंसल इनरवियर ने गुरुवार को पूरे उत्तर प्रदेश व बिहार में लाखों संतुष्ट ग्राहकों का प्यार पाया। कंसल इनरवियर के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि आज कंसल इनरवियर 60 से भी अधिक होजरी उत्पादों से संबंधित प्रोड्क्ट जैसे बनियान, अंडरवियर, लेडिज पैंटीज, लेडिज ब्लुमर, बच्चों की सॉर्टी, जिम वेस्ट व रेडिमेड गारमेंटस इत्यादि प्रकार के प्रोडक्ट के साथ एक पसंदीदा ब्रांड के रूप में जाना जाता है।

## जैपुरिया स्कूल का वार्षिकोत्सव 12 को



**वाराणसी।** सेठ एम. आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबपुर कैंपस के वार्षिकोत्सव (उद्घोष 2023) का आयोजन 12 फरवरी, रविवार को किया जा रहा है। चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने बताया कि उद्घोष 2023 एक अनूठा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें भारत की गौरव गाथा थीम पर कैंपस के 900 से अधिक बच्चे विशाल मंच पर अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति देंगें। कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य, नाटिका आदि का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में और कुश्ती ओलंपिक पदक विजेता पद्मश्री साक्षी मलिक विशेष अतिथि होंगी। इस यात्रा में साक्षी मलिक के पति व कॉमनवेल्थ खेलों के रजत पदक विजेता व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पहलवान सत्यवर्त कैदान भी काशी में होंगे। जो विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# चाय 'तगादा' से वसूलेंगे बकाया

जनसंदेश न्यूज

**नया प्लान**

### विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए बनायी कार्ययोजना

**वाराणसी।** उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूलने के लिए विद्युत विभाग ने अब एक नया प्लान बनाया है। यह प्लान है बकायेदार उपभोक्ताओं के घर-घर पहुंचने का। विभाग के अभियंता और कर्मचारी ऐसे उपभोक्ताओं के घर-घर जायेंगे और उनके यहां चाय पीयेंगे। 'चाय तगादा' के दौरान वे लोग बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया जमा करने का अनुरोध करेंगे। विभाग का इको फ्रेंडली यह अभियान शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

विभागीय सूत्रों की मानें तो लगातार तमाम कवायद के बावजूद बकायेदार उपभोक्ता अपना बकाया जमा करने के लिए टर्नअप नहीं हो रहे हैं। ऐसे में विभाग का लंबा बकाया उपभोक्ताओं के यहां फंसा हुआ है। बकाया रकम न मिलने से यूपीपीसीएल प्रबंधन भी लगातार डिस्कॉम के अधिकारियों पर वसूली का दबाव बना रहे हैं। ऐसे में डिस्कॉम के अभियंता और कर्मचारी बकायेदारों के कनेक्शन काटने का भी काम कर रहे हैं। कनेक्शन काटे जाने के बाद भी बकाया वसूली विभाग के लिए टेढ़ी खीर बनी हुई है। इसको देखते हुए विभाग ने अब नये प्लान के तहत सुबह और शाम बकायेदारों के यहां डोर-टू-डोर अभियान चलाने का निर्णय किया है। सूत्रों कीम मानें तो विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बकायेदारों के घर जायेंगे और उनके यहां चाय पीयेंगे। चाय पीने के दौरान बकायेदारों से बकाया रकम जमा करने की बात करेंगे। यदि बकायेदार इस दौरान बकाये का भुगतान करेंगे तो विभाग के लोग मौके पर पैसा प्राप्त करने के बाद उपभोक्ता को रसीद मुहैया करा देंगे। यदि कोई बकायेदार तत्काल बकाये का भुगतान करने के समक्ष नहीं होगा तो उसे एक निश्चित अवधि तक मोहलत दी जाएगी। इसके बाद भी यदि बकायेदार तय तिथि तक बकाये का भुगतान नहीं करेगा तो उसकी बिजली काट दी जाएगी। वाराणसी जोन के मुख्य अभियंता अनूप वर्मा का कहना है कि सभी वितरण खंडों में यह अभियान शीघ्र ही चलाया जाएगा। ताकि लाइन लॉस कम हो और राजस्व वसूली भी अधिक से अधिक हो। इसके लिए विशेष टीम बनायी गयी है। चाय पीने के दौरान विभाग के लोग बकायेदार उपभोक्ताओं को बकाया जमा करने के लिए अनुरोध करेंगे। यदि कोई बकायेदार तत्काल बकाया अदा नहीं करेगा तो उसको कुछ समय की मोहलत भी दी जाएगी। निर्धारित समय तक बकाया अदा न होने पर संबंधित बकायेदार उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाएगा।

## चिक्कन गुरु विराट कुश्ती दंगल12 को

**वाराणसी।** ओलंपियन लक्ष्मीकांत पांडेय चिक्कन गुरु ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष कपिल नारायण पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश की तरफ से ओलंपिक में भाग लेने वाले वाले भारतीय पहलवानों की कतार में सबसे आगे खड़े स्वर्गीय लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवान की स्मृति में उनके पैतृक गांव कोईरीपुर (खुर्द) निकट रामेश्वर में 12 को विराट कुश्ती कम्पटीशन का आयोजन किया गया है। कम्पटीशन का उद्घाटन दर्जा प्राप्त मंत्री रामप्रकाश दुबे करेंगे। इस दौरान विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार का वितरण केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय व एमएलसी लक्ष्मण आचार्य और भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह रघुवंशी करेंगे। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के सचिव प्रेम मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रेम शकर तिवारी, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच रविंद्र मिश्र व कपिल नारायण पांडेय मौजूद रहे।

## संपूर्णानंद के छात्र को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्याल के छात्र दीपक वत्स को कला एवं संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार और 40,000,0 रू की सम्मानित राशि से सम्मानित किया गया। वत्स ने मैथिली भाषा में देश भक्ति गीत लिखकर अपने जिले व राज्य के साथ-साथ विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। वत्स संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्याल के प्राकृत एवं जैनागम विभाग में शास्त्री द्वितीय वर्ष के छात्र और युवा लेखक हैं। मैं बिहार हूं इनकी पहली पुस्तक है। सामाजिक पहलुओं में प्रेम प्रसंगों को अत्यंत खूबसूरती से समावेश करना और भ्रष्ट व्यवस्था पर खुल कर प्रहार करना इनकी विशेषता है। इनके लेखन से माटी की सौंधी खुशबू आती है। बिहार के बेगूसराय जिले के पपरौर ग्राम में जन्में दीपक वत्स का ग्राम्य जीवन से गहरा संबंध रहा है।

# भारत के गांवों की तरक्की भी देखेंगे मेहमान

### जिले में प्रस्तावित जी20 शिखर सम्मेलन में आने वाले सदस्यों को कराएंगे ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण

सुरोजीत चैटर्जी

**कवायद**

### सम्मेलन में शामिल होने वाले मेंबर्स को दिखाने के लिए सभी ब्लॉक से कुल मिलाकर 21 गांव चिह्नित

**वाराणसी।** जी20 शिखर सम्मेलन में आने वाले विभिन्न देशों के मेहमान भारत के गांवों की तरक्की से भी रूबरू होंगे। वाराणसी में आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित सम्मेलन की बैठकों में शामिल होने वाले सदस्य यहां के गांवों में भी जाएंगे। इस संभावना को देखते हुए जनपद के 21 गांवों को चमकाया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायतों को स्पेशल ट्रीटमेंट देंगे ताकि जब विदेशी मेहमान उन गांव में पहुंचें तो वहां की अच्छी छवि और यादें लेकर लौटें।

जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर वाराणसी में शहरी इलाकों के ऐसे सभी स्थलों को संवारा जा रहा है जहां सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों का आवागमन संभावित है। सड़क से लेकर मार्ग में पड़ने वाले भवनों को ही नहीं बल्कि गंगातट के घाटों को भी चमकाया जा रहा है। दूसरी ओर, जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जी20 शिखर सम्मेलन में आने वाले सदस्यों भ्रमण कराने की तैयारी भी हो रही है। इसके लिए सभी आठ विकास खंडों के कुल 21 गांव चिह्नित किये गये हैं। उनमें से कुछ गांवों में विदेशी मेहमानों को ले जाया जा सकता है। ब्लॉकवार उन ग्राम पंचायतों के तहत आराजी लाइन में रामसिंहपुर, हरसोस, शहंशाहपुर, ढढोरपुर और मरुई, बड़ागांव विकास खंड में कनियर तथा बसनी हैं।

इसी प्रकार अन्य ब्लॉकों के अंतर्गत चिरईगांव में सीवों एवं पियरी, चोलापुर में महदा और मंगोलेपुर, हरहुआ में गोसाईंपुर मोहांव एवं औरा, काशी विद्यापीठ में भट्ठी, पिंडरा में गंगापुर तथा सेवापुरी विकास खंड में ठठरा, पुरंदरपुर, खरगूपुर, हाथी एवं पुरेबरियार ग्राम पंचायतों को चिह्नित किया गया है।



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने ब्लॉक के चिह्नित किये गये ग्राम पंचायतों का स्वयं दौरा कर वहां कराये जाने योग्य आवश्यक कार्यों का जायजा ले लें। उसके बाद इन ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, सरकारी भवनों की मरम्मत एवं रंग-रोगन, नाली तथा खड़ंजा मरम्मत समेत अधूरे पड़े कार्यों को प्रत्येक दशा में सम्मेलन से पहले पूर्ण कराना होगा। श्री नागपाल ने सभी बीडीओ को संबंधित विकास कार्यों का बुकलेट भी बनाने को कहा है ताकि विदेशी मेहमानों को भ्रमण के दौरान किसी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।


Sunbeam Suncity

SCHOOL & HOSTEL

Estd. 1972

No. 1 Day cum Boarding School of Uttar Pradesh
by Education World School Ranking 2022-23

Offers

Weekly Boarding
& Day Boarding

"To give a disciplined life, routine & sense of responsibility"

Now at Sunbeam Suncity School & Hostel

CENTRALLY AIR-CONDITIONED CLASSROOMS & HOSTEL

Our Facilities | Class III onwards

- Coaching and Homework assistance.
- Evening sports facility by trained sports coaches.
- Nutritious Meals.
- Personality Development & Soft Skills training.
- Weekends at Home.
- Transport facility for pickup & drop.



"Experience The Best of both the worlds"

Contact
9721452703 | 9721452125
Bachhaon Road, Karsana, Varanasi, Uttar Pradesh

Scan for a virtual tour of school campus

sct@sunbeamschools.com | www.sunbeamschools.com

Dr. Deepak Madhok

# भाजपा को सत्ता से करें बेदखल

**बोले अखिलेश यादव**

### पूर्व विधायक के मुडेरा स्थित घर पहुंचे सपा अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**रसड़ा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरूवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह के गांव मुडेरा पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पूरी दमदारी से लड़ा जायेगा। इसके लिए कार्यकर्ता पूरे दमखम से लग जाय।

कहा कि भाजपा को सत्ता से बेदखल करें, ताकि लोकतंत्र एवं संविधान को बचाया जा सके। उन्होंने अग्नीवीर भर्ती को आधी-अधूरी भर्ती बताते हुए कहा कि इससे न तो सीमा की सुरक्षा हो पायेगी और न युवाओं का भविष्य ही संवर सकेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग किया कि सूदखोरों पर सख्ती से कार्रवाई करे, ताकि बलिया के गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के रामचरित मानस के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह, डा. अनुराग गर्ग, संतोष कुमार, अल्ताफ अंसारी, मतलूब अख्तर, बृजेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामेश्वर पांडेय, बदरूदुजा उर्फ बब्लू अंसारी, अरविंद गिरी, संतोष गर्ग, बीरबल राम, पिंटू नेता, बिलाल कुरैशी, राधेश्याम यादव, संजय यादव, गुलजार अहमद, विजयशंकर यादव, सिदार्थ गौतम, डा. प्रतिभा सिंह आदि मौजूद रहे।


सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूर्व मंत्री घूरा राम का चित्र देते डा. अनुराग गर्ग एवं संतोष कुमार

## अधिकारी-कर्मचारी जनता के बीच जाएः प्रभारी मंत्री

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जनपद के दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने नगर के बहादुरपुर बिंद बस्ती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनहित के मामलों को लेकर स्पष्ट कहा कि फरेब का कागज नहीं चलेगा। अधिकारी-कर्मचारी जनता के बीच जाएं। उनकी बात सुनें और योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाएं। निरीक्षण के दौरान कुछ महिलाओं ने राज्यमंत्री श्री दयालु को अपनी पेंशन नहीं मिलने सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री श्री दयालु सबकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों से पूछताछ करने लगे। कहा कि यहां जो भी फरियादी हैं, उनकी सभी समस्याओं का समाधान दो दिन में करके मुझे अवगत कराएं। इस दौरान मंत्री ने दलित बस्ती का निरीक्षण कर सुधार के आवश्यक निर्देश दिए।

## मुहल्लेवासियों ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

### सार्वजनिक गड़ही पर कब्जा करने का आरोप

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय कस्बा अंतर्गत मोहल्ला मुड़ियापुर निवासी मुस्तफा शाह के नेतृत्व में मोहल्ले के दर्जनों महिला एवं पुरुषों ने तहसील पर पहुंचकर मोहल्ला स्थित 100 वर्ष पुरानी सार्वजनिक गड़ही को नगर निवासी कुछ व्यक्तियों द्वारा दबंगई के बल पर मिट्टी भरवाने व कब्जा करने की शिकायत उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव से की। उपजिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां पर नायब तहसीलदार को जाकर मौका मुआयना करने को निर्देशित किया। दिए गए शिकायत पत्र में बताया गया है कि उक्त गड़ही 100 वर्ष से भी पुरानी है, जिसको गलत व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज बना कर गलत तरीके से दूसरे के नाम से रजिस्ट्री कर दी गई है, जबकि भूलेख में उक्त जमीन मोहल्ला मुड़ियापुर निवासी मुस्तफा शाह के नाम से है। मोहल्लेवासियों ने पत्रक के माध्यम से उपजिलाधिकारी से मांग किया है कि 100 वर्ष पुरानी इस गड़ही को पुनः अपने पुरानी दशा में कराई जाए, जिससे मोहल्ले से लोगों के घरों से निकलने वाले नाले का पानी उक्त गड़ही में गिराया जा सके। इस अवसर पर अर्जुन कुमार, कन्हैया प्रसाद, प्रेम शिला देवी, कांति देवी, प्रेमलता, दुर्गावती, लखमिनिया, मीरा देवी, शिवनाथ राजभर, प्रतिमा, रूबी, सुधा आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को पत्रक देती महिलाएं

## पांच किमी की रफ्तार से गुजर रहीं ट्रेनें

### सुरेमनपुर, नारायणगढ़ व रेवती में चल रहा डबलिंग का कार्य

**बैरिया।** छपरा-सुरेमनपुर-बलिया रेल खण्ड से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में गुरुवार को भी गतिरोध बना रहा। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन एवं रेवती रेलवे स्टेशन के बीच प्रति घण्टे पांच किमी की रफ्तार से ट्रेनों का संचालन किया गया। ऐसे में यात्री काफी हलकान रहे।

आलम यह था कि अप सद्भावना एक्सप्रेस, अप सारनाथ एक्सप्रेस, डाउन बलिया-सियालदह एक्सप्रेस को पकड़ने के लिए भारी संख्या में यात्री प्लेटफार्म पर पहुंच गए, लेकिन उक्त सभी ट्रेन चार से पांच घण्टे के बिलम्ब से चल रही थी। इससे यात्री बार-बार स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में जाकर ट्रेनों के विषय में जानकारी लेते रहे। वही, यात्री भूख-प्यास से ब्याकुल रहे। अप इंटरसिटी एक्सप्रेस चार घण्टे, सभी पैसेंजर ट्रेन तीन से चार घण्टे बिलम्ब से चली। धीमी रफ्तार की वजह से सभी ट्रेनों को घण्टों बकुलहा, सुरेमनपुर, सहतवार में खड़ा होना पड़ा। सुरेमनपुर स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि सुरेमनपुर, नारायणगढ़ व रेवती में डबलिंग का कार्य चल रहा है, जिसकी वजह से बुधवार को ट्रेनों का संचालन सुबह नौ बजे से पांच बजे तक रद्द किया गया था। अब ट्रेनों का संचालन हो रहा है तो डबल लाइन का काम भी चल रहा है। ऐसे में सभी ट्रेनों को सुरेमनपुर से रेवती के बीच प्रति घण्टे पांच किमी की रफ्तार से चलाया जा रहा है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि ट्रेनों के आवागमन की दिक्कतें 28 फरवरी तक हो सकता है।


सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

### निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जनपद के प्रभारी मंत्री आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, पानी, शिक्षा व सड़क सम्बन्धी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जो भी प्रोजेक्ट जिले में चल रहे हैं, उनकी प्रगति में तेजी बनी रहे। समय-समय पर निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभाग की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित कराए जाए कि मरीज को बाहर से दवा न लिखी जाए। सड़क के सम्बन्ध में लोनिवि के एक्सईएन को निर्देश दिया कि जहां सड़क निर्माण हो रही हो उसकी गुणवत्ता को हमेशा देखते रहें। निर्धारित समय में कार्य पूरे हों। गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर भी नजर रखी जाए।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि एक बार पूरे शहर की नालियों की सफाई अभियान चलाकर कराएं। शहर में सफाई का ध्यान रखें। कायाकल्प अभियान की जानकारी ली। बैठक में डीएम सौम्या अग्रवाल, एसपी राजकरण नैय्यर, सीडीओ प्रवीण वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सीएमओ डॉ0 जयंत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधा का किया सत्यापन

जनपद के प्रभारी मंत्री आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने बहादुरपुर मलिन बस्ती व प्राथमिक विद्यालय जिला बस्ती का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जो योजना है, उसका लाभ हर गांव, मुहल्ला व पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री सभी वार्ड में गए। मरीजों से बातचीत कर उनको मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिया कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चादरें रोज बदली जानी चाहिए। सरकार को ओर से भी जो भी सुविधाएं अनुमन्य है, मरीजों को मिले। उन्होंने जिला प्रशासन को भी निर्देश दिया कि अस्पताल की सुविधाओं का हमेशा निरीक्षण का जायजा लेते रहा जाए, ताकि अगर कोई कमियां भी हो तो उसमें सुधार लाई जा सके।



# पार्वती बालिका इण्टर कॉलेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**दोहरीघाट, मऊ।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक अनुपम झलक पार्वती इण्टर कालेज दोहरीघाट के सभागार मे 12 वीं छात्राओं के विदाई समारोह मे एक ऐसी प्रस्तुति ने छात्राओ को आसूंओ के सागर मे डुबो दिया जब जूनियर छात्राओ ने सीनियरो को विदा करते समय नैनो में भरे अश्रु जल लेकर कहा कि हे सखी हे बहन सदा स्नेह बनाये रखना कहकर रो पड़ी पुरा माहौल गमगीन हो गया एक यादगार विदाई समारोह का इतिहास बन गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कालेज के संस्थापक लालबिहारी द्विवेदी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया फिर छात्राओ द्वारा मां बीणा का आह्वान करते हुए स्वागत गान महक ग्रुप द्वारा स्वागत करते आज तुम्हारा के साथ किया गया फिर सलोनी गौतम द्वारा, तेरी मिट्टी मे मिल जांवा,पर नृत्य कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया धमाल पर धमाल होते रहे। बरसो रे मेघा पर छात्राएं खूब थिरकी तथा मधुबन मे जो कन्हैया, मीठी मीठी बतिया, उसके बाद शहीदो की याद मे वेवसी गीत चिट्ठी ना कोई संदेश कहां तुम चले गये पुरे माहौल को शांत कर दिया नैन भींगने लगे तभी हास्य के फुहारो ने उसपर मरहम लगाया। इसके बाद झांसी की रानी मणिकर्णिका नृत्य अनुष्का ग्रुप द्वारा जैसे ही हुआ सभी ने दांतो तले ऊंगली दबा लिये। कव्वाली नाटक आदि कार्यक्रमो पर छात्राओ ने खूब धमाल मचाया। संस्थापक लालविहारी द्विवेदी ने कहा कि आपका उज्जवल भविष्य आपकी प्रतिक्षा मे खड़ा है आप को गुरूजनो ने जो ज्ञान दिया है अब परीक्षा घड़ी आ गयी है आप शत प्रतिशत सफल हो यही हमारी शुभकामना है। विदाई समारोह मे विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ रंजना द्विवेदी, डॉ सुनील त्रिपाठी, अनुपम गुप्ता, अध्यापक गण प्रीति रावत, प्रीति शाही, उषा तिवारी, रोबिन, जूही, प्रेमलता, संतोष, मंगल पाण्डेय, प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, छात्रा श्रेयांशी, निर्जला, अंकिता, प्रीति, स्नेहा, महक समेत आदि लोग मौजूद रहे।


बरसो रे मेघा मेघा, मे सराबोर हुई छात्राएं

### तत्कालीन एसएचओ के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी

**बलिया।** लगभग 16 साल पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकताओं द्वारा कलेक्ट्रेट के प्रांगण में विधि विरुद्ध धरना-प्रदर्शन और भड़काऊ भाषण देने के मामले में विशेष न्यायालय एमपी एमएलए (अपर सीजेएम प्रथम) तपस्या त्रिपाठी अदालत ने गवाही हेतु उपस्थित नहीं होने के कारण तत्कालीन आनंद प्रकाश शुक्ला एसएचओ हल्दी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी की है तथा 20 फरवरी 2023 तक तामिला सुनिश्चित कराने हेतु आदेश पारित की है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 356-2007 जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व कबिना मंत्री नारद राय, पूर्व कबिना मंत्री अंबिका चैधरी व कार्यकर्ता गण शामिल है जो पत्रावली गवाही में चल रही है। उक्त पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही तत्कालीन थानाध्यक्ष हल्दी आनंद प्रकाश शुक्ला के नहीं हाजिर होने के वजह से नहीं बढ़ पा रहा है। मामला लंबित हो रहा है जिस पर अदालत ने सख्त कदम उठाते हुए तत्कालीन एसएचओ हल्दी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभियोजन के अनुसार यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में 21 सितंबर 2007 को घटित हुआ था सपा के नेता व कार्य कताओं द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। वादी मुकदमा तत्कालीन एस एच ओ कोतवाली नागेश मिश्रा के तहरीर पर अभियोग पंजीकृत हुआ था, उक्त मामला गवाही में चल रहा है।


## रामकथा हर समस्या के समाधान की कथा

**बोले आचार्य अमरनाथ**

### मनुष्य को जरूर करनी चाहिए श्रीहरि की उपासना

**नगरा।** क्षेत्र के लोहरइयां (कोठिया) में आयोजित नव कुंडात्मक श्री महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को व्यासपीठ से श्रोताओं को रामकथा का रसपान कराते हुए कथावाचक आचार्य अमरनाथ ने कहा कि रामकथा हर समस्या के समाधान की कथा है। इसी अर्थ में श्रीराम की आपबीती-जगबीती बनने की क्षमता रखती है।

कहा कि यही वजह है कि जब दो लोग मिलते हैं तो राम-राम के संबोधन के साथ मिलते हैं। एक व्यक्ति दूसरे को अपनी आपबीती सुनाता है तो उसे रामकहानी कहा जाता है। यानि राम कथा आपबीती कथा है। इसलिए ये कथा जगबीती बनने की क्षमता रखती है, जो जन-जन से जुड़ी हुई है। उन्होंने रामचरित मानस का उदाहरण देते हुए कहा कि रामकथा सुंदर करतारी, संशय विहग उड़ावनहारी। अर्थात श्रीराम की कथा सुनने से मनुष्य के सभी संशयों का शमन हो जाता है। कहा कि जो भी मनुष्य प्रभु की शरण में जाता है, वह मनुष्य के सभी संकटों का हरण कर लेते हैं। इसलिए मनुष्य को अपने व्यस्त दैनिक जीवन से कुछ समय निकाल कर श्रीहरि की उपासना जरूर करनी चाहिए। वहीं, प्रतिदिन ओम ऋषि महाराज जी का भी प्रवचन हो रहा है। इस अवसर पर ओमानंद जी महाराज, गिरिश दास जी महाराज आदि मौजूद रहे।


प्रवचन करते कथावाचक

## धान खरीद की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में धान खरीद की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा ने बताया कि जनपद के 50 धान क्रय केंद्रों मे से वर्तमान में खाद्य विपणन विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्रों पर ही खरीद हो रही है। शेष एजेंसियों द्वारा संचालित क्रय केंद्रों पर धान क्रय का कार्य बंद है। ज्ञातव्य है कि जनपद में खाद्य विपणन विभाग के अलावा पीसीएफ, मंडी समिति एवं एफसीआई द्वारा भी धान क्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि खाद्य विपणन विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्रों के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 94 प्रतिषत खरीद का कार्य पूर्ण हो चुका है। अन्य एजेंसियों द्वारा संचालित धान क्रय केंद्रों के बंद होने के कारणों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने क्रय केंद्रों से धान उठान में खराब स्थिति पर पीसीएफ के जिला प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाते हुए अगले 3 दिनों में समस्त धान क्रय केंद्रों से धान उठान की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राइस मिलों के पास बोरो की उपलब्धता होने पर यथाशीघ्र सीएमआर जमा करने के निर्देश दिए, जिससे क्रय केंद्रों से धान उठान की कारवाई शीघ्र पूर्ण की जा सके।अन्यथा की स्थिति में उन्होंने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा, पीसीएफ के जिला प्रबंधक सहित अन्य सभी अधिकारी एवं राइस मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# कर करेत्तर राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**मऊ।** गुरुवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कर करेत्तर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कर प्राप्तियो पर विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान व्यापार कर, स्टांप शुल्क, आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन आदि में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्तियो पर जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तहसील वार आर.सी. वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त तहसीलदारो को अगले 1 महीने में आर.सी. वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिए। अन्यथा के स्थिति में प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने अमीन वार आरसी वसूली की नियमित समीक्षा करने के साथ ही सभी आरसी को ऑनलाइन करने के भी निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियो को संबंधित तहसीलों में बिना एनओसी के संचालित ईट भट्टों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा। जनपद स्तर पर 10 बड़े बकायेदारों से वसूली की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों में वसूली की स्थिति ठीक ना पाए जाने पर तहसीलदारो को इन में सुधार लाने को कहा। राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मधुबन की स्थिति अत्यंत खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मधुबन के खिलाफ विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। कृषि एवं आवासीय भूमि आवंटन में समस्त तहसीलों की स्थिति अत्यंत खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने शून्य स्थिति वाले तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के अंदर ही जाति एवं आय प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को सर्वे का कार्य ठीक ढंग से पूर्ण करने को कहा जिससे बोर्ड द्वारा पुनः जांच हेतु सर्वे रिपोर्ट वापस ना भेजी जाए। बैठक के दौरान ही कुछ लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए।। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, अंश निर्धारण, वरासत अभियान आदि की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी जेजे प्रसाद, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी ने वादों के निस्तारण की अत्यंत धीमी प्रगति पर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मधुबन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हेतु शासन को पत्र लिखने के दिये निर्देश

## संक्षेप

### स्वामी प्रसाद मौर्य की सुरक्षा की मांग को लेकर मौन जूलूस

**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट मऊ ब्लॉक परिसर में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा रजनीकांत मौर्य के नेतृत्व में मौन जुलूस निकालकर स्वामी प्रसाद मौर्य की सुरक्षा के लिए जेड प्लस श्रेणी की सुविधा देने की मांग की गई। राम चरित मानस का मुद्दा लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजा जिसमें स्वामी प्रसाद मौर्य को जेड श्रेणी की सुविधा की मांग की गई तथा महिलाओं दलितों पिछड़ों के सम्मान में रामचरितमानस की वह चैपाई निकाला जाए जिसमें महिलाओं गवार शूद्र दलितों के बारे में लिखा गया है। शहीद स्मारक पर बृहस्पतिवार को दोपहर बाद सपा कार्यकर्ताओं ने मौन जुलूस निकालकर अपने नेता की सुरक्षा की मांग किया। उक्त अवसर पर सीताराम यादव, बबलू यादव, उमाकांत मौर्य, अनिल मौर्य, सूरज, वीरेंद्र मौर्य, श्याम सिंह, संतोष यादव, मोहन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### एक दिवसीय निःशुल्क योग एवं संस्कार शिविर का आयोजन

**मऊ।** एक दिवसीय निःशुल्क योग एवं संस्कार शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय [illegible] (हरिजन बस्ती) में हुआ। योग प्रशिक्षक राजन वैदिक ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले लाभों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। राजन वैदिक ने बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। बच्चों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका सुमन राय ने बच्चों के लिए योगसत्र आयोजित करने के लिए पतंजलि परिवार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सईदा खातून, शबनम बानो, सुमेधा राय, फातिमा खातून व शिक्षामित्र विवेक कुमार सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों उपस्थित रहे।



### सम्मेलन में दी परिवार नियोजन की जानकारी

**लालगंज।** स्थानीय एनएएम सेंटर पर गुरुवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देवनीति सिंह की अध्यक्षता में सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें शामिल महिलाओं से पहले एक गुब्बारा, फिर दो, तीन एवं अंत में चार गुब्बारे उड़ाकर अलग-अलग पकड़ने को कहा गया। एक-दो गुब्बारों को महिलाओं ने आसानी से पकड़ लिया, लेकिन तीन-चार गुब्बारा नहीं पकड़ा जा सका। इस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देवनीति सिंह ने बताया कि जैसे एक व दो गुब्बारा आसानी से पकड़ लिया गया और तीन व चार गुब्बारा नहीं पकड़ा जा सका, उसी तरह एक या दो बच्चा का पालन-पोषण आसानी से सभी के किया जा सकता है। तीन-चार या उससे अधिक का पालन-पोषण करने में परेशानी होती है। इसलिए परिवार नियोजन जरूरी है। छोटा परिवार-सुखी परिवार। बड़ा परिवार-सारा जंजाल। इसके बाद सवालों का सही जबाव देने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अजय रावत, विनोद यादव, माधर कुमार, पुनीत सिंह आदि मौजूद रहे।



### 15 से होगा प्रवेश पत्र का वितरण

**बैरिया।** उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊद्वारा संचालित पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा की परीक्षाएं 23 फरवरी से प्रारम्भ होकर दोनों पालियों में 20 मार्च तक चलेगी। पूर्व मध्यमा द्वितीय एवं उत्तर मध्यमा प्रथम प्रातः पाली की परीक्षा 8.30 से 11.45 बजे तक तथा पूर्व मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा अपराह्न दो से 5.15 बजे तक होगी। यह जानकारी द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश पाण्डेय एवं राजमुनी रामपूजन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया की प्रधानाचार्य पुनम सिंह ने देते हुए छात्र-छात्राओं को बताया है कि आगामी 15 फरवरी से प्रवेश पत्र का वितरण होगा।

### गतात्मा की शांति को प्रार्थना


**नगरा।** निर्भया सेना के आजमगढ़ मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पत्रकार आलोक पांडेय के निधन की सूचना पर शोक व्याप्त है। निर्भया सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश मिश्रा बाबा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। निर्भया सेना के रसड़ा स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित शाोक सभा में गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर डा. नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राम सूरज पांडे, मनोज कुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार गुप्ता, तारकेश्वर पांडे, चंद्रशेखर प्रसाद, अवधेश शर्मा, देवनारायण प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### प्रावि का किया निरीक्षण, एमडीएम ने परखी गुणवत्ता


**बलिया।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्य ने प्राथमिक विद्यालय जिराबस्ती का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बातचीत कर पठन-पाठन की गुणवत्ता को परखा। इसके बाद रसोईघर में जाकर वहां की व्यवस्था देखी। बच्चों के लिए बन रहे एमडीएम को चखा। निर्देश दिया कि एमडीएम की गुणवत्ता के प्रति हमेशा गंभीर रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह को निर्देश दिया कि विद्यालयों में लगातार भ्रमण कर बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, धर्मेंद्र सिंह के अलावा जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, सीडीओ प्रवीण वर्मा, एसडीएम सदर प्रशांत नायक आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय सोलर लैंप का निर्माण व विपणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडेय के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशक डॉ0 पुष्पा मिश्रा के निर्देशन में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय सोलर लैंप निर्माण व विपणन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अपायल गांव में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांव की 36 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण देकर उनको लघु उद्योगों से जोड़ना है। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की निदेशक शैक्षणिक डा0 पुष्पा मिश्रा, समाजकार्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डा0 रूबी, डा0 प्रेमभूषण यादव, डा0 संजीव कुमार व सोलर लैंप निर्माण की ट्रेनिंग देने आए प्रवीण कुमार यादव एवं लक्ष्मण चैधरी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन समाजकार्य विभाग के छात्र हरीश यादव ने किया व छात्र आशीष कुमार, सोनी यादव, प्रशांत कुमार उपाध्याय, प्रदीप गुप्ता, अमन गुप्ता कार्यक्रम में शामिल रहे। इस कार्यक्रम के तहत अपायल गाँव की महिलाओं ने सोलर लैंप निर्माण व विपणन सीखने के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



### पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**लालगंज।** क्षेत्र के पंचायत भवन मुरारपट्टी पर खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र यादव की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन, वृद्धा, विधवा पेंशन, आवास, नाली एवं खड़ंजा समस्याएं रखी। खंड विकास अधिकारी श्री यादव ने कहा कि प्राथमिकता से गांव का विकास कराया जा रहा है। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जायेगा। सरकारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित नहीं रहेगा। कोटेदार शासन की मंशा के अनुसार खाद्यान्न का वितरण करें। गांव में तैनात आशा बहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बीडीओ ने सफाई कर्मियों को हिदायत दी कि गांव के नाली-खड़ंजा सहित सार्वजनिक स्थानों पर विधिवत साफ-सफाई करें। समय-समय पर फागिंग मशीन से दवाओं का छिड़काव करें। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मृगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मुन्ना कुमार राम, पंचायत सहायक निरंजन राम, जगदीश राय, रतन कुमार पाठक, राजकुमार मिश्रा, हरे कृष्ण पांडे, अवधेश राय, शिवकुमार मिश्र, निर्मला शर्मा, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

बलिया की खबरें पेज 10 पर देखें........

# 'मित्रों को फायदा पहुंचा रही सरकार'



सकरा स्थित लुटावन महाविद्यालय परिसर में जनसमूह को संबोधित करते पूर्व सीएम अखिलेश यादव।



सकरा स्थित लुटावन महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भीड़।

**गाजीपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि बजट के साथ ही महंगाई की मार पड़नी शुरू हो गई है। दूध महंगा हो गया है। अमूल और पराग ने दूध का दाम बढ़ा दिया है। सफर भी महंगा हो गया है। सामान्य बसों का किराया 25पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया गया है। बढ़ते खाद्य एवं पेट्रोल पदार्थों की कीमत के चलते लोगों को अपनी गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। जनता को विश्वास हो चला है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार पुंजीपति घरानों की संरक्षक हैं। पूंजीपति मित्रों को लम्बे लम्बे कर्ज देने देने वाली सरकार है। देश की अर्थव्यवस्था बने या बिगड़े सरकार को इससे कोई लेना देना नहीं है। सरकार के बजट में मंहगाई को रोकने का कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस के दामों में कोई कमी नहीं हुई है। खाद्यान्न के दामों में बढ़ोत्तरी से आम जनता की थाली खाली रह जा रही है। जनसाधारण की नित्य चिंताओं और परेशानियों पर भाजपा सरकार ने आंख मूंद रक्खा है।

### कार्यक्रम में उपस्थित नेतागण

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह,पुर्व राज्यसभा सांसद अरविंद कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम यादव, दुर्गा प्रसाद यादव,अम्बिका चौधरी, चौधरी लालता प्रसाद निषाद,राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा,जै किशन साहू, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, मुहम्मदाबाद विधायक मन्नू अंसारी, विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव, पुर्व सांसद जगदीश कुशवाहा, पुर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव, पुर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा,पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, गोपाल यादव,महिला सभा की अध्यक्ष आशा यादव,दयानंद यादव,हरिनाथ यादव, सुदर्शन यादव,बच्चा यादव,हैदर अली टाइगर, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आत्मा यादव, सदानंद यादव,दिनेश यादव, निजामुद्दीन खां, आमिर अली, डॉ समीर सिंह,कन्हैयालाल विश्वकर्मा शामिल रहें। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामधारी यादव एवं संचालन पूर्व राज्य मंत्री रमाशंकर राजभर ने किया।

### दलित-पिछड़ों का आरक्षित पद खत्म कर रही भाजपा

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार साजिश के तहत पिछड़ों दलितों के आरक्षित पद खत्म कर रही है।आरक्षण को खत्म करने के लिए रणनीति के तहत निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में पिछले वर्षों में हुई नियुक्तियों में भाजपा सरकार ने पिछड़े और दलितों को उनका हक नहीं दिया। 69हजार शिक्षकों की भर्ती में बड़े पैमाने पर अनियमितता हुई ।पिछड़ों को उनका हक नहीं मिला। प्रदेश में विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में भी दलितों और पिछड़ों को उनका हक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसीलिए समाजवादी पार्टी पिछड़ों और दलितों को उनका हक और सम्मान दिलाने और उनके साथ हो रहे अन्याय और भेदभाव को खत्म करने के लिए जातीय जनगणना की मांग करती है।

### मुख्यमंत्री इन्वेस्टर्स समिट को लेकर बोलते हैं झूठ

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार इन्वेस्टर्स समिट और जी -20 के नाम पर जनता को धोखा दे रही है। सरकार बताए कि पिछले निवेशक सम्मेलन में कितना निवेश आया और कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने लोगों को रोजगार मिला। मुख्यमंत्री इन्वेस्टर्स समिट को लेकर झूठ बोलते है। एक तरफ बजट न देकर उधोगपतियों को भगाया जा रहा है दूसरी तरफ इन्वेस्टर्स मीट कर बुलाया जा रहा है। उन्होंने जनता को बीजेपी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यह मायावी पार्टी है। कब क्या मुद्दा उठा दे पता नहीं चलेगा। भाजपा चमत्कार करती रहती है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। देश की जनता को बड़े बड़े सपने दिखाने के साथ साथ भाजपा सरकार ने अपने एक उद्योगपति मित्र को भी दुनिया का नम्बर एक का उधोगपति बनाने का सपना दिखा रही थी ।उस उधोगपति की प्रधानमंत्री जी से कितनी गहरी मित्रता है किसी से छिपा नहीं है। उस उधोगपति की कम्पनियों में सरकारी संस्थाओं का हजारों करोड़ रूपया लगाया गया है ।वह रूपया आज डूब रहा है।

**स्व.कैलाश यादव की मूर्ति का अनावरण**

पूर्व पंचायती राज मंत्री स्व.कैलाश यादव की पुण्यतिथि के मौके पर सकरा गांव स्थित लुटावन महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्व.कैलाश यादव को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में विधायक डा. विरेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगम वस्त्रम और स्मृति चिन्ह तथा विधायक जै किशन साहू ने मुकुट पहना कर सम्मानित किया।

## ट्रेन से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल



बक्सर-पीडीडीयू पैसेंजर ट्रेन से गिरकर घायल हुई महिला।


**सेवराई/बारा।** बक्सर- पंडित दीनदयाल उपाध्याय पैसेंजर ट्रेन से एक महिला गिरकर गुरूवार को घायल हो गई। पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भदौरा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महिला कुछ भी बता पाने में असमर्थ है, इसलिए उसकी पहचान नहीं हो सकी।

दानापुर - पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड के बकैनिया देवकली के बीच बक्सर से पीडीडीयू जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से गिरकर एक महिला घायल अवस्था में मिली। स्थानीय कुछ लोगों की नजर उक्त घायल महिला पर पड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने गहमर कोतवाली पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक ने खाया जहर

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के तरवनियां में एक युवक ने अज्ञात हाल में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सुबह सैदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए। जहां उसका उपचार किया गया। तरवनियां निवासी मनीष सोनकर 20 ने किसी बात पर विषाक्त पदार्थ का सेवन बीती रात कर लिया। इसके बाद सुबह उसे लेकर परिजन सीएचसी पर आए।

## कामाख्या धाम पर विधायक के प्रयास से सुंदरीकरण शुरू



कामाख्या धाम पर सुंदरीकरण का जायजा लेते विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह।

**सेवराई।** पूर्वांचल का प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम के गेट से मंदिर तक सड़क पर रेडियम लगाने के साथ ही सड़क किनारे दोनों तरफ एक-एक मीटर इंटरलॉकिंग करके जगह को जनपद के सबसे सुंदर बनाने के विधायक ओमप्रकाश सिंह के सपनो को पंख लगना शुरु हो गया है। गुरुवार को जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने सुंदरीकरण व सड़क निर्माण के गुणवत्ता की जांच करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। ज्ञात हो कि मंदिर पर जाने के लिए ताड़ीघाट बारा मुख्य मार्ग से जा रही सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी जिस पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने पहल करते हुए इसे लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर कार्यदाई संस्था द्वारा करीब 800 मीटर तक की सड़क को समतली और चौड़ीकरण करते हुए बेहतर ढंग से बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार को अच्छी तरह से रंगाई पुताई कर कर उसको भव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। गुरुवार को दोपहर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने वहां पहुंचकर चल रहे कार्यों की औचक निरीक्षण करते हुए उसके गुणवत्ता की जांच की। अवसर पर अनिल यादव, कामरान खान, पिंटू बाबा आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों ने दुकानदार को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

**बारा।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बारा गांव में दुकान से घर जा रहे दुकानदार पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित द्वारा गहमर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी साहेब कुरैशी पुत्र जहांगीर कुरैशी ने गहमर थाने में तहरीर दिया कि बुधवार की रात्रि 8:00 बजे वह अपनी दुकान से घर जा रहा था कि बीच रास्ते में गांव के ही सुल्तान कुरैशी, फुरकान कुरैशी पुत्रगण निजाम कुरैशी,साहेब कुरैशी पुत्र समीम आदि लोग उसे व उसके भाई सलाम कुरैशी को मारने पीटने लगे। इससे पूर्व में भी यह लोग इनको बिना कारण ही गाली गुप्ता दे रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बुधवार की शाम जब दोनों भाई अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे तब बीच रास्ते में इन लोगों ने गोलबंदी करते हुए इनके साथ मारपीट किया। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि बारा गांव में मारपीट की घटना हुई है पीड़ित द्वारा तहरीर दिया गया है मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कार सवार बदमाश ने चालक को मारी गोली

**हालत गंभीर**

### ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने हमलावर को पकड़ा



कठवामोड़ पुलिस चौकी पर घटना के बाद कार को देखते राहगीर।

**कठवामोड़।** स्थानीय पुलिस चौकी के करीब गुरूवार की सुबह कार सवार बदमाश ने चालक को गोली मारकर घायल कर दिया। वहीं राहगीरों को आतकिंत कर भागने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण की तत्परता से पुलिस ने आरोपी को दर दबोचा। कठवामोड़ बाजार में सुबह करीब 9:45 बजे मुहम्मदाबाद से गाजीपुर की तरफ कार जा रही थी कि अचानक पुलिस चौकी के सामने ड्राइवर ने गाड़ी रोकी और निकलकर पुलिस चौकी के अंदर जाने का प्रयास कर ही रहा था कि कार में पीछे बैठा एक व्यक्ति ने ड्राइवर को गोली मार दिया। जिससे ड्राइवर को गोली लग गई और बदमाश कठवामोड़ बाजार से होते हुए बगल में भठ्ठे की तरफ भागने लगा।

जब बाजार सहित ग्रामीणों ने घेरे बंदी किया। तब बदमाश फतेहपुर अटवा के मल्लाह बस्ती के तरफ भागने का प्रयास किया कि रास्ते में ही फतेहपुर अटवा का एक लड़का मोटरसाइकिल से जा रहा था। उसे बदमाश पकड़ लिया और असलहा सटाकर फरार होने के लिए कहा मोटरसाइकिल सवार गांव की तरफ जा रहा था। गांव में पहुंचते ही चारों तरफ से लोगों ने घेर लिया। मोटरसाइकिल से उतरकर भागने का प्रयास किया। तभी चारों तरफ से घेर कर ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास पत्थरबाजी करना शुरू किया था। तब तक मौके पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। बलिया जनपद के रसड़ा क्षेत्र निवासी मिथलेश निषाद अपने परिवार के साथ युसुफपुर मुहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन के पास परिवार के साथ रहता था और मुहम्मदाबाद में ही दुकान किया था। कार में मिथलेश निषाद के साथ ही गाजीपुर शहर के तड़बनवा निवासी गौतम भारती का पुत्र चर्चिल भारती बैठाकर आ रहा था। अचानक पुलिस चौकी के सामने मिथलेश निषाद गाड़ी खड़ा कर ज्योहि बाहर निकला था कि चर्चिल गौतम ने गोली मार दिया और वहां से भाग निकला था। तत्पश्चात ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से बदमाश पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा सहित कारतूस बरामद किया गया।

## संक्षेप

### नाबालिग को लेकर फरार युवक गिरफ्तार

**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस ने एक नाबालिग को लेकर फरार एक युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर नाबालिग को भी बरामद कर लिया। जिसके बाद युवक को जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिग को भितरी निवासी नियाज सिद्दिकी पुत्र एजाज सिद्दिकी बीते दिनों बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया था। जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर उसके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इस बीच तफ्तीश में जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी को सैदपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर नाबालिग को बरामद कर मेडिकल व मजिस्ट्रेट के सामने बयान के लिए भेजा। वहीं युवक को जेल भेज दिया गया। नाबालिग द्वारा आरोपी के खिलाफ बयान दिया गया तो आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बाइकों की आमने-सामने भिंड़त,चार घायल

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुहवल ढढनी मार्ग पर रमवल गाँव के समीप आज बृहस्पतिवार को दो बाईकों की आमने सामने जबरदस्त भिडंत हो गई। जिसके चलते बाईक अनियंत्रित होकर बीच मार्ग पर पलट गई। जबकि बाईक सवारों के इधर उधर गिरने से सभी चारों प्रदीप,जितेन्द्र निवासी सुहवल जबकि दीपू,सोनू निवासी रमवल सभी चारों की उम्र करीब 20 से 25 के बीच रही गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके चलते मौके पर चीखपुकार मच गया। इस हादसे में बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को होते ही अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे परिजनों एवं ग्रामीणों ने तुरंत निजी साधन से घायलों को निजी चिकित्सक के यहाँ ले गये,जहाँ हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सुहवल निवासी बाईक सवार दो युवक रमवल की ओर जा रहे थे,कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई,। जिसके चलते दोनों बाईक सवार छिटकर दूर जा गिरे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत, साथी घायल

**जमानिया।** क्षेत्र के ग्राम देवरिया निवासी आकाश यादव 17 पुत्र विजयमल यादव की चंदौली जिले के चहनियां के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। वही पीछे बैठाअमित खरवार16 पुत्र मंगनु खरवार गम्भीर रूप से घायल होगया। जानकारी के अनुसार आकाश यादव अपने दोस्त अमित के साथ बुद्धवार की शाम वाराणसी में किसी के यहां निमंत्रण के लिए निकला लेकिन रात तक वापस ना लौटने पर परिजन परेशान थे कि सुबह बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि चहनियां के पास मेन रोड के बगल की खाई में दोनों बेसुध पड़े है। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुँच आकाश को ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया वही अमित को चंदौली के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### गर्भावस्था में उच्च जोखिम वाली महिलाओं की बचेगी जान

**सैदपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र समेत आसपास की पहली बार गर्भवती हुई करीब 90 महिलाओं की स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क रूप से 8 तरह की जांच की गई। एलटी भुआल प्रजापति, अखिलेश व रजनीश पांडेय ने महिलाओं के नमूने लेने के साथ ही उनकी जांच की। बताया कि प्रत्येक माह के 9 व 23 तारीख को ये आयोजन होता है। जिसका मुख्य उद्देश्य होता है कि गर्भावस्था में उच्च जोखिम वाली महिलाओं को चिह्नित किया जाए।

### शिविर में चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का जांचा स्वास्थ्य

**कासिमाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस जांच शिविर में 75 गर्भवती महिलाओं ने अपना स्वास्थ का जांच कराया।गर्भवती महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए महिलाएं जागरूक दिखने लगी है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कासिमाबाद स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सक के द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। महिला चिकत्सक अलका ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत यह कार्यक्रम होता है। जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता पूर्वक सुविधा उपलब्ध कराने के साथ परामर्श देना है।

### सुहवल की बेटियों ने शील्ड पर जमाया कब्जा



**सुहवल।** बिहार के मुखराव में आयोजित अंतरप्रांतीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के गुरूवार को खेले गये फाइनल मुकाबलें में शिवगंगा महिला फुटबॉल टीम सुहवल ने कैमुर (बिहार) को 6-1 से रौंदकर प्रतिष्ठा परक मुकाबला जीत लिया।मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी व बसपा नेता सतीश यादव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मैन आफ द मैच एवं मैन आफ द सीरिज विजेता टीम की क्रमशः पूजा यादव एवं नेहा को मिला। टीम के गाँव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विजेता टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर रिंकू,सोनू,पिंटू,नितिश, धर्मेन्द्र, कोच राजीव रंजन,राजू ठाकुर, अंकित,सोनाली, प्रियंका,गोल्डी,मुस्कान आदि मौजूद रहे।मैच में निर्णायक अजीत एवं सुनील जबकि उद्घोषक राकेश एवं दीपक रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व को मनाने की तैयारी शुरू



महाहर धाम पर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रंगाई पोताई।

**गाजीपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उमंग और उत्साह नजर आने लगा है। 18 फरवरी को इस पर्व को मनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। शिवालयों की साफ-सफाई के साथ ही रंगाई-पुताई का काम अंतिम दौर में है। पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर मरदह के महाहरधाम के साथ ही शहर के मिश्रबाजार स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, बड़ा महादेवा, बाबा अमरनाथ, चीतनाथ स्थित कोटेश्वर नाथ, लालदवाजा स्थित अभयेश्वर महादेव शिव मंदिर, शिव मंदिर नवापुरा आदि शिवालयों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा सैदपुर के बूढ़ा महादेव, करीमुद्दीनपुर के ऊंचाडीह सहित कई अन्य शिव मंदिरों पर भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक करते हैं। इस बार भी महाशिवरात्रि पर इन मंदिरों पर अच्छी भीड़ उमडने की उम्मीद जताई जा रही है। अब जबकि महाशिवरात्रि पर्व में महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है भक्त और मंदिरों के पुजारी, आयोजक भी इसकी तैयारी में जुट गए हैं। इनकी ओर से मंदिर के साथ ही परिसर की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शिवरात्रि पर सबसे ज्यादा भीड़ मरदह के महाहर धाम पर उमड़ती है। यहां जिले के साथ ही दूसरे जिले के भक्त भी मत्था टेकने के लिए आते हैं। इस अवसर पर धाम पर तीन दिवसीय मेला भी लगता है। मेला में दुकान लगाने वाले इसकी तैयारी में जुट गए हैं। अपनी जगह सुरक्षित कर वहां तिरपाल, चौकी आदि लगा रहे हैं, जिससे कि उन्हें दुकान लगाने में कोई परेशानी न हो। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से भी मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में रणनीति तैयार की जा रही है। किन-किन मंदिरों पर कितनी भीड़ उमड़ती है। कहां-कहां कितनी फोर्स की जरूरत पड़ेगी। इस संबंध में उच्चाधिकारी थानाध्यक्षों से जानकारी ले रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंदिरों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। खासकर महाहर धाम में पर्याप्त फोर्स की तैनाती की जाएगी, जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्व्यवस्था न उत्पन्न हो।

### वाहन ने किशोर को रौंदा,टूटा पैर

**खानपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित टोल प्लाजा पर एक चार पहिया ने अनियंत्रित होकर एक किशोर को रौंद दिया। जिसमें उसका पैर टूट गया। उसे तत्काल एनएचएआई के एंबुलेंस से सैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां से रेफर कर दिया गया। राजवाड़ी निवासी किशन कुमार 16 पुत्र पप्पू पैदल जा रहा था। तभी टोल प्लाजा पर एक चार पहिया चालक ने उससे मारकंडेय महादेव मंदिर जाने का रास्ता पूछा तो उसने बता दिया और आगे बढ़ गया। तभी वहीं चार पहिया आगे बढ़ते ही अनियंत्रित हो गई और उसे रौंद दिया। जिसमें उसका पैर टूट गया।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने वृद्ध दम्पति को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सैदपुर लाया गया। महींचा निवासी सुग्रीव यादव 63 पुत्र स्व. पत्तू यादव अपनी पत्नी बिंदिया देवी 55 संग जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बोलेरो दोनों को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना में दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े।

## मंत्री दयाशंकर मिश्र का भाजपाइयों ने किया स्वागत



शाहनिंदा मार्ग पर मंत्री दयाशंकर मिश्र का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**मुहम्मदाबाद।** आयुष राजस्व मंत्री दयाशंकर मिश्र के बलिया जाते समय शाहनिंदा में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। आयुष मंत्री थोड़ी देर के लिए रुके और नगर के कार्यकर्ता से वातालर्ाप किया। श्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार मुख्य रूप से जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। मोटे अनाजों के बारे में पूछे जाने पर कि मोटे अनाज लुप्त हो गए थे।

इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि सरकार ने इस वर्ष को मिलेट वर्ष घोषित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने भी देश के सभी सांसदों और मंत्रियों को मिलेट का भोजन कराया। हमारे देश में इसकी पैदावार ज्यादा है। इसके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को भी सरकार पूरी मदद करने को तत्पर रहेगी। समाज भी धीरे-धीरे इन मोटे अनाजों की ओर बढ़ेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश गिरी, राम जी गिरी, त्रिलोकी गुप्ता, रंजीत पांडे, गणेश गुप्ता, अमित चौरसिया, प्रदीप राय एवं सत्येंद्र पांडे उपस्थित थे।

### स्कूटी सवार अधेड़ को वाहन ने मारा धक्का

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के औड़िहार में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक स्कूटी सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे फौरन पुलिसकर्मी लेकर सैदपुर सीएचसी आए, जहां से उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। वाराणसी के खजुरी निवासी गुलाम मुहम्मद जिलानी 55 स्कूटी से कहीं जा रहा था। तभी औड़िहार में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें उसका सिर बीच से काफी गहराई तक फट गया।

कुछ देर लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लेकर सीएचसी आई। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा था। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड, कागज आदि के आधार पर उसकी पहचान हुई। साथ ही पता चला कि उसका जिलानी इंटरप्राइजेज के नाम से बड़ा बिजनेस था। घर का कोई व्यक्ति मौजूद न होने के चलते एक कांस्टेबल इलाज के लिए उसे लेकर वाराणसी रवाना हुआ। उसकी हालत बेहद गंभीर थी और वो अचेत था।

# रेल महाप्रबंधक ने रेल खंड का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



रेलखंड का निरीक्षण करते रेलवे महाप्रबंधक अनुपम शर्मा।

**दिलदारनगर।** पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा गुरुवार को दानापुर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय के मध्य कारीसाथ-बिहिया, दरौली-जमानिया, धीना-सकलडीहा रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक आदि पर संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक द्वारा संरक्षा के प्रति अतिरिक्त सजगता एवं उल्लेखनीय कार्य प्रदर्शन पर दानापुर मंडल में कीमैन पद पर कार्यरत सुरेश खरवार को सम्मानित किया गया।

इसके पश्चात महाप्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डाउन रिसीविंग यार्ड तथा यार्ड में स्थित वैगन केयर सेंटर का निरीक्षण किया।

उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के डाउन रिसीविंग यार्ड का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने वहां मालगाड़ी के वैगनों के परीक्षण कार्य, निमार्णाधीन भवन सहित एसएसई कक्ष, पाथवे व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया । इसके बाद महाप्रबंधक द्वारा वैगन केयर सेंटर जाकर वहां वैगनों के मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य सहित उपलब्ध मशीनों, उपकरणों, सुविधाओं आदि का निरीक्षण किया गया।

महाप्रबंधक ने वैगन केयर सेंटर में सीटीआरबी मरम्मत कार्यशाला का लोकार्पण भी किया । इस अवसर पर वैगन केयर सेंटर के सम्मेलन कक्ष में सेमिनार का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रधान मुख्य इंजीनियर, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर तथा दानापुर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ मे वीरेन्द्र कुमार मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रहे।

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

डॉ0 विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-2227778

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह
जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • बाल रोग विभाग • स्त्री रोग विभाग
आकस्मिक और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494
9622125877

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले
एलीगेंट अप्लायंसेज



## जनसंपादकीय

# हिंदु-मुस्लिम संबंधों पर प्रामाणिक लेखन करने वाला कथाकार

**जाहिद खान**



छठे-सातवें दशक के प्रमुख कथाकार गुलशेर अहमद खां, हिंदी कथा साहित्य में अपने उपनाम शानी के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। अपने बेश्तर लेखन में मध्यम, निम्न मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज का यथार्थपरक चित्रण करने वाले शानी पर ये इल्जाम आम था कि उनका कथा संसार हिंदुस्तानी मुसलमानों की ज़िंदगी और उनके सुख-दुख तक ही सीमित है। और हां, शानी को भी इस बात का अच्छी तरह से एहसास था। अपने आत्मकथ्य में शानी इसके मुताल्लिक लिखते हैं, 'मैं बहुत गहरे में मुतमईन हूं कि ईमानदार सृजन के लिए एक लेखक को अपने कथानक अपने आस-पास से और खुद अपने वर्ग से उठाना चाहिए।' जाहिर है कि शानी के कथा संसार में किरदारों की जो प्रमाणिकता हमें दिखाई देती है, वह उनके सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की वजह से ही है।

शानी के कालजयी उपन्यास 'काला जल' की 'सल्लो आपा', संस्मरण 'शाल वनों का द्वीप' की 'रेको', हो या फिर 'जनाजा', 'युद्ध' कहानी का 'वसीम रिजवी' ये किरदार पाठकों की याद में गर आज भी बसे हुए हैं, तो अपनी विश्वसनीयता की वजह से। शानी ने इन किरदारों को सिर्फ़ गढ़ा नहीं है, बल्कि किरदारों में जो तपिश दिखाई देती है, वह उनके तजुर्बे से मुमकिन हुई है। 'काला जल' की 'सल्लो आपा' को तो कथाकार राजेन्द्र यादव ने हिंदी उपन्यासों के अविस्मरणीय चरित्रों में से एक माना है। हिंदी में मुस्लिम बैकग्राउंड पर जो सर्वश्रेष्ठ कहानियां लिखी गई हैं, उनमें ज्यादातर शानी की हैं। 'युद्ध', 'जनाजा', 'आईना', 'जली हुई रस्सी', 'नंगे', 'एक कमरे का घर', 'बीच के लोग', 'सीढ़ियां', 'चेहलुम', 'छल', 'रहमत के फरिश्ते आएंगे', 'शर्त का क्या हुआ', 'एक ठहरा हुआ दिन', 'एक काली लड़की', 'एक हमाम में सब नंगे' वगैरा कहानियों में शानी ने बंटवारे के बाद के भारतीय मुस्लिम समाज के दुख-तकलीफों, डर, भीतरी अंतर्विरोधों, यंत्रणाओं और विसंगतियों को बड़ी ही खूबसूरती से दशार्या है। शानी की कहानियों में प्रमाणिकता और पर्यवेक्षित जीवन की अक्कासी है। लिहाजा ये कहानियां हिंदी साहित्य में अलग ही मुकाम रखती हैं। उन्होंने वही लिखा,जो देखा और भोगा। पूरी साफ–गोई, ईमानदारी और सच्चाई के साथ वह सब लिखा जो, अमूमन लोग कहना नहीं चाहते। भाषा इतनी सरल और सीधी कि लगता है, मानो लेखक खुद पाठकों से सीधा रू-ब-रू हो। कोई भी विषय हो, वे उसमें गहराई तक जाते थे और इस तरह विश्लेषित करते थे, जैसे कोई मनोवैज्ञानिक मन की गुत्थियों को परत-दर-परत उघाड़ रहा हो।



बस्तर जैसे धुर आदिवासी अंचल के जगदलपुर में जन्मे शानी को बचपन से ही पढ़ने का बेहद शौक था। पाठ्यपुस्तकों की बजाय उनका मन साहित्य में ज्यादा रमता था। बहरहाल, बचपन का यह जुनून शानी की ज़िंदगी की किस्मत बन गया। शानी ने खुद इस बारे में एक जगह लिखा है, 'जो व्यक्ति सांस्कृतिक, साहित्यिक या किसी प्रकार की कला संबंधी परंपरा से शून्य बंजर सी धरती बस्तर में जन्मे, घोर असाहित्यिक घर और वातावरण में पले-बड़े, बाहर का माहौल जिसे एक अरसे तक न छू पाए, एक दिन वह देखे कि साहित्य उसकी नियति बन गया है।' जवान होते ही शानी का साबिका ज़िंदगी की कठोर सच्चाईयों से हुआ। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म और पढ़ाई पूरी नहीं करने के चलते, उनकी शुरूआती ज़िंदगी बेहद संघर्षमय गुजरी। जीवन के अस्तित्व के लिए उन्होंने कई नौकरियां बदलीं। मगर ज़िंदगी की कश्मकश के इस दौर में भी अदब से उनका नाता बरकरार रहा। शानी की अच्छी कहानियां और उपन्यास का जन्म प्रतिकूल हालात में हुआ। शानी का पहला कहानी संग्रह 'बबूल की छांव' साल 1956 में आया और महज साल साल के छोटे से अंतराल में उनकी सभी खास कृतियां साहित्यिक पटल पर आ चुकी थीं। कहानी संग्रह 'डाली नहीं फूलती'-1959, 'छोटे घेरे का विद्रोह'-1964, और उपन्यास 'कस्तूरी'-1960, 'पत्थरों में बंद आवाज'-1964, 'काला जल'-1965 में आ कर धूम मचा चुके थे। यही नहीं उनका दिल को छू लेने वाला संस्मरण 'शाल वनों का द्वीप' भी इन्हीं गर्दिश के दिनों में लिखा गया।

शानी के लेखन का जो इब्तिदाई दौर था, वह हिंदी साहित्य का काफी हंगामेदार दौर था। लघु पत्रिकाओं से शुरू हुआ, 'नई कहानी' आंदोलन उस वक़्त अपने उरूज पर था। गोया कि शानी का शुमार भी 'नई कहानी' के रचनाकारों की जमात में होने लगा था। उनकी कहानियां 'कल्पना', 'कहानी', 'कृति', 'सुप्रभात', 'ज्ञानोदय', 'वसुधा' और 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'धर्मयुग' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में छपकर मशहूर हो रही थीं। अनुभूति की गहराई और शैली की सरलता, बोधगम्यता और प्रवाह के चलते उनकी साहित्यिक हल्के में चर्चा होने लगी थी। शानी ने कहानी में काव्यमयी भाषा के साथ तीखे व्यंग्य को अपना मुख्य हथियार बनाया। अपने आस-पास के परिवेश और व्यक्तिगत अनुभव से वे जो ग्रहण कर रहे थे, उन्होंने उसे ही कहानी का विषय चुना। शानी की कहानियों में अनुभव की जो प्रमाणिकता,प्रवाह और समर्पण के साथ एक रचनात्मक आवेग दिखाई देता है, दरअसल, वह इसी वजह से है।

ज़िंदगी के जानिब शानी का नजरिया किताबी नहीं बल्कि अनुभवसिद्ध था। यही वजह है कि वे 'युद्ध', 'जनाजा', 'बिरादरी', 'जगह दो रहमत के फरिश्ते आएंगे', 'हमाम में सब नंगे', 'जली हुई रस्सी' जैसी दिलो-दिमाग को झिंझोड़ देने वाली कहानियां और 'काला जल' जैसा कालजयी उपन्यास हिंदी साहित्य को दे सके। शानी के कथा संसार में मुस्लिम समाज का प्रमाणिक चित्रण तो मिलता ही है, बल्कि हिंदु-मुस्लिम संबंधों पर भी कई मर्मस्पर्शी कहानियां हैं, जो कि भुलाए नहीं भूलतीं। उनकी कहानी 'युद्ध' को तो हिंदी आलोचकों ने हिंदू-मुस्लिम संबंधों के सर्वाधिक प्रमाणित और मार्मिक साहित्यिक दस्तावेजों में से एक माना है। समाज में बढ़ता विभाजन हमेशा शानी की अहम चिंताओं में एक रहा। वे खुद, अपनी ज़िंदगानी में भी इन सवालों से जूझे थे। लिहाजा उन्होंने कई कहानियों में हिंदू-मुस्लिम संबंधों के नाजुक सवालों को बड़ी ईमानदारी और संजीदगी से उठाया है।

शानी आदिवासी अंचल में पैदा हुए और उनका शुरूआती जीवन जगदलपुर में बीता लेकिन उन्होंने आंचलिक कहानियां सिर्फ़ पांच लिखीं। 'चील', 'फांस', 'बोलने वाले जानवर', 'वर्षा की प्रतीक्षा' और 'मछलियां' कहानियों में वे आदिवासी जीवन के अथार्भाव, विषमताओं, पीड़ाओं को पूरी संवेदनशीलता से उकेरते हैं। आदिवासी लोक जीवन को देखने,महसूसने की दृष्टि उनकी खुद की अपनी है। संस्मरण 'शाल वनों के द्वीप' शानी की बेमिसाल कृति है। हिंदी में यह अपने ढंग की बिल्कुल अल्हदा और अकेली रचना है। इस रचना को पढ़ने में उपन्यास और रिपोर्ताज दोनों का मजा आता है। किताब की प्रस्तावना में शानी इसे न तो यात्रा वर्णन मानते हैं और न ही उपन्यास। बल्कि बड़ी विनम्रता से वे इसे कथात्मक विवरण मानते हैं। समाज विज्ञान और नृतत्वशास्त्र से अपरिचित होने के बावजूद उन्होंने जिस तरह मनुष्यता की पीढ़ा और उल्लास का शानदार चित्रण किया है, वह पाठकों को चमत्कृत करता है। हिंदी साहित्य में आदिवासी जीवन को इतनी समग्रता से शायद ही किसी ने इस तरह देखा हो।

जहां तक शानी की भाषा का सवाल है, उनकी भाषा सरल एवं सहज है। हिंदी में वे उर्दू-फारसी अल्फाज के इस्तेमाल से परहेज नहीं करते। अपने समय की महत्वपूर्ण पत्रिका 'कहानी' का भी उन्होंने संपादन किया। मध्यप्रदेश सरकार ने शानी के साहित्यिक अवदान का मूल्यांकन करते हुए, अपने सर्वोच्च सम्मान 'शिखर सम्मान' से नवाजा। दिल्ली दूरदर्शन ने उन पर पैंतालीस मिनिट का एक वृतचित्र बनाया। शानी की कई कहानियां विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं। 10 फरवरी, 1995 को शानी इस जहान से रुखसत हुए। शानी के मा'नी भले ही दुश्मन हो, लेकिन वे सही मायने में इंसान–दोस्त लेखक थे। उनके संपूर्ण कथा साहित्य का पैगाम इंसानियत और मुहब्बत है। हिंदी कथा साहित्य में इंसानी जज्बात को पूरी संवेदनशीलता और ईमानदारी से पेश करने के लिए शानी हमेशा याद किए जाएंगे।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, मोबाइल : 94254 89944)**

# हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट पर हंगामा

## समय- संदर्भ

**रविभूषण**



पिछले महीने 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आने के बाद जो हंगामा जारी है उसके अभी थमने के कोई आसार नहीं है। हिंडनबर्ग रिसर्च एक अमेरिकी वित्तीय शोध कम्पनी है, जिसे छह वर्ष पहले 2017 में नाथन एंडरसन ने स्थापित किया। नाथन एंडरसन ने अमेरिकी की कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में स्नातक किया है। इसके बाद उसने कुछ समय तक इजराइल में एंबुलेंस ड्राइवर का भी काम किया। फिर एक डाटा रिसर्च कम्पनी में उसने नौकरी की, जहाँ उसका काम रुपये-पैसे के निवेश से जुड़ा था। नौकरी करते समय उसने डाटा और शेयर बाजार को अच्छी तरह समझा, उसकी बारीकियों से परिचित हुआ और यह जाना कि शेयर बाजार दुनिया के तमाम पूंजीपतियों की सबसे बड़ी जगह है। शेयर बाजार में जो कुछ होता है, उसे सामान्य व्यक्ति न जानता है, न समझता है। नाथन एंडरसन को यहाँ काम करते हुए फाइनेंशियल रिसर्च कम्पनी आरंभ करने का विचार आया और उसने 2017 में एंडरसन हिंडनबर्ग नामक एक कम्पनी की शुरूआत की।

फील्ड मार्शल पॉल वॉन हिंडनबर्ग 12 मई 1925 से 2 अगस्त 1934 (मृत्यु-तिथि) तक जर्मनी के राष्ट्रपति थे। उनके बाद ही हिटलर जर्मनी का राष्ट्रपति बना। जर्मन पैसेंजर एयरशिप एल जेड 129 हिंडनबर्ग का नाम जर्मनी के राष्ट्रपति हिंडनबर्ग के नाम पर रखा गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका की न्यू जर्सी के मैनचेस्टर टाउनशिप में हिंडनबर्ग हवाई पोत दुर्घटना 6 मई 1937 को हुई थी, जिसमें 36 लोग मरे थे और जो 62 बच गये थे, उनमें 23 यात्री और 39 क्रू मैन (चालक दल) थे। नाथन एंडरसन ने अपनी रिसर्च कम्पनी का नाम यहीं से लिया। उसने डाटा कम्पनी 'फैक्टसेट रिसर्च सिस्टम्स इंक' से अपने कॅरिअर का आरंभ किया। हिंडनबर्ग कम्पनी का मुख्य कार्य शेयर बाजार, इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव्स पर शोध करना है, जिससे शेयर बाजार में गलत तरीके से रुपये-पैसों की हेराफेरी का पता चलता है। शोध के बाद यह कम्पनी एक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। कई अवसरों पर इसने अपनी रिपोर्ट से दुनिया भर के शेयर बाजार को प्रभावित किया है। यह शोध कम्पनी एक निजी कम्पनी है, जिसके कर्मचारियों की संख्या पिछले वर्ष 2022 में मात्र नौ थी। नाथन एंडरसन का रोल मॉडल नाथन हैरी माकोपौलोस है, जिसके अनुसार उनका शिष्य नाथन एंडरसन कुछ भी खोद कर सामने लाने में सक्षम है। अगर किसी घपले और धोखाधड़ी की उसे जानकारी मिले तो वह उसका खुलासा कर डालता है।

हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट का शीर्षक है - "दुनिया का तीसरा सबसे अमीर आदमी किस तरह कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा धोखा कर रहा है"। दुनिया के जिस तीसरे सबसे अमीर आदमी की बात कही गयी है, वह गौतम अदाणी हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अदाणी ग्रुप पर शेयर बाजार में हेराफेरी करने और हिसाब-किताब (अॅकाउण्ट) में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। अदाणी इन्टरप्राइजेज और इसके स्टॉक बाजार पर हिंडनबर्ग ने कई प्रश्न खड़े कर दिये हैं। अदाणी इंटरप्राइजेज के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने इस रिपोर्ट को खारिज किया है और उसने हिंडनबर्ग की तुलना जनरल डायर से की है, जिसने जालियाँ वाला बाग नरसंहार किया था। यह पूरे मामले को राष्ट्रवादी रंग देने की एक कोशिश है। हिंडनबर्ग ने दो वर्ष की जाँच-पड़ताल और गहन खोज के बाद अपनी रिपोर्ट जारी की है। अदाणी के पक्ष में अब कुछ पत्रकार भी आ चुके हैं। हिंडनबर्ग के विरोधियों के अपने कई तर्क हैं। उनके अनुसार यूरोप के कई देशों में हिंडनबर्ग की रिपोर्टों को लेकर केस चल रहे हैं यानी अदाणी को बदनाम किया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि संसद सत्र के आरंभ होने के समय ही यह रिपोर्ट आई और कुछ समय पहले गुजरात नरसंहार (2002) को लेकर बीबीसी की नरेन्द्र मोदी पर बनी फिल्म भी आई। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की समाप्ति के बाद इस रिपोर्ट का आना बहुतों को एक साजिश भी लग रहा है, जबकि रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्न हैं। रिपोर्ट में दश्कों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट में की गयी धोखाधड़ी के उदाहरण हैं। एक ओर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट है, दूसरी ओर इसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

2014 में अदाणी मात्र 8 बिलियन डॉलर के उद्योगपति थे। विश्व के उद्योगपतियों, पूंजीपतियों और धनाढ्यों में तब उनका स्थान 609वां था। पिछले आठ वर्ष में गौतम अदाणी 609वें स्थान से दूसरे नंबर पर पहुँच गये और जनवरी 2023 में 200 बिलियन डॉलर के मालिक हो गए। यह सब एक झटके में नहीं हुआ। पिछले वर्ष की एक रिपोर्ट (ब्लूमबर्ग की) के अनुसार अदाणी ग्रुप का संयुक्त सम्मिलित मूल्य 255 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि इसके सात फर्म का मूल्य 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से भी कम था। अदाणी ग्रुप में कुल 36 कम्पनियाँ हैं। वहाँ भारतीय बीमा निगम (एलआईसी) की हिस्सेदारी है। दो साल में वे 40वें नम्बर से तीसरे नंबर पर पहुँचे। दो वर्ष पहले उनकी नेटवर्थ (शुद्ध मूल्य) 30.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जिसमें 365 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तीन वर्ष के भीतर अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (2015 में स्थापित) का शेयर 4 हजार 500 प्रतिशत बढ़ा। दुनिया के दूसरे-तीसरे नंबर पर गौतम अदाणी अपनी कंपनियों के मूल्य के आधार पर थे, न कि लाभ-प्राप्ति के कारण। पिछले वर्ष 2022 में अदाणी की नेटवर्थ 66.2 बिलियन डॉलर बढ़ी, जबकि अंबानी की 04 बिलियन डॉलर। 2022 में बीएसई (बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का एमकैप (मार्केट कैप, बाजार पूंजीकरण) 12.74 लाख करोड़ बढ़ा था, और अदाणी समूह की सातों सूचीबद्ध कम्पनियों का एम कैप 10.5 लाख करोड़ बढ़ा। ये सात सूचीबद्ध कम्पनियाँ हैं - अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (2015), अदाणी विल्मर (1999), लिमिटेड (नयी सूचीबद्ध कम्पनी), अदाणी पावर लिमिटेड (1996), अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (2004), अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (2013), अदाणी पोर्टस एंड सेज (1998) अदाणी इंटरप्राइजेज (1998)। इसके अतिरिक्त तीन प्रमुख सहायक (सब्सिडियरी) हैं- अदाणी विल्मर (फूड प्रोसेसिंग), अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट (रोड डेवलपमेंट)।

अब अमीरों की सूची में अदाणी 22वें नम्बर पर है। अकार पटेल ने अभी अपने एक लेख 'हाउ द माइटी हैव फॉलेन' (नैशनल हेराल्ड, 5 फरवरी, 2023) में 2016 में 'इकॉनॉमिस्ट' पत्रिका द्वारा प्रकाशित 'क्रोनी कैपिटलिज्म इंडेक्स' का उल्लेख किया है, जिसमें भारत का स्थान संसार में नौवाँ था, सबसे बुरा और उस समय हमारे देश के अरबपतियों के पास भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत था। 2021 में भारत 'क्रोनी कैपिटलिज्म इंडेक्स' में सातवें स्थान पर आ गया और अरबपतियों का प्रतिशत तिगुना (नौ प्रतिशत) बढ़ गया। इसका संबंध मुख्यतः खनन (माइनिंग), कोयला और तेल के साथ आधारभूत संरचना से है, जहाँ सरकार यह निश्चित करती है कि किसे क्या कंट्रैक्ट दिया जाय। हिंडनबर्ग ने अदाणी पर धोखाधड़ी और घोटाले का आरोप लगाया है। हिंडनबर्ग रिसर्च मानव-निर्मित आपदा पर ध्यान देता है। इसने अब तक 16 कंपनियों की गड़बड़ियों का प्रकाशन किया है। इस रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता भी है। इस रिपोर्ट के सामने बोफोर्स, हर्षद मेहता, केतन मेहता कुछ भी नहीं हैं। इस रिपोर्ट के बाद अदाणी को 11.17 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है, जो भारत का रेल, डिफेंस, खाद्य और कृषि बजट से अधिक है। अदाणी ने 10 दिनों में जितना गंवाया है, उतने में देश की 80 करोड़ जनसंख्या 5 वर्ष तक मुफ्त में खाना खा सकती थी। अदाणी की निजी सम्पत्ति 10 दिन में 127 अरब डॉलर से गिर कर 59 अरब डॉलर तक पहुँच चुकी है। केवल तीन घंटे में निवेशकों को 59 हजार 844 करोड़ का नुकसान हो चुका है। भारत के कुल बजट (45.03 लाख करोड़) की एक चौथाई वे गँवा चुके है। विदेश के कई बैंकों ने अदाणी ग्रुप के बांड लेने से इन्कार कर दिया है। इस रिपोर्ट ने भूचाल ला दिया है, सदन के बाहर और भीतर हंगामा खड़ा कर दिया है। विपक्ष ने कई दिनों तक लोकसभा-राज्यसभा नहीं चलने दी। देश के कई हिस्सों में धरना-प्रदर्शन हुआ। संसद में विपक्ष ने अदाणी पर चर्चा करने की माँग की। 16 विपक्षी दलों के नेता गांधी प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए। इस मामले को आम आदमी से जुड़ा मामला कहा जा रहा है क्योंकि एलआईसी और एसबीआई में सामान्य लोगों के पैसे थे। लाखों निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब चुके हैं। केवल एलआईसी के खुदरा शेयर होल्डर 34 लाख है। 46 लाख 95 हजार शेयर होल्डर अदाणी ग्रुप से जुड़े हैं। बीएसइ (बम्बई स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) में एनएसई सबसे बड़ा शेयर धारक है। अदाणी ग्रुप्स के स्टॉक्स में एलआईसी का निवेश है, जिसे लेकर सवाल किये जा रहे हैं। एलआईसी ने पिछले कुछ वर्षों में अदाणी ग्रुप की कम्पनी के कुल 30 हजार 129 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद की है।

विपक्ष ने इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की माँग की है। देश के कई बैंकों का अदाणी समूह पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। अदाणी समूह की कंपनियों में गिरावट से एलआईसी के निवेश-मूल्य में भी कमी आ रही है, जिससे चिंतित होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विशेष जाँच दल (एसआईटी) गठित करने की माँग की जा रही है। निवेशकों और सार्वजनिक उपक्रमों दोनों के हुए आर्थिक नुकसान की जाँच की माँग जायज है। अदाणी समूह के समर्थन में अब आरएसएस भी आ गया है। उसके अनुसार हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के पीछे की पटकथा 2016 और 2017 में लिखी गयी थी। संघ के अंग्रेजी मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में अभी इस प्रकरण पर विचार किया गया है। संघ के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में इसके लिए एक वेबसाइट बनायी गयी थी, जिसका नाम 'अदाणी वॉच डॉट ओ आर जी' है। दूसरी ओर कांग्रेस का कैम्पेन है 'हम अदाणी के हैं कौन?' अदाणी के किसी फर्म की जाँच कभी प्रवर्तन निदेशालय ने नहीं की है। जिसका विशेष ध्यान 'मनी लांड्रिंग' (काला धन को सफेद करना) पर रहता है। जहाँ तक अदाणी इंटरप्राइजेज की बात है, उसके पास अपना एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक शाह धनधरिया है, जिसके चार साझेदार हैं और वहाँ कर्मचारियों की संख्या मात्र ग्यारह है। अदाणी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जोड़ कर बहुत पहले से देखा जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स' के नवम्बर 2020 की एक रिपोर्ट का शीर्षक था 'मोदीज रॉकफेलर गौतम अदाणी एंड द कंसेन्ट्रेशन आर्फ पावर इन इंडिया'। जिस सेक्टर का अदाणी को कोई अनुभव नहीं था, वह उन्हें दिया गया। अभी अदाणी देश के 22 राज्यों में काम कर रहे हैं। अदाणी की सफलता के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माना जाता है। सात एयरपोर्ट अब अदाणी के हवाले है। एयरपोर्ट के निर्माण में सारा खर्च सरकार का है, पर लाभ अदाणी को मिलेगा। पचास साल के लिए सरकार ने उन्हें 'लीज' पर दिया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के सामने वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट दब गयी है। वाशिंगटन पोस्ट ने झारखण्ड में अदाणी के 'पावर प्रोजेक्ट' पर सवाल किये थे। उसके अनुसार पर्यावरण की चिंता नहीं की गयी और जिस स्थानीय जन प्रतिनिधि ने इस प्लांट के विरूद्ध भूख हड़ताल की थी, उसे छह महीने तक जेल में रहना पड़ा। यह प्लांट कोयला आधारित है, जिससे बिजली का उत्पादन होगा और यह बिजली बांग्लादेश को दी जाएगी। रिपोर्ट में इसका जिक्र है कि भारत एक ओर प्रदूषण फैलाने वाले कोयला आधारित प्लांट के बजाय ग्रीन एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखे हुए हैं और दूसरी ओर उसने अदाणी पावर प्लांट लगाने के लिए सारे नियम बदल दिये। सरकार को पर्यावरण की नहीं, अदाणी की चिंता है। अदाणी दुनिया में कोयला से चलने वाले पावर प्लांट और कोयला खदान के सबसे बड़े निजी विकासक हैं। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट मोदी सरकार के पूर्व और वर्तमान अफसरों, अदाणी ग्रुप के कर्मचारियों और विशेषज्ञों से इंटरव्यू (दो दर्जन से अधिक) के आधार पर तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट में 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांग्ला देश के दौरे का जिक्र है क्योंकि इस यात्रा के बीच ही अदाणी के गोड्डा प्लांट की नींव पड़ी थी। अदाणी के पास कोयला से चलने वाले चार पावर प्लांट, कोयले की 18 खदानें और बहुत कुछ शामिल है। अदाणी का एक साम्राज्य है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से फिलहाल जो हंगामा जारी है, वह क्या रूप लेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# गांधी का वह 'आचार्य' शिष्य

## स्मरण

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



महात्मा गांधी को जानने-बूझने का दावा कोई कितना भी करे, लेकिन बहुत कम लोग हैं, जो महात्मा को बूझ सके और लंबे समय तक मन, वचन और कर्म से उनसे जुड़े रहे। विनोबा भावे और आचार्य कृपलानी ऐसे ही बिरले और चुनिंदा लोगों में शामिल हैं। विनोबा जहां गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के तौर पर महाहत हुए, वहीं कृपलानी तीन दशक से भी अधिक समय तक गांधी और कांग्रेस से जुड़े रहे। किन्तु गांधी के जाने के बाद असहमतियों के चलते भिन्न राहों के राही हुए। अपने लंबे जीवन में उन्होंने राजनीति की धूपछांह देखी और जब-तब गुल भी खिलाये। साथ ही वह 'माय टाइम्स' के रूप में आगत पीढ़ियों के लिए समय का दस्तावेज भी छोड़ गये।

पूरा नाम जीवतराम भगवानदास कृपलानी, मगर जाने और पुकारे गए आचार्य कृपलानी, मगर जाने और पुकारे गए आचार्य कृपलानी के नाम से। जन्म बाम्बे प्रेसीडेंसी के सिंध प्रांत में हैदराबाद में 11 नवंबर, सन 1888 को हुआ। वह दस बच्चों में एक थे। पिता सिंध में सब डिवीजन अफसर थे। आचार-विचार में पिता-पुत्र में कभी निभी नहीं। पिता सरकारी मुलाजिम थे और पुत्र विद्रोही। उसे हर चीज के खिलाफ बगावत करनी पड़ी। यही बगावत उन्हें पिता और सिंध से दूर बिहार ले गयी तथा इसी ने उनके और कांग्रेस तथा पंडित नेहरू के दरम्यान फासले पैदा किए।

भिड़ंत या टकराव से उनका रिश्ता युवावस्था में ही जुड़ गया था। वह विलसन कॉलेज, बम्बई के प्राचार्य से झगड़े, जहां वह छात्र रहे थे। इसी वृत्ति के चलते वह किसी भी संस्थान में अधिक काल तक अध्यापन नहीं कर सके। अलबत्ता उन्हें फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे रास आया, जिसे समर्पित राष्ट्रवादियों ने स्थापित किया था। उन्होंने सिंध के कुछ विद्यालयों में भी अध्यापन किया, लेकिन हुकूमतपरस्त पिता का साया तकलीफदेह था। बकौल कृपलानी, 'मैं अपने पिता से कोई भिड़ंत नहीं चाहता था, सो दूरदराज बिहार में नौकरी कर ली। पिताजी फारसी के विद्वान थे और 85 की उम्र पाई।'

कृपलानी के महात्मा गांधी से जुड़ने का किस्सा बड़ा ही दिलचस्प है। वह सन 1915 में कलकत्ते में एक मीटिंग में पहलेपहल गांधी से मिले थे। उनके शब्दों में, 'मैं इस अजीब-गरीब इंसान को देखना चाहता था, क्योंकि मैंने दक्षिण अफ्रीका में उनकी उपलब्धियों के बारे में सुना था।' गौर करें कि भारत तब गांधी युग की देहरी से भी तनिक दूरी पर था। बहरहाल, उन्होंने गांधी को देखा और सुना। कृशकाय गांधी ने दीर्घकाय कृपलानी पर असर डाला। दृष्टिसंपन्न गांधी को युवा कृपलानी में कुछ ऐसा कीमती तत्व नजर आया था कि कुछ दिनों बाद कृपलानी को गांधी का तार मिला कि वह चंपारन जाते हुए मुजफ्फरपुर रुकेंगे। कृपलानी तब गवर्नमेंट कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर थे। गांधी के शब्दों में कहें तो, 'उन दिनों मेरे जैसे एक व्यक्ति को शरण देना एक सरकारी व्यक्ति के लिए असाधारण बात थी।' मगर असाधारण घटित हुआ। कृपलानी ने लिखा-'गांधीजी के आने पर नीचे वाला प्रोफेसर इतना डर गया था कि सामान सहेजा और भाग गया।' जब कृपलानी ने छात्रों को अफने अनूठे अतिथि के बारे में बताया तो वे सब आगवानी को व्यग्र हो उठे। रात काफी बीत चुकी थी। मगर जज्बात जीते। तय हुआ कि गांधी की विधिवत आरती उतारी जाए। प्रश्न था नारियल का। पास ही पेड़ था। कृपलानी पेड़ पर चढ़ गए और नारियल तोड़ लाए। गांधीजी आए। चंपारन सत्याग्रह ने इतिहास रचा। कलेक्टर ने फर्मान जारी किया-'24 घंटे में जगह छोड़ दो।' आत्मबली गांधी ने कहा-'मैं नहीं जाऊंगा।' यह राष्ट्रीय रंगमंच पर नयी शक्ति का उदय था। गांधी लिखते हैं-'कृपलानी अपनी किस्मत हमारे साथ ही जोड़ सकते थे। वे मेरे प्रमुख दरबान थे। फिलहाल मुझे दर्शनार्थियों से बचाने को उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य बना रखा था। वे कभी अपनी पक्की हास्यवृत्ति और कभी अपनी अहिंसापूर्ण धमकियों का सहारा लेकर लोगों को दूर रखते थे। रात ढलने पर वे अपना अध्यापक का पेशा संभालते। अपने अध्ययन और टिप्पणियों से अपने साथियों का मनोरंजन करते और किसी भी दब्बू दर्शनार्थी को शेरदिल बना देते।'

कृपलानी की राजनीतिक जागरुकता का किस्सा भी कम दिलचस्प नहीं है। पत्रकार-संपादक आरएम लाला को कभी उन्होंने बताया था-'कॉलेज में मैं मस्ती मारा करता था। यह बम्बई में प्लेग का काल था। मैं पता लगाता कि पिछले दिन प्लेग से कितनी मौते हुई, ताकि कॉलेज में छुट्टी कराई जा सके। फिर मैंने एक दिन एक अखबार विपिनचन्द्र पाल द्वारा संपादित 'न्यू इंडिया' को देखा। मैंने उसे पढ़ा। उसने मुझे कायल कर दिया कि भारत में अंग्रेजों की मौजूदगी एक पाप है, जिससे मुक्त होना ही होगा।' 'न्यू इंडिया' ने जमीन गोड़ी। गांधी ने उर्वरा माटी में सरोकारों के उन्नत बीज डाल दिये। लाला ने कृपलानी से अर्सा बाद पूछा-'आप पर गांधीजी का क्या प्रभाव पड़ा?'

बिला शक कह सकते हैं कि इस पुनर्पाठ ने युवा कृपलानी को खांटी सत्याग्रही बना दिया। सत्य की टेक उन्होंने कभी नहीं छोड़ी, गांधी के नहीं रहने पर भी नहीं। वे गांधी के हो गये। मुकम्मल गांधीवादी। महामना मदनमोहन मालवीय ने सन 1918 में गांधीजी को पत्र लिखकर ऐसे किसी युवक की सेवाएं मांगीं, जो उन्हें काशी हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना में सहायता दें। बापू ने तत्परता से कृपलानी का नाम सुझाया। सन 1920 में असहयोग आंदोलन शुरू हुआ। कृपलानी ने विश्वविद्यालय छोड़ दिया। साथ में 25 छात्रों ने भी। उन्होंने ग्रामीण कार्यों के लिए आश्रम की शुरूआत की। जल्द ही राष्ट्रीय आदर्शों का विद्यालय शुरू हुआ, ताकि गांधी के आवाहन पर पढ़ाई त्याग चुके विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इन्हीं छात्रों में नाटे कद का एक जिज्ञासु और मेधावी छात्र भी थे। लालबहादुर नामक इस छात्र ने शास्त्री की उपाधि पाई और चार दशक बाद प्रधानमंत्री बनकर काशी विद्यापीठ का नाम रोशन किया। जब शास्त्री प्रधानमंत्री थे, उनके गुरू कृपलानी विपक्ष की बेंचों पर बैठकर सत्ता पक्ष पर करारे प्रहार किया करते थे। बहरहाल, सन 1923 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने कृपलानी को स्वसंस्थापित राष्ट्रीय शिक्षण-संस्थान गुजरात विद्यापीठ में प्रधानाचार्य का दायित्व संभालने का न्यौता दिया। यहीं कृपलानी आचार्यत्व से मंड़ित हुए और आचार्य कृपलानी नाम से जाने गये। सन 1928 में उन्होंने अध्यापन छोड़ दिया। सन 30 और सन 40 के दशक में आजादी के लिए तीव्र और निर्णायक संघर्ष में वे पहली पंक्ति में सक्रिय रहे। सन 1934 से 46 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रहे। सन 1947 में देश जब आजाद हुआ, वह कांग्रेस के अध्यक्ष थे। आजादी की लड़ाई में नेताओं की रग-रग से वाकिफ आचार्य ने नेताओं पर दिलचस्प टिप्पणियां कीं। उनकी नजर में नेहरू और जिन्ना दोनों आत्मकेंद्रित थे और सरदार पटेल को असहमति पसंद नहीं थी। पटेल जानते थे कि जवाहर को उनके मुकाबले ज्यादा समर्थन हासिल है। आचार्य अनेकशः जेल गये। नमक सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो से जुड़े। संविधान-सभा और अंतरिम सरकार में रहे। पटेल और नेहरू से उनके मतभेद रहे और उन्होंने अबुल हाशिम और शरतचंद्र बोस की मुखालफत करते हुए पंजाब और बंगाल के विभाजन की हिमायत की। अपनी आत्मकथा 'माई टाइम्स' में उन्होंने गांधी, सीमांत गांधी और डॉ. लोहिया को सराहते हुए अन्य को आड़े हाथों लिया। वह जब चालीस पार कर चुके थे, उन्होंने बीस वर्ष छोटी सुचेता से विवाह किया। बापू ने पहले इसका विरोध किया। अनुमति तो दी, लेकिन आशीष के बजाय कहा कि वह सिर्फ प्रार्थना कर सकते हैं। 40 बाद कृपलानी ने लिखा-'गांधी जी की प्रार्थनाएं ही काफी थी। उनकी प्रार्थनाओं के कारण हम सुखी जीवन जीते रहे।' आजादी के बाद आचार्य के नेहरू से मतभेद बढ़े। वह कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव में सरदार के प्रत्याशी पुरूषोत्तमदास टंडन से हारे। कांग्रेस से विमुख हुए। लेकिन सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। आचार्य ने किसान मजदूर प्रजा पार्टी की स्थापना की, जिसका सोशलिस्ट पार्टी में विलय हुआ। सन 1952 में वह फैजाबाद से संसद का चुनाव हारे, किन्तु भागलपुर उपचुनाव में प्रसोपा से जीते। सन 1957 में वह सीतामढ़ी से जीते, लेकिन सन 51 में बहुचर्चित चुनाव में वीपी मेनन से पराजित हुए। सन 1963 और सन 1967 में वह गुना से स्वतंत्र पार्टी से जीते। संसद में उन्होंने अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। उन्हें सन 1963 में लोकसभा में सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का श्रेय प्राप्त है।

आचार्य कृपलानी के मनस पर सत्य के पक्ष में अकेले खड़े होने की गांधी की क्षमता ने गहरा असर डाला। गांधी से उन्होंने अकेले खड़ा होना सीखा। सन 1977 के चुनाव में उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ व्यापक प्रचार किया। 26 जून, 1975 को इमर्जेन्सी के तत्काल बाद वह गिरफ्तार कर लिए गए थे। सन 77 में कांग्रेस हारी तो उन्हें और जेपी को जनता सांसदों से मिलकर प्रधानमंत्री चुनने का जिम्मा सौंपा गया। जेपी का झुकाव बाबू जगजीवन राम की ओर था, किन्तु कृपलानी के सुझाव पर मोरारजी भाई प्रधानमंत्री बने। उन्होंने जनता पार्टी का उत्थान और पतन अपनी आंखों से देखा। सन 74 में पत्नी के निधन के बाद वह अकेले रह गये थे और मिट्टी के पांवों वाले राजनीतिज्ञों का हश्र देख रहे थे। घटनाप्रधान लंबा जीवन जीकर उन्होंने 19 मार्च, सन 1982 को देह त्याग दी।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

## व्यंग्य

# हवाई अड्डों पर बहाल हों झाड़- फूंक विशेषज्ञ



**नवेन्दु उन्मेष**

बाबा बोतलदास अखबार कांख में दबाये हुए सुबह-सुबह मेरे घर पधारे। मैंने उनसे पूछा बाबा क्या हालचाल है। तो उन्होंने अखबार के पन्नों को खोलकर पलटते हुए कहा यह देखो आज का अखबार। इसमें लिखा है कि फ्लाइट में एक महिला कपड़े उतार कर चहलकदमी कर रही थी। खबर पढ़कर ऐसा लगता है गोयाकि वह फ्लाइट में न होकर किसी सौदर्य प्रतियोगिता के रैम्प पर कैट वाक कर रही हो। मैंने कहा बाबा इनदिनों रोज ब रोज फ्लाइट में चलने वाले यात्रियों के किस्से अखबारों में छप रहे हैं। कोई दारू पीकर विमान के सहयात्री पर पेशाब कर दे रहा है तो कोई गुटका खाकर विंडो खोलना चाहता है। तो किसी को दिल्ली से पटना जाना हो तो उसे उदयपुर पहुंचा दिया जाता है। पढ़कर ऐसा लगता है कि फ्लाइटें बुरी नजरों से गुजर रही हैं। इसके लिए सरकार को फ्लाइट उड़ाने से पूर्व बुरी नजरों को उतारे की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रत्येक हवाई अड्डे पर झाड़- फूंक विशेषज्ञ की बहाली होनी चाहिए। हवाई जहाज उड़ाने से पहले उसे तंत्र-मंत्र से झाड़ा जाना चाहिए। अगर इस व्यवस्था में देरी हो तो कम से कम एक नींबू और मिर्चा तो प्रत्येक शनिवार को फ्लाइट के अंदर या बाहर बांधा ही जाना चाहिए। इसके अलावा एक लाल कपड़े में नारियल बांधकर फ्लाइट के अंदर टांगा जाना चाहिए ताकि किसी यात्री या विमान को कोई बुरी नजर नहीं लगे। अगर यात्रियों को बुरी नजर नहीं लगेगी तो वे किसी प्रकार की अशोभनीय हरकत नहीं करेंगे।

बोतलदास ने कहा कोरोना काल के बाद फ्लाइटों की अर्थव्यवस्था चैपट हो गयी है। फ्लाइटों को समुचित मात्रा में यात्री मिल कहां रहे हैं कि यह सब व्यवस्था विमान प्रबंधन विभाग करे।

तब मैंने उन्हें सुझाव दिया कि विमान प्रबंधन विभाग किसी गली-कूचे से उठाकर झाड़ू और सूप तो ला ही सकता है। इन झाड़ू और सूप को विमान में बांधा तो जा ही सकता है। इससे भी बुरी नजरें फलाइट से दूर रहेंगी। अगर सबसे सस्ता उपाय मैं बताउं तो विमानों को उड़ाने से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया जा सकता है। वैसे हनुमान चालीसा में कहा भी गया है कि भूत पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे, नाशे रोग हरे सब पीडा, जपत निरंतर हनुमत बलबीरा। वे बोले तुम्हारा सुझाव तो अच्छा है, लेकिन विमान प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के दिमाग में यह बात आये तब तो फ्लाइटों का कायाकल्प ही हो जाये। इससे लाभ यह भी होगा कि यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। घाटे में चल रही विमान कंपनियों का घाटा भी पूरा होगा।

आगे बात बढ़ी तो मैंने बाबा बोतलदास को कहा कि हमारा देश धर्मपरायण देश है। कोई भी शुभ कार्य करने से पूर्व गणेश पूजन की जाती है। ऐसी व्यवस्था फ्लाइटों को उड़ाने से पूर्व की जा सकती है। इससे फ्लाइट के अंदर सब कुछ शुभ होगा। ऐसा करने से फ्लाइटों के अंदर से जो बुरी खबरें आती हैं वह भी बंद हो जायेंगी।

मैंने देखा कि मेरी बातों में बाबा को बड़ा मजा आ रहा है तो मैंने एक और सुझाव दे डाला। कहा जब विमान के यात्री किसी हवाई अड्डे पर उतरें या चढ़े तो कुंवारी कन्याओं के द्वारा उन पर फूल और अच्छत के अलावा गंगा जल का भी छिड़काव किया जाना चाहिए। इससे सब कुछ शुभ होगा और उनकी यात्रा भी मंगलमय होगी।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9334966328)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सांसद ने जनपद के विकास के लिए संसद में उठाया मुद्दा

**अपनी बात**

### संसदीय क्षेत्र को रिंग रोड से जोड़ने की उठाई मांग

जनसंदेश न्यूज


संसद में अपनी बात रखती सांसद संगीता आजाद।

**ठेकमा (आजमगढ़)।** केंद्र सरकार के बजट में इनके घोषणाओं और उम्मीदों की बरसात होती रही है। किन्तु वे सब बेइमानी हो गयी क्योंकि भारत का मध्यम वर्ग मंहगाई, गरीबी, बेरोजगारी और कोविड के चलते लोवर मीडिल क्लास बन गया।

संगीता आजाद ने संसद में अपनी आवाज उठाते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्षों से कुछ ज्यादा अलग नहीं है। सरकार अपने पिछले वर्षों की कमियों को नहीं बताती। अपने कमियों को छिपाने के लिए नए वादों की झड़ी लगा देती है। सच्चाई यह है कि सौ करोड़ से अधिक जनता का जीवन हमेशा दाव पर लगा रहता है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में सरकार द्वारा एकलव्य माडल आवास के लिए 3943 करोड़ रुपए की वृद्धि की गयी जो सराहनीय कदम है।

अनुसूचित व ओबीसी छात्रों को इस तरह के छात्रावासों की जरूरत है। खासकर मेरे आजमगढ़ में अभी भी कई एकड़ सरकारी जमीन खाली पड़ी है यह जनपद एक मंडल है जहां महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय भी संचालित है। इसके चलते कई जनपदों के छात्र यहां पठन पाठन करने आते हैं। इन छात्रों के लिए इसी तरह के कोचिंग सेंटर व छात्रावास बनाये जायं।

बजट में ब्लाक कार्यक्रम की सफलता को सरकार स्वास्थ्य पोषण शिक्षा, कृषि जल संसाधन वित्तीय कार्यक्रम के लिए सरकार पांच सौ ब्लाकों का चयन करने का कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। आजमगढ़ के समस्त ब्लाकों को इस योजना से जोड़ने का कार्य किया जाय।

### छोटे उद्यमियों को आधुनिक उपकरणों से किया जाय लैस

**ठेकमा आजमगढ़।** संसद में बोलती हुई सांसद संगीता आजाद ने कहा कि आजमगढ़ में ब्लैक पाटरी उद्योग, काले मिट्टी के बर्तन का उद्योग और रेशम उद्योग में मुबारकपुर की साड़ियां शामिल हैं, ऐसे छोटे-छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए इनके बिजली बिल को माफ किया जाय। इनको आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाय तथा जीएसटी से मुक्त किया जाय। छोटे व्यापारियों को व्यापारिक क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जाय। आजमगढ़ में लाल सोना कहे जाने वाले लाल मिर्च की खेती होती है इसके भण्डारण एवं निर्यात का प्रबंधन न होने के कारण इसका उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इसके लिए कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जाय। सनई की खेती पहले हमारे यहां होती थी लेकिन अब मृतप्राय हो चुकी है। किसानो को प्रोत्साहित किया जाय जिससे जूट उद्योग यहां स्थापित हो सके। मेरी सरकार से मांग है कि आर्गेनिक खाद और श्रीअन्न (मोटा अनाज) के बीज उपलब्ध कराया जाय जिससे आजमगढ़ में इस तरह के अन्न की भारी मात्रा में खेती हो सके। मत्स्य संपदा योजना के तहत लोगों को प्रोत्साहित किया जाय।

### नदियों पर पुल बनाकर गांवों को एक्सप्रेस-वे और फोरलेन से जोड़ा जाय

**ठेकमा आजमगढ़।** सासंद संगीता आजाद ने कहा कि आजमगढ़ नदियों और तालाबों से घिरा है नदियों पर पुल बनाकर गांवों को एक्सप्रेस-वे और फोरलेन से जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र से 40 किमी प्रधानमंत्री का क्षेत्र है और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री का क्षेत्र जुड़ा है। आजमगढ़ बीच में होने के कारण पूर्वांचल का दिल कह सकते हैं, यह दोनों क्षेत्रों से बड़ा जिला है जिसका विकास अधूरा है। अमृत काल का यह बजट उत्सव मनाने वाला है लेकिन आजमगढ़ को यदि अतिरिक्त बजट दे दिया जाय तो यहां के लोग भी उत्सव मना सकें।

# महाविकास योजना की रूपरेखा तैयार न होने से विकास ठप

जनसंदेश न्यूज

**ठेकमा आजमग।** संसद में बोलती हुई सांसद संगीता आजाद ने कहा कि आजमगढ़ में महाविकास योजना की रूपरेखा अभी तक तैयार नहीं है जिसके कारण भूमि आवंटन नहीं हो पाया है। कौन ग्रीन लैण्ड, औद्योगिक क्षेत्र, कहां सरकारी जमीन, कहां पार्क, कहां क्रीड़ा स्थल व कहां वनीकरण है, इसका कोई भी मास्टर प्लान अभी तक तैयार नहीं है।

एडीए ने 2021 में महायोजना का प्लान बनाकर शासन को भेजा है लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। अमीर, गरीब अपने आशियाने का सपना संजोये इस प्लान को लागू करने का इंतजार कर रहे हैं। औद्योगिक भूमि अलग न होने के कारण कारपोरेट व बड़े ब्राण्ड की कंपनियां जनपद में रूख नहीं कर रही हैं जिसके कारण यहां विकास व रोजगार पूरी तरह से ठप है।

आजमगढ़ चारों तरफ से तमसा व घाघरा से घिरा हुआ है। हर साल बाढ़ से सैकड़ों जानमाल का नुकसान होता है। मेरी सरकार से मांग है कि रिवर फण्ड बनाकर बाढ़ को नियंत्रित किया जाय। हाल ही में प्रधानमंत्री ने गंगा नदी में कामर्शियल ग्रुप का उद्घाटन किया मैं चाहती हूं कि मेरे जिले की नदियों को भी जोड़ा जाय जिससे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जो नदियों से नदियों को जोड़ने का सपना देखा था उसे पूरा किया जा सके।

आजमगढ़ के चारों तरफ रिंग रोड का प्लान बनाकर जोड़ा जाय और उसे मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज, फूलपुर निजामाबाद तथा बूढ़नपुर तहसील को जोड़ा जाय। एनएच 233 पिछले 6 वर्षों से बनने को है लेकिन आज तक उसका कार्य पूरा नहीं हुआ। पीएमजेएसवाई सड़क योजना अंतर्गत सिर्फ 50 प्रतिशत ही काम हुआ है। हर घर नल योजना अंतर्गत अभी तक 30 प्रतिशत ही सर्वे हुआ है। आजमगढ़ में घरेलू उद्योग गलियारे की स्थापना की जाय। जनपद का मंदुरी एयरपोर्ट पूरी तरह से बनकर तैयार है, उसे जल्द से जल्द संचालन में लाया जाय और मंदुरी से तहबरपुर, निजामाबाद, मुहब्बतपुर, आजमगढ़ वाराणसी फोरलेन से जोड़ा जाय।

आजमगढ़ के इटौरा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, चक्रपानपुर मेडिकल कालेज, मेहनाजपुर सिधौना तक पूरी सड़क को फोरलेन में तब्दील किया जाय जिससे वाराणसी और आजमगढ़ के लिए सीधा मार्ग बन जाय और ट्रैफिक बंट जाय जिससे आजमगढ़ और मेडिकल कालेज जाने के लिए राह आसान हो जाय। आजमगढ़ वाराणसी नई रेलवे लाइन का बजट 2022-23 में स्वीकृत किया गया है लेकिन इसका कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इसमें तेजी लायी जाय।

लालगंज में स्टेशन बनाया जाय जिससे लोकल प्रोडक्ट अनाज, फल आदि के निर्यात में आसानी हो सके और एक वंदे भारत ट्रेन मेरे भी जिले में चलायी जाय।

# कार्यों की एमआईएस इंट्री अनिवार्य : डीएम

## ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी न्यू जनरेशन गाइडलाइन 2021 प्रभावी होगी

जनसंदेश न्यूज


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-2.0 योजनान्तर्गत डब्ल्यूसीडीसी की बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजनान्तर्गत प्रेषित धनराशि के उपभोग, कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एमआईएस पोर्टल पर पंजीयन के साथ यथा वांछित आधारभूत ऑकड़ों की प्रविष्टी अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाय। परियोजनान्तर्गत निष्पादित किये जा रहे सभी कार्यों तथा प्रशिक्षण सूत्रों का कार्य से पूर्व, कार्य के मध्य तथा कार्य के पश्चात (प्री,. ड्यूरिंग एवं पोस्ट) जियो टैग्ड फोटोग्राफ्स अनिवार्य रूप से लिया जाय तथा इसके पश्चात ही भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। उन्होने कहा कि कार्यों का एमआईएस इन्ट्री अनिवार्य है। योजना के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान जीरों बैलेन्स खाते पीएफएमएस आधारित भुगतान किया जाना है। यदि आवश्यक हो तो सम्बन्धित कार्मिक को इस कार्य में प्रशिक्षित कराया जाय, यदि जनपद स्तर पर प्रशिक्षण में कोई अवरोध हो ऐसी दशा में एसएलएनए कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

उन्होने कहा कि वाटरशेड कमेटी स्तर पर जीरो बैलेन्स परियोजना खाता एवं वाटरशेड विकास निधि खाता आवश्यक रूप से खोला जाय। किसी भी कार्य, विषय पर संदेह की स्थिति में वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 संचालन हेतु संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी न्यू जनरेशन गाइडलाईन 2021 प्रभावी होगी।

भूमि संरक्षण अधिकारी, ऊसर सुधार ने बताया कि वाटरशेड कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शामिल सभी कार्यकर्ताओं और भागीदारो के क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण के कार्य को सुनिश्चित कार्य योजना और अपेक्षित व्यावसायिकता और योग्यता के साथ क्षमता का विकास किया जाना प्रस्तावित है। डब्लूडीसी-पी0एम0के0 एस0वाई0-2.0 में कृषि विभाग (आत्मा योजना, पीएम कुसुम, कृषि यंत्रीकरण, नेशल फूड सिक्योरिटी मिशन आदि), पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग, मनरेगा, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत डीपीआर निर्माण के समय सभी योजनाओं का कन्वर्जेंस शामिल करते हुये परियाजना का क्रियान्ववयन कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, उप निदेशक, भूमि संरक्षण संजय सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी धर्मेन्द्र पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी डा. गगनदीप सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवां के वैज्ञानित सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

## आवास आवंटन में हुई गोलीबारी का मामला

**आजमगढ़।** थाना मेंहनाजपुर में आवास आवंटन के दौरान गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया है।

बीते 24 जनवरी को ग्राम पंचायत दक्षिण का पूरा थाना मेहनाजपुर के पंचायत भवन में आवास आवंटन को लेकर ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित खुली बैठक में शिवशंकर सिंह उर्फ घुरे सिंह (पूर्व प्रधान मेहनाजपुर), जितेंद्र यादव निवासी औंडिहार, थाना सैदपुर, गाजीपुर, बबन सिंह उर्फ विजय सिंह व सोनू सिंह निवासी औंडिहार कला महमूदपुर गाजीपुर द्वारा अपात्रों को आवास आवंटन कराने का दबाव बनाया गया जिसका विरोध प्रदीप सिंह इत्यादि द्वारा करने पर राइफल से फायरिंग की गई। जिसमें प्रदीप सिंह उर्फ भीम सिंह व सवेन्दू सिंह उर्फ मुन्ना की जांघ में गोली लग गई। तथा हिमांशु सिंह उर्फ बेटू की गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना मेंहनाजपुर पर शिवशंकर सिंह उर्फ घूरे (पूर्व प्रधान), जितेन्द्र यादव, बब्लू सिंह, सोनू सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू सिंह उर्फ सुशील सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी औंडिहार कला महमूदपुर थाना सैदपुर गाजीपुर फरार चल रहा है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित, फरार अभियुक्त सोनू सिंह उर्फ सुशील सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी औंडिहार, कला महमूदपुर थाना सैदपुर गाजीपुर की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से अभियुक्त पर 25 हजार का नकद पुरस्कार घोषित किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने की फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग

**लालगंज (आजमगढ़)** अधिवक्ताओ के विरुद्ध दर्ज मुकदमे से आक्रोशित अधिवक्ताओ ने बैठक करके फर्जी मुकदमे की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए अधिकारियों को पत्र दे कर चैकी प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही व फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग किया। मांग पूरी होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।

दी बार एसोसिएशन की एक आपात बैठक वृहस्पतिवार को राजनाथ यादव की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में बार कौन्सिल के निर्देश पर आन्दोलन कर रहे अधिवक्ताओं के विरुद्ध चैकी प्रभारी द्वारा मनगढ़ंत व फर्जी प्राथमिक दर्ज कराए जाने की कड़े शब्दों में निन्दा की गयी तथा पूरे घटनाक्रम क्रम को बार कौन्सिल व जिले के सभी बार एसोसिएशन को अवगत करा कर सहयोग लेने तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र दे कर चैकी प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग करने का निर्णय लिया गया ।उक्त मांग पत्र की प्रतिलिपि शुक्रवार को समस्त अधिवक्तागण सामूहिक रुप से उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को देगें ।तथा मांग पूरी होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया ।बैठक में काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे जिसका संचालन महामंत्री देवेन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया। इसी क्रम में तहसील बार एसोसिएशन की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में आहूत हुई ।बैठक में साजिश के तहत दर्ज कराए गए प्राथमिकी की घोर निन्दा करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए फर्जी प्राथमिकी को वापस लेने की मांग करते हुए बार कौन्सिल व जनपद के समस्त बार एसोसिएशन को प्रस्ताव की प्रतिलिपि भेजने व मांग पूरी होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

बैठक में विंध्यवासिनी राय, रामसेवक यादव, हामिद अली, ओमप्रकाश मिश्रा, हरी यादव, लल्ले मिश्रा, तेजबहादुर मौर्या, दीपक यादव, जितेंद्र सिंह, सुधीर कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# सास, बहू बेटा सम्मेलन सम्पन्न

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** आवंक अतरिक्त स्वास्थ्य केंद्र प्रागंण में गुरुवार को सास बहू बेटा सम्मेलन हुआ जिसमें रिश्तों के साथ ही सीमित परिवार और बीमारियों से बचाव पर भी चर्चा हुई। जागरूकता रैली भी निकाली गयी। मुहम्मदपुर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आवंक. खालिसपुर, सिरसाल, चकमेउवा आदि गांव की 80 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सास बेटा बहू के इस कार्यक्रम में रिश्तों को स्वास्थ्य की दृष्टि से देखते हुए एहमियत के बाबत बताया गया। परिवार में तीन महत्वपूर्ण कड़ियो के बाबत स्वास्थ्य सबंधी देख रेख पर बल दिया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन, बीमारियों से बचाव हेतु सतर्कता बरतने पर भी बल दिया गया। इस दौरान विवाह बाद तीन वर्ष का बच्चों में अंतर, समय पर टीकाकरण पर तीन महिलाओं को प्रथम को साड़ीसेट, द्वितीय को वर्तन और तृतीय को टिफिन बाक्स देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर दवा देने के अभियान पर रैली निकाल जागरूक किया। कार्यक्रम में डा.अनील यादव, डा.अजीत यादव, अखिलेश राय, प्रभा सिंह, राधा यादव सहित स्वास्थ्य टीम के अलावा आशा, आगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रहीं।

# फर्जीवाड़ा करने वाले के हाथ में सौंप दी गयी जांच

**कैसे होगा न्याय**

**न्याय की आस में भटक रहा पीड़ित**

**आलाधिकारियों से लगायी न्याय की गुहार**

**माहुल नगर पंचायत का मामला**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** पीड़ितों को न्याय कैसे मिले जब लेखपाल की ही शिकायत हो और वही लेखपाल जांच कर आख्या दे। यह तो वही बात हो गयी बकरा का फैसला कसाई के हाथ तो न्याय बकरे को मिलेगा कैसे। ऐसा ही एक मामला माहुल नगर पंचायत में देखने को मिला।

फूलपुर तहसील क्षेत्र के माहुल नगर पंचायत निवासी सैयद मोहम्मद मेहदी पुत्र स्व.सैयद मोहम्मद सफी ने सम्पूर्ण तहसील दिवस प्रभारी जिलाधिकारी को लेखपाल द्वारा फर्जी रूप से भूमाफियाओं से मिलकर वरासत करने का आरोप लगया। उसका आरोप है कि उसी दिन रजिस्ट्री भूमि की करा दी गयी जिसके सम्बन्ध में जांचकर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। शिकायत सन्दर्भ सख्या 30096823000070 जिसमे तहसील अधिकारियों द्वारा उसी लेखपाल से जांच कराई गई जिसके खिलाफ पीड़ित ने शिकायत की थी। जिसमें वरासत सही बता कर लेखपाल ने रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिसका ऑनलाइन जबाब प्राप्त कर पीड़ित सैयद मोहम्मद मेहदी ने एक शिकायती पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अल्पसंख्यक आयोग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सहित आला तहसील जिला के अधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि लेखपाल प्रमोद सिंह भूमाफियाओं से मिली भगत कर बहुत सी ऐसी भूमि का फर्जी वरासत कर दिया। भूमाफियों से मिल लाभ कमा रहे इनकी पकड़ पहुच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक लेखपाल तीन वर्ष की अवधि क्षेत्र की होती है और यह पांच वर्ष से इसी माहुल में पड़े हैं।

तहसील में दस वर्ष की तैनाती होती है पर उससे अधिक हो गया तहसील में रहते हुए। वरासत नियमानुसार परिवार रजिस्टर की नकल वोटर कार्ड प्रमाण पत्र लेकर करना चाहिए और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ करनी चाहिए। पर लेखपाल जिस दिन वरासत गलत चढ़ाते हैं उसी दिन भूमि की रजिस्ट्री भूमाफियाओं को करा देते हैं। मेरे भाई मुन्तजिर हुसैन की मृत्यु सन 1992 में बम्बई में मृत्यु हो गयी थी उनके कोई औलाद नही थी। उनकी पत्नी का नाम वाहिदा वेगम था जो भाई की मृत्यु के बाद माहुल छोड़कर चली गयी और दूसरी शादी कर ली। भाई की की पत्नी बना नूरजहां पत्नी मुन्तजिर बनाकर फर्जी वसीयत 17 दिसम्बर 2022 को चढ़ा दिया गया और उसी दिन भूमाफिया मोहम्मद आजम पुत्र अब्दुल हमीद व शाजिद पुत्र शाहीद कुरैसी के नाम रजिस्ट्री करा दी गयी। प्रमोद सिह दबंग राजनैतिक अधिकारी संरक्षण व्यक्ति है।

इनके खिलाफ जोमा मण्डल में तैनाती के दौरान नियम विरुद्ध भूमि आवंटन करने को लेकर कार्यवाही हो चुकी है पर अधिकारियों में अच्छी पकड़ और रसूख के चलते सख्त कार्यवाही नहीं हुई। मामले की जांच सत्यता से करा फर्जी वरासत करने व भूमि क्रय विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय। इनके द्वारा ग्राम सभा सुदनीपुर में बिना अनुमति के भूमि क्रय की गई है। कई अन्य शिकायतों की जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि अगर ऐसा मामला है तो पुनः नायब तहसीलदार स्तर से जांच कराई जाएगी। शिकायत सही पायी गयी तो रिपोर्ट जिलाधिकारी और शासन को भेज दी जाएगी।

# 2045 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : दानिश आजाद


बैठक को सम्बोधित करते राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी।

**आजमगढ़।** नेहरु हाल में आजमगढ़ व लालगंज की संयुक्त रुप से बजट पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण, हज व वक्फ राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी मौजूद रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि यह बजट नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराएगा। विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह बजट व्यापक आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। यह बजट मात्र 2023 - 24 के विकास का एजेंडा नहीं है बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 वर्षों हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्यम वर्ग के लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है अब सालाना 7 लाख की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कोरोना संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध के कारण उपजे वैश्विक संकट के बावजूद देश के बजट का आकार बढ़ाकर 45 लाख करोड़ रुपए करना भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दशार्ता है। इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि के साथ 69 हजार करोड कर दिया गया जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। इस बजट में सभी का ध्यान रखा गया है। इस बजट में जरुरतमंदों को मिलने वाले मुफ्त खाद्यान्न को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू की जाएगी। जिसमें महिलाओं को दो लाख तक की बचत पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से बढ़ाकर 9 लाख कर दिया गया है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख किया गया जो स्वागत योग्य कदम है। इस अवसर पर दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर पटेल, बार के मंत्री उदयराज यादव, तहसील बार निजामाबाद के अध्यक्ष रणविजय राय मनोज, डॉ अशोक सिंह, डॉ श्यामनारायण सिंह को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा लालगंज ऋषिकांत राय, प्रदेश मंत्री भाजपा शकुन्तला चैहान, क्षेत्रिय उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, क्षेत्रीय मंजू सरोज, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ईस्माइल फारूकी, सहित सैकड़ों प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे।

# पहलवानों का चयन 11 को

**आजमगढ़।** जूनियर वर्ग पुरुष, महिला जिला कुश्ती चयन का आयोजन 11 फरवरी को सुखदेव पहलवान स्टेडियम में कराया जाएगा। चयनित पहलवान 18 से 20 फरवरी तक जूनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता बागपत में प्रतिभाग करेंगे। इस हेतु शनिवार को वजन दोपहर तक किया जाएगा तत्पश्चात कुश्ती होगी। जिला कुश्ती संघ सचिव प्रवीण कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों का जन्म 2003 से 2005 के बीच हुआ है वह पहलवान जूनियर राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। वहीं 2006 में पैदा हुए पहलवान जिनकी आयु 17 वर्ष होगी चिकित्सा और माता-पिता के प्रमाण पत्र साथ लाकर भाग ले सकते हैं। आयु और अधिवास का सत्यापन आधार कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी खिलाड़ी द्वारा गलत या फर्जी प्रमाण पत्र देने पर उन्हें चयन ट्रायल से बाहर कर दिया जाएगा और साथ ही उस खिलाड़ी पर 3 साल का बैन लगा दिया जाएगा जिससे वह फिर किसी भी प्रतियोगिता, चयन, ट्रायल में भाग नहीं ले सकेगा।

# स्काउटिंग घूमने का विज्ञानः डॉ.शफीउज्जमा

## तीन दिवसीय स्काउटिंग प्रवेश कोर्स सम्पन्न


स्काउटरों को दीक्षा देते डा. शफीउज्जमा, हुमा वसीम व अन्य।

**आजमगढ़।** आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में सात फरवरी से संचालित स्काउटिंग एवं कविंग के प्रवेश कोर्स का समापन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या हुमा वसीम ने की। मुख्य अतिथि जनपद संयोजक, रोवर्स रेंजर्स डा.शफीउज्जमा रहे।

समापन अवसर पर स्काउटरों द्वारा तंबू एवं पुल निर्माण किया गया। साथ ही दीक्षा भी दी गयी। दीक्षा कार्यक्रम जिला संगठन कमिश्नर अवधेश यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। मोहम्मद सादिक, अनीता साइलेस ने सराहनीय योगदान दिया। टीम प्रभारी मोहम्मद शाहिद की देखरेख में कार्यक्रम संचालित किया गया। डा.शफीउज्जमा ने कहा कि स्काउटिंग घूमने का विज्ञान है एवं जीवन जीने की कला है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य ने स्काउटरों का उत्साह वर्धन करते हुए एकता एवं अनुशासन पर बल देते हुए बेहतर परिणाम कीओर संकेत किया। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से जो कुछ हमें प्राप्त हुआ है उसे हम अपने जीवन में अवश्य उतारने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का समापन ध्वजावतरण एवं राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर उज्मा खान, ऋचा दूबे, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नशे की लत के शिकार मरीज का जिला अस्पताल में होगा उपचार



**पटवध आजमगढ़।** नशा उन्मूलन के तहत अगर आपके परिवार में कोई नशे की लत का शिकार है और बड़ों के मना करने का असर नहीं हो रहा है, अब चिंता करने की जरूरत नहीं है सरकार द्वारा इसकी विशेष व्यवस्था की गई है लेकिन मरीज को लेकर मंडलीय जिला अस्पताल जाना होगा। वहां उसके नशे की लत छुड़ाने का उपाय किया जाएगा। गुरुवार को सीडीओ ने मनकक्ष का लोकार्पण करके इंतजार की घड़ियों को समाप्त कर दिया। साइकेट्रिस्ट के नेतृत्व में पांच स्वास्थ्यकर्मी नशे के लोगों का इलाज करेंगे। मानसिक रोगों का इलाज मंडलीय अस्पताल में शुरू हो गया है। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देश पर सामाजिक न्याय और सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में 25 मनकक्ष का लोकार्पण किया गया जिसमें जिला अस्पताल में जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला ने किया। जिसके लिए अब लोगों को सीधा नशे से छुटकारा का फायदा जिला अस्पताल में मिलेगा। जिससे इधर-उधर की भाग-दौड़ से भी लोगों को निजात मिलेगी। इस मौके पर इंद्र नारायण तिवारी, एसआईसी डा.अनूप कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, बाल-बाल बचे लोग



**पटवध (आजमगढ़)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के लछिरामपुर स्थित मंदिर के सामने बुधवार की रात तेज गति से आ रही अनियंत्रित स्कार्पियों गुमती व चाहदीवारी को तोड़ते हुए पलट गयी। स्कर्पियों में सवार सभी लोग बाल बाल बच गये। लक्षिरामपुर मंदिर के ठीक सामने बुधवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे एक जुनेदगंज चैराहे की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी जोकि बहुत तीव्र गति से मंदिर के सामने पहुंची थी कि अचानक अपना बैलेंस खोकर बाएं हाथ एक पेड़ और एक गुमटी से टकराई और पेड़ को तोड़ते हुए गुमटी को इतना जबरदस्त धक्का दिया की गुमटी टूट कर लगभग 25 से 30 फुट दूर गई और उसके बाद स्कॉर्पियो बाउंड्री वाल तोड़कर नीचे खड़ी हो गई उसमें सवार लोग बाल बाल बच गए यह जानकारी नहीं हो पाई यह लोग कहां के और कौन थे। यह घटना देर रात को हुई इसलिए बहुत से लोगों की जान बच गई नहीं तो वहां गोमती से लेकर अगल-बगल दुकानों तक काफी संख्या में लोगों की भीड़ रहती है स्थिति को देखकर लोग हैरत में हैं।

### अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद

**आजमगढ़।** थाना बिलरियागंज पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा से लाये गये अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल व 2 अदद खोखा कारतूस .32 बोर बरामद किया। बीते 27 जनवरी को धीरज नायक पुत्र आनन्त नायक निवासी बरोही फत्तेहपुर थाना बिलरियागंज द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमे विपक्षी सत्यम् शुक्ला पुत्र रणजीत शुक्ला निवासी जमुवां भोराव थाना बिलरियागंज द्वारा आवेदक को फोन कर भीमबर बाजार बुलाया गया। जहां पर किसी बात को लेकर विपक्षी सत्यम शुक्ला व उसके साथ आये साथियों द्वारा आवेदक के साथ मारपीट व गाली गलौज की जाने लगी। इसी बीच सत्यम शुक्ला का साथी साहिल राय पुत्र पप्पू राय ग्राम मठ विसम्भर (मठिया) थाना-बिलरियागंज आवेदक की जान लेने की नियत से फायर कर दिया। लेकिन गोली से आवेदक बाल बाल बच गया। इस संबंध में सत्यम् शुक्ला पुत्र रणजीत शुक्ला, शाहिल राय पुत्र पप्पू राय ग्राम मठविसम्भर (मठिया) थाना बिलरियागंज व विकास यादव इनके अन्य साथी नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था। 31 जनवरी को न्यायालय आजमगढ़ में अभियुक्तगण विकास यादव पुत्र चेतन, साहिल राय पुत्र पप्पू द्वारा आत्मसमर्पण कर दिया गया था। गुरूवार को अभियुक्त साहिल राय उपरोक्त का नियमानुसार पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त कर अभियुक्त की निशादेही पर बीबीपुर नहर पुलिया के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद पिस्टल .32 बोर व 2 अदद खोखा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया। नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### दस्तरबंदी व जलसे का हुआ आयोजन

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के दौना जेहतमंदपुर में 14 बच्चों के हिफ्ज मुकम्मल करने पर दस्तरबंदी व जलसा का आयोजन किया गया। इस मौके पर फारसी व अरबी के बच्चों ने दहेज व तलाक पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मामूली बात पर तलाक जैसा गलत कदम उठाने के खतरनाक परिणाम से अवगत कराने का प्रयास किया। कार्यक्रम में विभिन्न मुद्दों पर तकरीर ने उपस्थित लोगों को सोचने और समझने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मदरसा पयामे हक दौना जेहतमंदपुर के संरक्षक मौलाना तौफीक अहमद जौनपुरी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बैठक आयोजित करने का उद्देश्य लोगों में यह भावना पैदा करना होता है कि हमारे बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण करके हाफिज आलिम और विद्वान आदि बनें। मौलाना अबूजर मदनी उस्ताद जमेअतुर्रशाद आजमगढ़ ने कहा कि कुरान अल्लाह की सच्ची किताब है। इसे समझ कर पढ़ने से दिलों की जंग दूर होती है। अल्लाह तआला अपने बंदों से क्या कहता है, यह जानने के लिए कुरान को अनुवाद के साथ पढ़ना चाहिए और इसकी लिखी बात को व्यावहारिक जीवन में लागू करना चाहिए। कार्यक्रम को मौलाना तौफीक अहमद कासमी, कारी महमूद बलियावी उस्ताद जामिया हुसैनिया लाल दरवाजा, जौनपुर, मौलाना लईक अहमद ने भी संबोधित किया। इस मौके पर इरफान अहमद, हाफिज निसार अहमद, मुफ्ती शोएब, मौलाना हबीबुर्रहमान, शहाबुद्दीन आदि मौजूद रहे। **इनकी हुई दस्तरबंदी : लालगंज (आजमगढ़)।** अबू इंजमाम दौना, अब्दुल अलीम, मुहम्मद हबीबुल्लाह, मुहम्मद अहमद, उमैर आजम, सोहैब आजम, मुहम्मद राशिद, मुहम्मद फराज, अब्दुल्ला, मुहम्मद, अब्दुल्ला, मुहम्मद यासिर, मुहम्मद अरकम, मुहम्मद असजद, मुहम्मद उमैर बिन इरफान के हाफिज बनने पर उनकी दस्तरबंदी की गई। मौलाना लईक अहमद, हाफिज अब्दुल हन्नान, हाफिज अबुजर और हाफिज मुहम्मद आरिफ ने इन बच्चों को कंठस्थ कुरान याद कराया है।


कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित छात्र।

# सांठ-गांठ से पनप रहा सूदखोरी का कारोबार

**बोले अखिलेश**

**भाजपा सरकार में नहीं की जा सकती न्याय की उम्मीद**

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सूदखोरी का कारोबार इनवेस्टर में चला जाएगा। याद रखना व्यापारी उत्तर प्रदेश में पैसा नहीं लगाएगा। मैं यह दावा करके जा रहा हूं, बहुत ही मुश्किल होगा बलिया तक इनवेस्टमेंट लाना। यह बात सदन में जरूर उठेगी।

कहा कि मैं सदन में नंदलाल की बात उठाऊंगा। पुलिस कस्टडी में अधिक मौतें हुई। कानपुर में एक व्यक्ति को मार-मार कर जान ले ली गई। उसकी पत्नी को भी सरकारी नौकरी नहीं दी। इस सरकार में अन्याय चरम सीमा पर है। कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता। बुलडोजर वहीं जा रहा है, जहां भाजपा चाह रही है। बुलडोजर न्याय के लिये नहीं है, बल्कि वोट के लिये बुलडोजर है। कहा कि भाजपा सरकार में कहीं भी रवैया ठीक नहीं है। पुलिस की सांठ गांठ और बड़े लोगों की सांठ गांठ के बगैर इतना बड़ा सूदखोरी का कारोबार नहीं चल सकता। कहा कि याद करिये जिस समय किसानों के कर्जमाफी की बात थी, उस समय भी सूदखोरी की बात उठी थी। सूदखोर जो पैसा बांटते है, आखिरकार वह पैसा कैसे वापस होगा। उन्होंने कहा कि नंदलाल गुप्त प्रकरण की यदि ठीक से जांच हो जाएं एवं सीडीआर उठा लिया जाए तो जो लोग उनके साथ समय-समय पर पीटा है अन्याय किया है, उसकी जानकारी हो जाएगी और सभी सूदखोरों की सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। ये सरकार से मिले हुए लोग है।


मालगोदाम रोड स्थित गन व्यवसायी नंदलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव


पीड़ित परिवार से मिलने के बाद जनता के बीच घिरे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव


मनन दूबे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

### नंदलाल के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** व्यापारी नेताओं में सुनील सराफ, लक्ष्मण गुप्ता, अशोक गुप्ता, राहुल आदि के अलावा दीना गुप्ता और पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय गन व्यवसायी स्व. नंदलाल गुप्ता के घर मौजूद रहे। जैसे ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां पहुंचे, पुष्पांजलि अर्पित कराने के बाद परिवार से मुलाकात करायी गई।

### अन्याय चरम पर, नहीं मिल रहा न्याय

**बलिया।** पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक घंटा 16 मिनट तक जिले में रहे। सबसे पहले उनका हेलीकाप्टर अपराह्न 1:45 बजे टीडी कालेज के मैदान में बने हेलीपैड पर उतरा, जहां वह पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिले। इसके बाद वह सीधे गन व्यवसायी स्व.नंदलाल के घर पहुंचे। उन्होंने नंदलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद वह नंदलाल के परिजनों से मिले। इस दौरान करीब 20 मिनट उनकी बातचीत होती रही। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूं। वहीं, उन्होंने आरोपी सूदखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात की। इसके बाद सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह सरकार की कमी है कि सूदखोरों से व्यापारी प्रताड़ित हो रहे है। जब बैंकों में रूपये भरे है तो फिर व्यापारियों को सूदखोरों से पैसे क्यों लेना पड़ रहा है। यदि पीड़ित परिवार का कहना कि दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए तो आखिर बुलडोजर पीड़ित परिवार को न्याय कब दिलाएगा। उसके बाद अखिलेश यादव मीडिया से बातचीत की।

### मृत छात्रनेता के घर गये अखिलेश

**बलिया।** मृत गन व्यवसायी के परिजनों से मुलाकात करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव गड़वार रोड स्थित टीडी कालेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष स्व.मनन दुबे के घर पहुंचे। वहां उन्होंने परिवार के लोगों से बातचीत की। फिर वह वहां से सीधे हेलीपैड स्थल पहुंचे। पहले से प्रस्तावित मीडिया से बातचीत कार्यक्रम में वह शामिल हुए। मीडिया से उन्होंने करीब 10 मिनट तक वार्ता की। उसके बाद वह हेलीकाप्टर से अन्य जिले में आयोजित कार्यक्रम के लिये रवाना हो गये।

## अखिलेश यादव ने इनसे की मुलाकात


टीडी कालेज के ग्राउंड में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे सपाई

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** टीडी कालेज ग्राउंड में हेलीकाप्टर से पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व मंत्री सनातन पांडेय, विधायक संग्राम यादव, जयप्रकाश अंचल, मो. रिजवी, राजीव राय, पूर्व विधायक मंजू सिंह, पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह, रणजीत चौधरी, जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, व्यासजी गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी, शशिकांत चतुर्वेदी, अनिल राय, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, नईम खां मुन्ना, अरविंद गिरि, मृत्युंजय तिवारी बबलू, रामजी गुप्ता, राजन कन्नौजिया, सुशील पांडेय कान्हजी, मदन राय, अमित यादव, अंशुमान त्रिपाठी, कामेश्वर सिंह, यशवीर सिंह, निशु श्रीवास्तव, डा. इस्लाम, सुशील राजभर, रामाशंकर यादव, शकील लोहिया, सेराज, जुबेर, डा. वीरेन्द्र यादव आदि से मुलाकात की।

## समाज के लिए कलंक है सूदखोरी: दयालु


गन व्यवसायी नंदलाल गुप्त के घर पहुंचे मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे गन व्यवसायी स्व.नंदलाल गुप्त के परिजनों से मिले। कहा कि सूदखोरी, ब्याजखोरी समाज के लिये कलंक है। किसी भी अपराधी को उत्तर प्रदेश में बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना से पूरा समाज मर्माहत है। प्रशासन ने भी इसका संज्ञान लिया है। मैं भी विशेषकर इस मामले में पीड़ित परिवार से मिलने आया हूं और सरकार की तरफ से हर संभव मदद दिलाने की कोशिश करूंगा। कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के लिये बात करूंगा। इस कांड का कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। जिले में जितने भी सूदखोर है, उनकी सूची बनाकर कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न होने पाये।

## विधायक सहित अन्य 10 को कोर्ट ने दी राहत

**बलिया।** प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रसड़ा के विधायक उमाशंकर सिंह व 10 अन्य के खिलाफ अपर सत्र अदालत में बैंक धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे आपराधिक केस को न्यायालय ने रद्द कर दिया है। इससे विधायक सहित अन्य ने राहत की सांस ली है। अदालत ने पक्षकारों के बीच समझौते के आधार पर केस वापस करने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया था कि केस वापसी अर्जी से पहले हाईकोर्ट से अनुमति नहीं ली गई है। कोर्ट ने अपर सत्र अदालत बलिया के आदेश 30 सितंबर 22 को भी रद्द कर दिया है। लोक की धारा 321 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत केस वापसी अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने विधायक उमाशंकर सिंह व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा 2008 में हुए धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट पर 2023 तक आरोप निर्मित नहीं किया जा सका। शिकायतकर्ता अभियोजन का विरोध कर रहा है। आरोपित के पक्ष में अर्जी दी है। ऐसे में आरोपियों को सजा नहीं दी जा सकेगी।

# जिले को सूदखोरों से निजात ही मृतकों को सच्ची श्रद्धांजलि

**बोले सुनील सर्राफ**

**विभिन्न व्यापारी संगठनों ने निकाला कैंडिल मार्च, दी चेतावनी**

**बलिया।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, स्वर्णकार संघ एवं संयुक्त व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शहीद पार्क में गन व्यवसायी स्व. नंदलाल गुप्ता और स्व.गणेश पाण्डेय के सम्मान में सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वरिष्ठ व्यापारी सुरेश भाई की अध्यक्षता में किया गया।

अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ राष्ट्रीय महासचिव सुनील सर्राफ ने कहा कि नन्द लाल और गणेश पाण्डेय को सच्ची श्रद्धांजलि उस दिन होगी, जब सूदखोर माफिया गिरोह का जनपद से व्यापारियों को निजात नहीं मिल जाती।

इसके लिए हमको अभी से मजबूती से लड़ाई लड़ना होगा। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि हम सभी व्यापारियों को संकल्प लेना होगा कि जब तक नन्द लाल गुप्ता के परिवार को न्याय नहीं मिलता, तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

व्यापारियों के प्रांतीय नेता अरविंद गांधी ने कहा कि घटना वाले दिन से मैं मुख्यमंत्री, राज्यपाल के यहां नन्द लाल गुप्ता के परिवार वालों की सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए सम्पर्क करते रहे और आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। इसके बाद शहीद पार्क से कैंडिल मार्च निकालकर पुलिस की ढुलमुल कार्रवाई पर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

व्यापारियों ने कहा कि न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जितेंद्र वर्मा, रवि वर्मा, अवधेश ठाकुर, रितेश पाण्डेय, अखिलानंद, राहुल कुमार गुप्ता, धीरज गुप्ता, विजय सर्राफ आदि मौजूद रहे।


कैंडिल मार्च निकालते व्यापारी

## संक्षेप

### बच्चों ने निकाली फाइलेरिया जागरूकता रैली



**बलिया।** प्रोफेसर कालोनी स्थित जी लर्न द्वारा संचालित किड्जी स्कूल के बच्चों ने भी फाइलेरिया जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया। रैली के माध्यम से सभी को बताया कि 10 फरवरी से सभी के घरों तक फाइलेरिया की दवा पहुंचेगी तो आप सभी दवा का सेवन जरूर से जरूर करें और जिनको फाइलेरिया की बीमारी है, वो अपने नजदीकी हस्पिटल से संपर्क करे या फाइलेरिया विभाग से सम्पर्क करें। इस रैली में बच्चों का स्लोगन रहा कि हम भी दवा खाएंगे और आप सभी भी दवा खाएं और फाइलेरिया को दूर भगाएं। इस अवसर पर विद्यालय की कोआर्डिनेटर सपना पाठक, काउंसलर रागिनी राय, प्रीति सिंह, आरती यादव, अंशु सिंह, लाली यादव ,संजना यादव, सरोजिनी गुप्ता, शशि तिवारी आदि मौजूद रहे।

### सनबीम स्कूल के रेयांश को मिला राज्यस्तरीय सम्मान



**बलिया।** अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल के कक्षा बारहवीं के छात्र रेयांश नाथ पांडे ने अपनी सशक्त लेखनी द्वारा राष्ट्रीय पत्रलेखन प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर शीर्ष तृतीय में स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा 2047 में भारतीय स्वरूप को लेकर देश के युवा की सोच एवं कल्पना को जानने हेतु अक्टूबर माह में विजन फार इंडिया 2047 विषय पर ढ़ाई आखर राष्ट्रीय स्तरीय पत्रलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके तहत 13 अक्टूबर 2022 को डाक विभाग बलिया द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। इसमे कक्षा तीन से कक्षा बारहवीं के अनेकों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। 1000 शब्द सीमा में उन्होंने 2047 में भारत का स्वरूप कैसा होना चाहिए विषय पर अपने विचार व्यक्त किए थे। मुख्य अतिथि विपणन अधिकारी डाक विभाग अजित कुमार दुबे की उपस्थिति में प्रमाण पत्र, ट्राफी एवं पुरस्कार में प्राप्त 5000 रुपए द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार पांडेय, अरूण कुमार सिंह, डा. कुंवर अरूण सिंह, प्रधानाचार्या ड अर्पिता सिंह आदि ने रेयांश को बधाई दी है।

### परीक्षा में सफलता के लिए दी शुभकामनाएं



**मझौवां।** मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की विदाई के मौके पर फेयरवेल पार्टी दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और परीक्षा में सफलता के लिए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक स्वामी रविशंकर जी, प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह, अभिजीत किशोर ने कहा कि वाकई में विदाई का पल दुखदाई होता है। सभी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा दे। सभी छात्र-छात्राओं के लिए हमेशा विद्यालय का दरवाजा खुला है। आज के बच्चे कल का भविष्य है। आप सभी तन-मन से पढ़ाई करें और अपना रिजल्ट अच्छा करें। आप सभी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेलकूद का हो। सकारात्मक सोच के साथ नदी के पानी की तरह आगे बढ़े। इस अवसर पर शिक्षक रमेश सिंह, प्रदीप सिंह, अरविंद वर्मा, सूरज यादव, आकाश सिंह, अक्षय मिश्रा, सरवन, सत्यप्रकाश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, राजेश राणा आदि मौजूद रहे। प्रबंधक प्रेम किशोर एवं शशिकांत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गन व्यवसायी आत्महत्या कांड के दो और आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** बहुचर्चित गन व्यवसायी के लाइव सुसाइड कांड में शहर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी पुलिस इस मामले के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस इस मामले में अब तक कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गन व्यवसायी के सुसाइड प्रकरण के दो नामजद मुख्य अभियुक्तों हनुमान सिंह और शैलेन्द्र सिंह पप्पू को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गड़वार तिराहे से गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि बीते एक फरवरी को मालगोदाम रोड निवासी गन व्यवसायी नन्दलाल गुप्ता ने सूदखोरों के आतंक से परेशान होकर फेसबुक पर लाइव आकर सुसाइड कर लिया था। थाना कोतवाली पर मृतक नन्दलाल गुप्ता की पत्नी मोनी देवी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उनके पति नन्दलाल गुप्ता को 13 नामजद और 4-5 अज्ञात लोगों ने जबरदस्ती प्रताड़ित करने और फर्जी तरीके से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री करा लेने के कारण मानसिक दबाव और तनाव के चलते अपनी ही पिस्टल से आत्महत्या की है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गिरफ्तार सूदखोर अभियुक्तों का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में गुरुवार को पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शेखपुर गांव निवासी राजेन्द्र कन्नौजिया का पुत्र अनिल कन्नौजिया (24) बाहर रहकर कमाता था। वह कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर घर आया था। इस दौरान पैसों को लेकर पिता से अक्सर झगड़ता था। गुरुवार की सुबह पिता से झगड़ने के बाद अनिल अपने कमरे में चला गया और गुस्से में आकर साड़ी का फंदा बनाकर पंखा के हुक से झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### 15 तक प्रस्तुत करें साक्ष्य व बयान

**बलिया।** जिला कारागार बलिया के विचाराधीन बंदी जवाहर लाल यादव पुत्र स्व. राजनारायण यादव निवासी ग्राम धनईपुर सराय भारती, थाना रसड़ा की 13 सितम्बर, 2022 को तबियत खराब होने के बाद जिला चिकित्सालय में मृत्यु हो गयी थी। इसके कारणों की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट डा. सुरेश कुमार ने सूचित किया है कि इसके सम्बंध में यदि कोई साक्ष्य, सबूत या बयान आदि प्रस्तुत करना है तो 15 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय/कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

# आमजन को दें मानसिक बीमारियों की जानकारी

## प्रभारी चिकित्साधिकारी ने किया शिविर का शुभारंभ


शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते चिकित्साधिकारी

**रतसर।** जनपद में लगातार मानसिक विकारों की जागरूकता हेतु कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को सीएचसी रतसर पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर ने फीता काटकर किया। कहा कि गांव के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे तथा लक्षित व्यक्ति को लाभ मिलने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन ब्लाक स्तर पर किया गया है। जनपद से आए मनोचिकित्सक परामर्श दाता अनुष्का सिन्हा ने एक दिवसीय शिविर में आए लोगों को सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कहा कि नींद न आना, चिन्ता, घबराहट, आत्महत्या का विचार आना, बेवजह शक से ग्रसित रहना, बुद्धि का कम विकास होना यह सभी मानसिक बीमारी के लक्षण है। इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर बिना किसी देरी के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या मनो-चिकित्सका विभाग में जाए। इसके लिए जिला चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेन्टर के कक्ष संख्या-पांच में सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को ओपीडी में मरीज देखे जाते है। सोशल वर्कर ( मानसिक ) मुआजम ने बताया कि हर साल 11 फरवरी को नो स्मोकिंग एवरनेस डे मनाया जाता है। इस दिन शराब/ ड्रग्स के सेवन से कैसे निजात मिले? इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। शिविर में 82 लोगों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित करने के साथ ही परामर्श दिया गया। मनोवैज्ञानिक नर्स अमर कुमार पाल ने शिविर के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आशा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मानसिक परेशानी से ग्रस्त मरीजों, तीमारदारों एवं नाते रिस्तेदारों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संपूर्ण जानकारी प्रदान कर इलाज के लिए उन्हें प्रशिक्षित एवं प्रेरित करना है। शिविर में डा. अमित वर्मा, डा. आरक़े.सिंह, डा. कादिर, डा. सोफिया, डा. देवेन्द्र यादव, आशुतोष सिंह, बीसीपीएम अनिल कुमार, वैम मनीष मेहरोत्रा, साधु शरण यादव, पियुष रंजन, अशफाक, आशा देवी, प्रीति पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन ऑनलाइन करें आवेदन

**बलिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया है कि दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पति में से युवक के दिव्यांग होने पर सामान्य युवती द्वारा विवाह करने पर रूपये 15 हजार तथा दम्पति में से युवती के दिव्यांग होने पर सामान्य युवक द्वारा विवाह करने पर रूपये 20 हजार एवं दम्पति में दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 35 हजार की धनराशि प्रदान की जाती है। पुरस्कार पिछले वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुए विवाह पर ही देय है। दम्पति आयकरदाता की श्रेणी में न हो। युवक की आयु 21 से 45 वर्ष एवं युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगताधारी हो तथा विवाह प्रमाण-पत्र (रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा निर्गत) आवश्यक है। विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 12 फरवरी तक किया जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# ज्योतिरादित्य सिंह ने जेईई मेन में प्राप्त की सफलता


ज्योतिरादित्य सिंह

**नगरा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेन सेशन वन परीक्षा का जारी किए गए परिणाम में नगरा कस्बा निवासी डा. वेद प्रकाश सिंह के पुत्र ज्योतिरादित्य सिंह ने लगभग 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर गांव व जनपद को गौरवान्वित किया है। अपने कड़ी मेहनत के बल पर पहले प्रयास में ही जेईई मेन की कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर ज्योतिरादित्य सिंह ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और सच्ची लगन के साथ कोई भी काम करने पर लक्ष्य असंभव नहीं है। ज्योतिरादित्य को इस परीक्षा में कुल 98.486 परसेंटाइल से सफलता प्राप्त हुई है। वहीं, ज्योतिरादित्य की इस सफलता से पूरे परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। ज्योतिरादित्य को उनकी सफलता पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। ज्योतिरादित्य को जेईई मेन परीक्षा के फिजिक्स विषय में 96.68, केमेस्ट्री में 97. 66 और मैथमेटिक्स में 98. 68 अंक प्राप्त हुआ है। सफलता पूर्ण करने के लिए ज्योतिरादित्य अगली परीक्षा सेशन टू की तैयारी की मेहनत में लगे हैं। इस सफलता पर एडवोकेट ओमप्रकाश सिंह, देवनारायण देवा भाई, पूर्व प्रधान श्रीप्रकाश सिंह, पूर्व ग्राम विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह, काशीनाथ जायसवाल, भूपेंद्र सिंह, सोना सिंह सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी है। ज्योतिरादित्य की माता गृहिणी तथा पिता डा. वेद प्रकाश सिंह हरदोई में चिकित्साधीक्षक के पद पर तैनात है।

## लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल के संस्थापक का निधन, शोक



**बेल्थरा रोड।** लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल की विभिन्न संस्थाओं के संस्थापक विजय शंकर यादव को लगभग 67 वर्ष की उम्र में दुनिया छोड़कर जाना पड़ा। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। ऐसे दिल का इलाज लखनऊ में चल रहा था। परिवारजनों की मानें तो एसवी विजय शंकर यादव का जन्म 1 जुलाई 1956 में हुआ था और 67 वर्ष की जीवन यात्रा पूरी करने के बाद बीते 8 फरवरी को दुनिया से विदा हो गए। पुत्र मुरली यादव की मानें तो उनके पिताजी ने मृत्यु से पूर्व अपना नेत्र दान किया था। मौत के बाद नेत्र विभाग को सूचना दे दी गई, जो यहां नेत्र विभाग की टीम पहुंच कर घोषित नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद स्वर्गीय विजय शंकर यादव के शव का मऊ शहर के गंडक नदी के ढेकुलिया घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। मुखांगिनी उनके पुत्र मुरली यादव ने दिया। स्वर्गीय यादव अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। इस दौरान शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। विशाल शव यात्रा के दौरान राजनीतिक दलो के लोग, शिक्षक, व्यापारी तथा सम्भ्रांत लोगों ने पहुंचकर अपनी अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे भाई अखिलेश यादव, पुत्र मुरलीधर यादव, गिरधर यादव, राम लखन यादव सहित हरा-भरा परिवार छोड़ गए।

उनके द्वारा आजाद हिंद इंटर कॉलेज, आजाद हिंद डिग्री कॉलेज, आजाद हिंद शिक्षण प्रतिष्ठान के लावे लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल मऊ, आजमगढ़, बलिया, गाजीपुर एवं सोना देवी महाविद्यालय किड़िहरापुर आदि संस्थाएं संचालित की है।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बलिया।** खेजुरी पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खेजुरी द्वारा उपनिरीक्षक राघवराम यादव मय फोर्स द्वारा वाहन कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति चोरी की गाड़ी लेकर सुखपुरा की तरफ से खेजुरी की ओर आ रहा है। इस सूचना पर विश्वास करके खेजुरी पुलिस टीम द्वारा पटपर पुलिया के पास वाहन चेकिंग करने लगी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक आती हुई दिखायी दी। पुलिस द्वारा रोकने पर बाइक सवार बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस ने किसी तरह संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सोनू यादव पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी अहिरौली तिवारी, थाना खेजूरी बताया। अभियुक्त के कब्जे से एक मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

# नीरज की उपलब्धि पर हम सभी गौरवान्वित

**बोले लाल जी**

**बीईओ एवं शिक्षकों ने किया पदक विजेता टीम के मैनेजर का स्वागत**


उप्र वॉलीबॉल टीम के मैनेजर नीरज राय को सम्मानित करते लोग

**चितबड़ागांव।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स भोपाल में उत्तर प्रदेश वालीबाल टीम के मैनेजर की भूमिका निभा टीम को कांस्य पदक दिलाने वाले नीरज राय के जनपद आगमन के बाद जोरदार स्वागत किया गया। बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत नीरज राय का खंड शिक्षा अधिकारी सोहांव लाल जी एवं दर्जनों शिक्षकों ने अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जनपद के छात्र नेताओं व स्थानीय ग्रामीणों ने नीरज राय का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

बता दें कि नीरज राय प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर एक के प्रधानाध्यापक एवं ब्लाक व्यायाम शिक्षक हैं।

गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर एक पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी ने कहा कि नीरज राय की उपलब्धि पर हम सभी गौरवान्वित हैं। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

खेलों के माध्यम से परिषदीय बच्चों के सर्वांगीण विकास में नीरज राय की भूमिका सराहनीय है। वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र राय ने कहा कि नीरज जनपद के युवाओं के प्रेरणाश्रोत है। गड़हांचल की मिट्टी व हम सभी को नीरज पर गर्व है। टीडी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सौरभ सिंह रानू, प्रशांत राय बंटी एवं अम्बुज राय ने नीरज राय को आदर्श शिक्षक एवं खेल प्रणेता बताया। इस अवसर पर अनिल राय, अखिलेश राय, अरविंद सिंह, भरत राय, लड्डू सिंह, सुभाष सिंह, कमलेश सिंह, शिक्षक नेता अवनीश राय, प्रज्ञा राय, अंबिकेश सिंह, होशीला यादव, राजेश राय, बिंदु राय, तौकीर आलम, विश्वंभर गुप्ता, कमल शशिकांत राय, पियूष राय, पुष्कर राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राकेश राय एवं संचालन एआरपी अम्बरीश तिवारी ने किया।

# नकल विहीन व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराएं यूपी बोर्ड परीक्षा

**बोले डीएम**

### बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**4 जोनल, 12 सेक्टर, 80 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 80 केन्द्र व्यवस्थापक, 80 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व 5 सचल दल का गठन**

जनसंदेश न्यूज


बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वामी हरसेवानन्द डिग्री कालेज चुर्क में बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर नकल की रोकथाम तथा अनुचित साधन, प्रयोग की प्रवृत्ति/संभावनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान डीएम ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 16 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। डीएम ने कहा कि परीक्षा को पूरी शुचिता, विश्वसनीयता से सम्पन्न कराना है।

जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए 80 परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं, सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की जा चुकी है तथा प्रत्येक केन्द्र पर एक अतिरिक्त वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गयी है। 80 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तैनात किये गये हैं, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है।

जिले में 4 जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी को नामित किया गया है, जो भ्रमणशील रहकर अपने तहसील के परीक्षा केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केन्द्र पर किसी प्रकार से अनुचित साधन का प्रयोग व नकल न होने पाये। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सम्बन्धितगण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरतें।

लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर किसी प्रकार की नकल समग्री छात्र-छात्राओं द्वारा नहीं लायी जायेगी, स्ट्रांग रूम में प्रवेश के लिए एक लॉकबुक रजिस्टर रखा जाये, जिसमें तिथि, समय एवं उद्देश्य सहित आने जाने वाले अधिकारी का पूर्ण विवरण अंकित किया जाये। स्ट्रांग रूम जिसमें डबल लॉक आलमारी रखी है, को स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व खोले जाने तथा परीक्षा समाप्त के एक घण्टा उपरान्त सील किया जाये।

प्रत्येक बार परीक्षा के प्रयोजन से डबल लॉक आलमारी के पश्चात दोनों लाक हस्ताक्षरित पेपर से सील किये जायें। पेपर सील पर केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर नाम, पदनाम अनिवार्य होंगे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव समारोह में दिखी सतरंगी छटा


मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथिगण

**खलियारी।** क्षेत्र के आमडीह गांव स्थित रामाज्ञा सिंह इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व देश भक्ति से ओत प्रोत गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नगवां आलोक सिंह ने कहा कि शिक्षा से बड़ा इस पृथ्वी पर कोई धन नही है। शिक्षा देना सबसे बड़ा पुण्य है। शिक्षक अपने शिष्य को देश का योग्य नागरिक बनाता है। जो आगे चलकर शिक्षक, डाक्टर, इंजीनियर, नेता व सैनिक बनकर देश की सेवा करता है। प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह पटेल ने अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजकुमार पांडेय, कमलेश भारती, कन्हैया लाल यादव, अजय यादव, रीना, विद्या, अंजनी सिंह, रोमा आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### महिला शिक्षक संघ ने मनाया स्थापना दिवस, काटा केक


केक काटकर स्थापना दिवस मनाती शिक्षिकाएं

**सोनभद्र।** महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने द्वितीय स्थापना दिवस गुरुवार को केक काटकर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना व उनके समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि कृषि विभाग की दरकशा रही। जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्धकी ने महिला शिक्षक संघ की स्थापना के बारे में बताया। उन्होंने महिला शिक्षकों को संदेश दिया कि वह सब अपने संगठन में निष्ठ रखें, जब हम सब एकजुट होंगे, तभी अपनी समस्याओं को हल करा सकते हैं। कुंजलता त्रिपाठी ने कहा कि हम सबको एकजुट रहकर शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करना है और एक साथ मिलकर काम करना है। वर्ष भर में लैपटॉप के माध्यम से सालभर की कार्यवृत्तियों को दर्शाया। गायत्री त्रिपाठी, सोनाली मजुमदार, नमिता, अर्चना, विशाखा, रूचि, शाजमा ने कार्यक्रम को मनमोहक बनाया। अनुपमा और सुमन भारती द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। कोमल साहू व जिलाध्यक्ष ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाते हुए बधाई दी और संगठन को आगे बढ़ाने का निश्चय लिया। इस अवसर पर ममता, सुषमा, श्वेता, परवीन बेगम, विशाखा, अर्चना, रीता, ममता भारती, रुचि राय आदि उपस्थित रहीं।

### शाम ढलते ही शुरू हो जाता है अवैध बालू परिवहन का खेल

**दुद्धी।** अमवार में हर घर नल जल योजना के तहत बन रहे फिल्टर प्लांट व इंटेक वेल के निर्माण में तथा निर्माणाधीन पुनर्वास कालोनी के नाली निर्माण में टीपरों के माध्यम से अवैध बालू की आपूर्ति धड़ल्ले से की जा रही है और प्रत्येक रात उतनी ही बालू की मात्रा गिराई जा रही है, जितनी अगले दिन कार्यों में खपाई जा सके। इस काम को कुछ दलालों द्वारा बड़े चालाकी से अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह काम उन्ही तथाकथित द्वारा अंजाम दिया जा रहा, जो पिछले वर्ष ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू गिराने का टेंडर लिए थे। अब जब अमवार के कथित खननकर्ता की ट्रैक्टर जब कुर्क हो गयी तो अब इसी काम के लिए टीपरों का सहारा लिया जा रहा है।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 12 को

**सोनभद्र।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उधमिता विकास अधिकारी ने बताया कि जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 फरवरी को अपराहन 3:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। संबंधित सदस्य अपने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण 10 फरवरी को पूर्ण करते हुए बैठक में पूर्ण विवरण एवं प्रगति के साथ समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

### दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**दुद्धी।** कोतवाली पुलिस ने दुराचार के आरोपी रामप्रवेश कुशवाहा पुत्र शिव मेहता निवासी नौडीहा को को गुरुवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बता दें कि आरोपी के ऊपर बुधवार को स्थानीय कोतवाली में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी को दी गयी है। क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर पुलिस वांछित बाल अपचारी की तलाश कर रही थी, जिसे गिरफ्तार किया गया।

### दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बीजपुर।** अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार की सुबह हमराहियों के साथ फरार चल रहे दो आरोपियों को सेवकामोड़ के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पकड़े गये आरोपियों में अनिल कुमार भारती पुत्र राम सजीवन व राम सजीवन पुत्र लालचंद निवासी ग्राम महरीकला, बीजपुर शामिल हैं। जिनके विरूद्ध पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए टीम वर्क, अनुशासन का संकल्प आवश्यक

**बोले चट्टोपाध्याय**

### विविध आयोजनों के बीच मना एनटीपीसी रिहंद का 41वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर केक काटते एनटीपीसी के अधिकारी

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के स्थापना दिवस के सुअवसर पर गुरुवार को स्टेशन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ प्रशासनिक भवन परिसर में मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशोक कुमार चट्टोपाध्याय ने एनटीपीसी गीत के साथ एनटीपीसी ध्वज फहराकर एवं केक काट कर किया। मुख्य अतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए टीम वर्क तथा अनुशासन का संकल्प आवश्यक होता है।

उन्होंने कहा कि देशवासियों की अपेक्षाओं का सम्मान करते हुए एनटीपीसी का एकमात्र ध्येय राष्ट्र को अविरल रूप से गुणवत्ता युक्त एवं किफायती बिजली देना है। आज के दिन विशेष तौर पर हमें अपने रिहंद कर्मचारियों के साथ-साथ अपने सभी पूर्व विभागाध्यक्षों एवं पूर्व कर्मचारियों पर गर्व करने का है, जिनके प्रयास एवं मेहनत से आज रिहंद स्टेशन 3000 मेगावाट उत्पादन तक पहुंच सका है। एनटीपीसी रिहंद के गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 4 से 9 फरवरी तक रिहंद महोत्सव आयोजित किया गया।

जिसका मुख्य आकर्षण जनजातीय उत्सव रहा, जो 8 फरवरी तक आयोजित किया गया था। यह उत्सव स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सशक्त जनजाति सशक्त भारत के विषय पर किया गया था। जनजाति संस्कृति के संरक्षण और उनकी कला को बढ़ावा देने हेतु लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान उत्तर प्रदेश और सेवा कुंज चपकी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम मैजिक शो, कठपुतली शो, रंगोली, चित्रकारी, बहरूपिया, सेल्फी पॉइंट, सजीव चित्रण एवं विभिन्न जनजातियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, विभिन्न यूनियन एवं एसोशिएसन के प्रतिनिधिगण, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे। संचालन कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी ने किया।

### निदेशक ने किया एनटीपीसी परियोजना का दौरा


एनटीपीसी परियोजना का निरीक्षण करते निदेशक

**शक्तिनगर।** निदेशक परियोजनाएं एनटीपीसी लिमिटेड उज्ज्वल कांती भट्टाचार्य एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह का दौरा किया। भट्टाचार्य ने एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह के प्लांट प्रचालन प्रणालियों का बारीकी से निरीक्षण कर उच्च गुणवत्ता पूर्ण रख रखाव सहित अबाध विद्युत उत्पादन हेतु विभिन्न निर्देश दिए गए। भट्टाचार्य ने अधिकारियों के साथ बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए भारत सरकार की विद्युत प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना के संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिए। भट्टाचार्य ने कहा कि एनटीपीसी देश का अनमोल धरोहर है एवं उच्चस्तरीय मानक का अनुपालन करते हुए विद्युत सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने एनटीपीसी के प्रथम विद्युत यूनिट-1 के 40 वर्षों से अधिक समय से मानक के अनुरूप अबाध विद्युत प्रचालन किए जाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कर्मियों की कुशलता, समर्पण की अत्यंत सराहना की। निदेशक ने एनटीपीसी सिंगरौली के प्लांट विजिट के दौरान स्टेज, एफजीडी क्षेत्र, सीडब्ल्यू डक्ट क्षेत्र और यूसीबी सहित प्लांट के विभिन्न यूनिट एवं महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। इसके बाद निदेशक, अमिता भट्टाचार्य वरिष्ठ सदस्या संयुक्त महिला समिति समेत तमाम अधिकारियों ने वनिता समाज द्वारा आयोजित आनंद मेला का भव्य शुभारंभ किया। इसमें एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में उपस्थित वनिता समाज द्वारा संचालित बाल भवन स्कूल, टाइनी टोट्स स्कूल, कौशल विकास प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं, संत जोसफ स्कूल, विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एससी नाइक, श्रोतस्विनी नाइक, एके चट्टोपाध्याय परियोजना प्रमुख, कृष्णा चट्टोपाध्याय, बसुराज गोस्वामी कार्यकारी निदेशक, जयिता गोस्वामी, एसके गुजरानिया, सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएं, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी ने की बकायेदारों की समीक्षा


बैंक कर्मियों से जानकारी लेते एसडीएम

**रामगढ़।** स्थानीय कस्बा स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा पकरहट में गुरुवार को पहुंचे उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार ने शाखा प्रबंधक और अमीनों के साथ ऋण के बकाया और अदायगी की समीक्षा की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में चलायी जा रही ऋण योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया गया। शाखा प्रबंधक नदीम खान से एसडीएम ने ऋण वितरण और अदायगी की जानकारी ली। 11 फरवरी को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में क्षेत्रीय वसूली अमीनों को दस-दस बड़े बकायादारों के ऋण वसूली के लिए निर्देशित किया गया है। बैंक से जुड़े खाताधारकों को दी जाने वाली सुविधा तथा शासन स्तर पर संचालित की जाने वाली कृषि ऋण और विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को समय से मिलने पर चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि सभी बकायेदार अपने ऋण की अदायगी कर खाता में जमा कर खाता बंद नहीं करते हैं तो ऐसे में कुर्की और नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ताओं ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** बार संघ अध्यक्ष रामपाल जौहरी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिले के प्रभारी राज्य मंत्री स्टाम्प व पंजीयन रविन्द्र जायसवाल को बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यहां पर न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन एवं अपर सिविल जज जूनियर डिविजन के न्यायालय स्थापित है। कई वर्षो से क्षेत्रिय जनता एवं वादकारियों की मांग पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सिविल जज सीनियर डिवीजन/ अपर न्यायिक दण्डाधिकारी तथा अपर जनपद न्यायाधीश के न्यायालय के स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसके सन्दर्भ में सिविल जज सीनियर डिवीजन / अपर न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय के स्थापना हेतु शासन द्वारा अधिसूचना जारी करने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अपने पत्र सं0 14697/61इ अउ्टक्ठ अ3 दिनांक 29.11.2017 तथा अपर जनपद के न्यायालय के स्थापना हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया है. परन्तु अभी तक उपरोक्त न्यायालयों की सिफ्टिंग हेतु अधिसूचना जारी नहीं होने के कारण उपरोक्त न्यायालय स्थापित नहीं हुआ है। उपरोक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय जनपद सोनभद्र में जनहित व वावकारी हित में न्याय की दृष्टि से उपरोक्त की शिफ्टिंग की अधिसूचना जारी किया जाना आवश्यक है। इस दौरान कुलभूषण पांडेय, अरुणोदय जौहरी, प्रेमचंद यादव समेत अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# विधायक के गांव में भुखमरी की हालत बयां कर रही विकास की हकीकत

जनसंदेश न्यूज

**यह है हाल**

### आईपीएफ ने डीएम को पत्र भेज तत्काल रोजगार देने की मांग की

**म्योरपुर।** दुद्धी विधायक के गांव रासपहरी में मनरेगा में काम न मिलने से मजदूरों के समक्ष पैदा हुए भुखमरी के हालातों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने डीएम को ट्वीट कर तत्काल काम शुरू कराकर लोगों को रोजगार देने की मांग की है।

आइपीएफ के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका ने कहा कि विधायक के गांव में लोगों को रोजगार ना मिलना योगी सरकार के विकास की असलियत को उजागर करता है। रासपहरी गांव के प्रधान ने कल ही म्योरपुर बीडीओ को पत्र लिखकर कहा है कि काम के लिए प्रस्ताव भेजने के बाद भी गाँव में महीनों से काम नहीं मिल रहा है।

जनपद में एक सप्ताह से दौरा कर रहे उपमुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और प्रभारी मंत्री को जनपद का पिछड़पन नहीं दिखाई दिया. वैसे तो पूरे जनपद में खासकर आदिवासी बाहुल्य दुद्धी में रोजगार का गंभीर संकट है, लोग बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं, यहां तक कि आदिवासी लड़कियां बेंगलुरु जैसे शहर में जाकर काम करने के लिए विवश हैं। मनरेगा पूरे तौर पर ठप पड़ी हुई है, लोगों को मनरेगा में काम नहीं मिल रहा है। जहां थोड़ा बहुत काम मिला भी है वहां महीनों से मजदूरी बकाया है।

मोदी सरकार द्वारा हाल ही में पेश बजट में मनरेगा के आवंटित धन में 30 हजार करोड़ की कटौती कर दी गई है, परिणामस्वरूप आने वाले समय में मजदूरों के परिवारों को मनरेगा में काम मिलने में और भी परेशानियों और भुखमरी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा को मोदी सरकार ने पहले ही बेहद खराब स्थितियों में पहुंचा दिया है। आमतौर पर लोगों को औसतन 9 से 10 दिन काम साल भर में मिल पा रहा है। अब इस बजट कटौती से मजदूरों के परिवारों को बेहद खराब स्थिति का सामना करना पड़ेगा जो पहले से ही कोरोना महामारी के कारण बाहर काम न मिलने से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लिए प्रशासन को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और हर हाल में दुद्धी जैसे पिछड़े इलाके में मनरेगा में 100 दिन काम की गारंटी की जानी चाहिए, साथ ही बाजार दरों की तुलना में बेहद कम मनरेगा की मजदूरी को भी बढ़ाया जाना चाहिए।

# महिलाओं को किया गया जागरूक शोहदों को दी गयी चेतावनी

जनसंदेश न्यूज


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक करते हुए साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें।

### नाबालिग बनी मां, किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**म्योरपुर।** दुद्धी कोतवाल क्षेत्र के सुदूर एक गांव की नाबालिक बुधवार की रात एक बच्चे की मां बन गई। पीड़िता के भाई ने बुधवार को गांव के ही एक हम उम्र किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़िता के भाई ने दिए तहरीर में कहा है कि मेरी बहन का शारीरिक परिवर्तन होने लगा तो मां के पूछने पर बहन ने बताया की गांव के ही एक युवक ने संबंध बनाया और शादी करने का झांसा देता रहा,और कहा था की इसकी जानकारी गोपनीय रखना।जानकारी होने के बाद किशोर जो दसवीं का छात्र है, उसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर पंजीकृत अपराध संख्या भारतीय दंड विधान 5 ख (11)/6 पास्को एक्ट 3(2) ५ रू/२३ के विवेचक के विवेचना के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थीं , जिसको दिनांक 9 फरवरी 2023 समय प्रातः 6:30 बजे हुकुम तहरीर के आधार पर गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय भेजा गया।थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बुधवार की देर शाम किशोरी का घर में नार्मल डीलवरी हो गया। जिसकी जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने किशोरी के मां बनने की पुष्टि की है।

# सवालों के घेरे में सिक्योरिटी मैनेजर की भूमिका

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** कोर्ट के आदेश का हवाला देकर एक निजी संस्थान द्वारा दुकानदार की झोपड़ी तोड़े जाने के मामले का पटाक्षेप बुधवार को हो गया। लेकिन यह घटना अपने पीछे कई ऐसे सवाल छोड़ गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन सहित औद्योगिक संस्थान की छवि को खासा नुकसान पहुंचा। निजी संस्थान के प्रबंधन में बैठे वर्तमान शीर्ष अधिकारी औद्योगिक तरक्की के साथ नगर में जिस तरह से विकास की योजनाओं को गति दे रहे हैं उससे कंपनी के कर्मचारियों सहित नगरवासियों को सीधा लाभ मिल रहा है, लेकिन शिवापार्क इलाके में बीते गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर प्रतिवादी का मकान ढहाने पहुंचा प्रशासनिक अमला इतनी बड़ी चूक कैसे कर गया, उसके पीछे पहले दिन से संस्थान के बड़बोले सुरक्षा प्रबन्धक का नाम आ रहा है, जिसे उनके पूर्व के कारनामों के कारण नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

कंपनी के सीओओ, एचआर हेड एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी की नीतियां पब्लिक को जोड़ने की है तो वहीं एक सुरक्षा प्रबन्धक कंपनी एवं प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियों की साख पर बट्टा लगाने में जरा भी देर नहीं करते। बीते दो वर्षों में इस अधिकारी के कारनामों ने कई बार औद्योगिक अशांति फैलाने की कोशिश की, लेकिन अब तक गनीमत रही कि घटनाओं ने बड़ा आकार नहीं लिया।

**शक**

### प्रबंधन की छवि धूमिल कर रहे सुरक्षा प्रबन्धक

छोटे से छोटे हर मामले में यह अधिकारी सुरक्षा गार्डों एवं बाउंसरों का दुरुपयोग करते रहते हैं, उसको लेकर कई बार पब्लिक और सुरक्षाकर्मी आमने सामने होते रहे हैं। नवरात्रि के समय डांडिया कार्यक्रम की घटना ने तो बता दिया था कि यह अधिकारी अपने निजी हित के लिए कंपनी नियम व मानवीयता कैसे भूल गए थे। एम्पलाई कोड मांगने पर साहब को इतना नागवार लगा कि दो मजदूरों को पुलिस चौकी तक जाना पड़ा था। दशहरा के दिन रावण दहन देखकर अपने घर लौट रहे निहाईपाथर के ग्रामीणों को क्रूरतम तरीके से पीटने का मामले में सिक्योरिटी मैनेजर की संवेदनहीन भूमिका पर गहरे सवाल खड़े होते हैं। बीते दो फरवरी को शिवापार्क इलाके में कोर्ट के आदेश पर प्रतिवादी का मकान ढहाने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गयी चूक कोई मानवीय भूल नहीं थी, जबकि इसके पीछे उसी साहब की भूमिका पर ही सवाल उठे। बताया गया कि कोर्ट अमीन ने कार्रवाई में चूक का जिम्मेदार भी उस अधिकारी सहित मौके पर उपस्थित कंपनी के कर्मियों को ठहराया है। ऐसे में सवाल यही उठता है कि कंपनी के यह अधिकारी कैसी मानसिकता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं, जिसमें कंपनी सहित सीओओ, एचआर हेड एवं मुख्यसुरक्षा अधिकारी की साख पर लगातार बट्टा लग रहा है। बावजूद इस अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना कंपनी के औद्योगिक विकास और शांति की नीति पर सवाल खड़े करता है।

## सिक्योरिटी मैनेजर के आचरण से नाराजगी

**रेणुकूट।** आम हो या खास हर व्यक्ति सिक्योरिटी मैनेजर के कोपभाजन का शिकार होता रहता है। साहब की सुरक्षा नीति की वजह से समाचार कवर कर रहे पत्रकारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कंपनी के चिकित्सालय में किसी घटना या दुर्घटना से संबंधित पीड़ित व्यक्ति की जानकारी या फोटो लेना अपराध की श्रेणी में आता है। मुख्य चौराहे पर यातायात व्यवस्था के लिए खड़े बाउंसर एवं सुरक्षा गार्ड आने जाने वाले लोगों से अमर्यादित व्यवहार करते हैं। बताया जाता है कि सिक्योरिटी मैनेजर की कथित सुरक्षा नीति एवं अड़ियल रवैये से आम लोगों एवं कंपनी के बीच कभी-कभी टकराव के हालात बन जाते हैं।

# बहुत जरूरी हो तभी मोबाइल का प्रयोग करें बच्चे: छत्रबली सिंह

कार्यक्रम

### वार्षिकोत्सव में दी बनारस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल



वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि छत्रबली सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक

**शहाबगंज।** दी बनारस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव गुरुवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। इसका शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर किया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती बंदना प्रस्तुत कर मां शारदा की स्तुति कर कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को झूमने पर विवश कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने कहा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कृति एवं संस्कारों को समावेश होना जरूरी है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की तथा विद्यालय प्रबंध तंत्र एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सराहा। कहा कि प्रबंधक जहां विद्यालय की स्थापना कर मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करता है। वहीं विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों को शिक्षक शिक्षा देकर सजाने, संवारने का कार्य करते है। जिसमें कभी-कभी डांटने फटकारने की जरूरत भी पड़ती है। कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में मोबाइल की बहुत जरूरत है।

लेकिन इसका दुष्प्रभाव भी है। इसलिए बहुत जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल का प्रयोग करें। समाजसेवी रतीश कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय के पुरे साल का लेखा जोखा होता है। जिससे पता चलता है कि विद्यालय का पठन-पाठन कैसा है।उसी से बच्चों के कार्यों का मूल्यांकन होता है। बच्चों के कार्यक्रम को देखकर लग रहा है कि विद्यालय परिवार अपने बच्चों के ऊपर पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर काफी ध्यान देता है। प्रबंधक उपेन्द्र मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाती। विद्यालय के बच्चे जनपद के टाप-टेन में जगह बना रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में संस्थापक गुलाब मिश्र, प्रधानाचार्या रागिनी मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष गुलफाम अहमद मिक्कू, मुनिराज यादव, सजाउद्दीन, सविता देवी, दिव्या मिश्र, मोहम्मद आलम, नारद सिंह, उत्कर्ष मिश्र, मोहम्मद इकबाल, अजय सिंह, रामस्वरूप यादव मौजूद थे। संचालन प्रदीप यादव ने किया।

# 10 लाख के अवैध गांजे के साथ तीन को दबोचा



बरामद गांजा व पकड़े गए तस्कर संग पुलिस टीम।

**चंदौली।** नौगढ़ थाना पुलिस ने बुधवार को कौवाघाट पुल के पास चेकिंग के दौरान एक कार से स्मगल किए जा रहे 10 लाख रुपये के गांजे को बरामद किया। पुलिस ने वैगनआर कार को रोक कर चेक किया तो उसके अंदर चार बोरियों में भरा 69.3 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस कार्यवाही में तीन तस्करों को भी दबोच लिया जो जौनपुर समेत अलग-अलग जनपदों में बेचने के काम में लम्बे समय से संलिप्त हैं। उक्त मामले का एसपी अंकुर अग्रवाल ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि थाना नौगढ़ की पुलिस अपराधियों के विरुद्ध की जा रही अभिसूचना संकलन की कार्यवाही के क्रम में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग व अपराध नियंत्रण के गश्त पर थी। तभी मुखबिर खास से मिली सूचना के बाद कौवाघाट पुल के पास ग्राम शाहपुर बैरगाड़, केशार के तरफ से आ रही वैगनार कार यूपी 65 एसी 3700 को रोककर चेक किया। उक्त कार से 04 बोरी में कुल 69 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। साथ ही पुलिस ने अभियुक्त रविंद्र खरवार, चन्द्रबोस व रामसागर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान जिनके पास से 2950 रुपये नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि जनपद भभुआ बिहार से कम दाम पर अवैध गांजा खरीद कर ग्राम शाहपुर लाते हैं। इसके बाद उसे जौनपुर व आस पास के अन्य जनपदों में फुटकर दुकानदारों को अच्छी कीमत पर बेच देते हैं। बताया कि उनके वाहन में अभिनव यादव व सुनील भी मौजूद थे, जो मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतुल कुमार, अवधेश सिंह, विजय राज, लक्ष्मण सिंह, विजय कुमार गौड़, सूरज कुमार, कोमल सिंह, बालकृष्ण यादव, मनीष कुमार साहनी, मनीष कुमार यादव, मेजर सिंह शामिल रहे।

### चंदौली में गैरेज के बाहर खड़ी सफारी चोरों ने उड़ाया

**चंदौली।** नगर के वार्ड नंबर 4 संजय नगर स्थिति नेशनल हाईवे के किनारे बेखौफ चोरों ने एक मोटर वर्क गैरेज के बाहर खड़ी सफारी वाहन व गैरेज में रखे आधा दर्जन बैटरी और औजार सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। गैरेज स्वामी जब सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर व बाहर का नजारा देख सन्न रह गया। उनसे तत्काल इसकी जानकारी पुलिस व वाहन स्वामी को दी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताते है कि नगर के इंदिरा नगर वार्ड नंबर 6 निवासी अनिल कुमार, संजय नगर नेशनल हाईवे के किनारे मोटर वर्क का काम करता है। प्रतिदिन की तरह शाम को अपना गैरेज बंद कर घर चला गया। बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने उसके गैरेज का ताला तोड़कर उसमें रखे आधा दर्जन वाहनों के बैटरी बक्के में रखे औजार व एसोरीरिज के साथ गैरेज के बाहर खड़ी एक सफारी लेकर फरार हो गए। सुबह जब भुक्तभोगी गैरेज खोलने पहुंचा तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। उसने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस व वाहन स्वामी को दी।

## संक्षेप

### तमंचा के साथ दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



असलहा संग पकड़े गए अभियुक्तों के साथ पुलिस टीम।

**डीडीयू नगर।** प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस द्वारा जिले में हो रही तस्करी एवं अपराधियों धरपकड़ को लेकर जगह जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुगलसराय कोतवाली पुलिस को उस समय सफलता मिली जब मुखबीर की सूचना पर बुधवार की रात घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को मुगलसराय पुलिस ने औद्योगिक नगर के पटना मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। तलासी लेने पर पकड़े गए अभियुक्तों के पास से दो अदद देशी तमन्चा 315 बोर व दो कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम रमेश यादव पुत्र मेवा लाल थाना जलालपुर जिला मिजार्पुर व दूसरे ने भोला तिवारी पुत्र मंगला प्रसाद तिवारी थाना जलालपुर जिला मिजार्पुर बताया है। रविवार को खुलासा करते हुए मुगलसराय कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेव ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के है और कई मुकदमे में वांछित है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### कबड्डी में मेडल विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



रोशनी पब्लिक स्कूल में मेडल विजेता खिलाड़ियों संग स्कूल प्रबंधन के लोग।

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के हरिशंकरपुर स्थित रोशनी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल जीत कर आने पर खिलाड़ी छात्रों का प्रबन्धक इकबाल अहमद राजू ने माला पहना व मिठाई खिलाकर किया स्वागत किया। इस मौके पर प्रबंधक द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और कहा कि खेल से छात्रों का बौद्धिक विकास भी होता है। विदित हो कि चैलेंजर पब्लिक स्कूल सराय पाकवान सकलडीहा में चल रहे इंटरमीडिएट प्रतियोगिता में रोशनी पब्लिक स्कूल एकेडमी के लड़कियों ने श्री राम पब्लिक स्कूल आशापुर बनारस को 15, 18 से हरा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वही लड़कों के टीम ने दृतीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया। लड़कियों के गोल्ड मेडल बिजेता टीम में नादिया, अन्नू, अनामिका, आकांक्षा, स्नेहा, प्रिया, रिया, संध्या, अंशिका, प्रियांशी, सोनाली, अनुष्का, रूबी, पूजा व सिल्वर विजेता टीम में हेमंत, रोहित, प्रिंस, पीयूष, शिवम, प्रिंस चौहान, गौतम, ओमप्रकाश, अमित, अरबाज, सुजीत आदि रहें कोच की भूमिका में प्रताब मौर्य व दीपक कुमार ने बच्चों को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। संचालन रमन गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य अफ्शां इशरत ने किया।

### पीएचसी पर 50 गर्भवती महिलाओं की जांच

**कन्दवा।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर गुरुवार को 50 गर्भवती महिलाओं की जांच गयी तथा उनकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी महिलाएं ठीक ठाक पाई गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.शैलेन्द्र कुमार ने कहा सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने नैतिक जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करें। पीएचसी पर ब्लाक की 50 गर्भवती महिलाओं के जांच कोरोना, बीपी, वजन, हेमोग्लोबीन, यूरिन, एचआईबी, जीडीएम, सिफलिस, आदि का जांच किया गया। सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम गोली के वितरण किया गया एवं खान पान देखरेख पर विशेष सलाह दी गयी। कोई दिक्कत आने पर चिकित्सकीय सलाह उपचार के लिए कहा गया। इस मौके स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सूर्यप्रकाश, रीना यादव, विनय कुमार, अभिमन्यु, चंदन, अन्नू, पुष्पांजली, आरती वर्मा, संतोष, तेजप्रताप, सुदामा, चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों को प्राथमिक उपचार के बारे में दी जानकारी




आदर्श मां गायत्री बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल मारूफपुर में छात्र छात्राओं के साथ फार्मासिस्ट सागर विश्वास।

**चहनियां।** मारूफपुर स्थित आदर्श मां गायत्री बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में प्रशिक्षु फार्मासिस्ट सागर विश्वास ने दो दिवसीय व्याख्यान के तहत छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार से संबंधित टिप्स दिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं से हर्ट डायग्राम बनवा कर उसके कार्यों व संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षु फार्मासिस्ट सागर विश्वास ने विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच दो दिवसीय व्याख्यान पाठशाला आयोजित करके उन्हें हृदयाघात, प्वाजनिंग, सड़क दुर्घटना, आग से संबंधित घटनाओं में घायल होने, अचानक चोट लग जाने, बुखार आने आदि के बाद प्राथमिक उपचार करने के विधियों को बारीकियों से बताया। कहा कि मानव जीवन अनमोल है। छात्र-छात्राओं ने चार्ट पेपर पर हृदय की बाह्य और आंतरिक संरचना बनाकर प्रदर्शनी लगाया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त रागिनी यादव, द्वितीय स्थान प्राप्त सौम्या यादव, तृतीय स्थान प्राप्त ओम यादव को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य दुर्गेश पांडेय ने विश्वास को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से गीता मौर्या, शैलेष श्रीवास्तव, माया यादव, अश्विनी पांडेय, काजल यादव, मनीषा यादव, रीतु यादव, शैलेंद्र यादव मौजूद रहे।

# सकलडीहा में छात्रसंघ चुनाव के लिए छात्रों ने दिया धरना

धरना

### छात्रों ने चुनाव कराने की मांग को लेकर प्राचार्य को पत्र सौंपा

जनसंदेश न्यूज



सकलडीहा पीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर धरना देते छात्र।

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। गुरुवार को छात्रों ने चुनाव की मांग को लेकर के धरना दिया। अंत में छात्रों ने चुनाव कराने की मांग को लेकर की प्राचार्य को पत्र सौंपा। सकलडीहा पीजी कॉलेज में छात्र नेता लंबे समय से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। चुनाव कराने को लेकर कई बार छात्रों ने पत्रक भी सौंपा।

कॉलेज प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी चुनाव तिथि की घोषणा नहीं होने से छात्र संघ के पदाधिकारी लामबंद हो कर-के धरना दिया। इसके पूर्व प्राचार्य से मिलकर के छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषणा करने की मांग किया। लेकिन कालेज प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा चुनाव की अनुमति मिलने पर घोषणा करने की बात कही।

जिससे नाराज छात्र संघ के पदाधिकारी सहित छात्र नेता धरना पर बैठ गए। अंत में प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडे ने छात्रों का पत्रक लेकर के विश्वविद्यालय को भेजने की बात कह कर के धरना प्रदर्शन को समाप्त कराया। प्राचार्य प्रदीप कुमार पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ चुनाव को लेकर के अभी कोई तिथि निर्धारित नहीं की गई है। निर्धारित होने पर सूचना दी जाएगी। इस मौके पर धरना प्रदर्शन करने वालों में अभिषेक यादव विकास यादव, आकाश गौतम, पंकज, प्रदीप, ऋषिकेस, अरुण सिकन्दर पाल सहित अन्य रहे।

## बाइक के आमने सामने टक्कर में दो घायल

**कन्दवा।** सैयदराजा-जमानिया मार्ग पर बुधवार की देर रात अमड़ा गांव के समीप में बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। इससे बाइक पर सवार दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज सुनकर ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस 102 से सैयदराजा पीएचसी पर भर्ती कराया। जहां हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि बरहनी निवासी निवासी 18 वर्षीय अभिषेक यादव बुधवार की देर रात किसी कार्यवश अमड़ा बाजार गया हुआ था। देर रात बाजार करने के बाद बाइक से घर जा रहा था। अभी वह अमड़ा गांव के कुछ दूर गया था कि अमड़ा बाजार जा रहे रामपुर निवासी बाइक सवार 30 वर्षीय सोहराब अली से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। आवाज सुनकर ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सैयदराजा पीएचसी पर भर्ती करवाया। हालत चिंताजनक होने पर दोनों घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बाबा कीनाराम मार्ग क्षतिग्रस्त आवागमन में हो रही दिक्कत



लक्ष्मणगढ़ गांव में क्षतिग्रस्त सड़क व सराय रसूलपुर मठ मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क।

**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग वर्षो से क्षतिग्रस्त हैं। राहगीर लगातार इन सड़कों पर गिरकर चोटिल हो रहे, लेकिन जिला प्रशासन लोकनिर्माण विभाग, व जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए है। इस कारण बाबा के तपोस्थली जन्मस्थली रामगढ़ तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लग्न पर्व में प्रतिदिन मठ में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। समस्त सड़को के खस्ताहाल होने से श्रद्धालुओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बताया कि विगत अगस्त माह में बाबा के जन्मोत्सव के दौरान लोकनिर्माण व डीएम को कई बार सड़क के चौड़ीकरण व दुरुस्तीकरण गद्दा मुक्त सड़क के लिए प्रयास किया जा चुका है लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा उस समय खानापूर्ति करके इतिश्री कर लिया गया। आधा दर्जन गांव के प्रधानों ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन व लोकनिर्माण विभाग से निवेदन किया गया है कि जीर्णावस्था सड़क का सुदृढ़ीकरण कराया जाय, ताकि क्षेत्रीय जनता व बाबा कीनाराम भक्तों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# किसी भी हाल में भंग नहीं होनी चाहिए बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता



**चंदौली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 16 फरवरी से चार मार्च तक होने वाले बोर्ड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज सभागार में केंद्र व्यवस्थापक एवं जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ दो पालियों में बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन संपन्न कराना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट सभी केंद्रों पर बिजली, पानी व शौचालय, सीसीटीवी, वाइस रिकार्डिंग के साथ लगे रहने चाहिए।

इसके अलावा अन्य मूलभूत समस्त सुविधाओं की जॉच कर ले अगर किसी केंद्र पर कोई कमी रह गई हो तो अविलंब पूर्ण करा ले। केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूमो का पुनः परीक्षण कर लिया जाय। स्ट्रांग रूम की स्थापना एक दरवाजे वाले रूम होंगे। अगर उनमें खिड़कियां है तो उनको सील बंद कराया जाय। प्रश्न पत्र पत्रावली को रखने के लिए लोहे की दो लॉक वाली दो आलमारी रहनी चाहिए। बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता किसी भी तरह भंग न होने पाए। परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा जो अधिकृत है बस वही लोग रहें। शासन के निदेशों का कड़ाई से पालन किया जाय इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। शासन के मंशा के अनुसार सभी को कार्य संपादित करने है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में सीसीटीवी में रिकॉर्डिंग के साथ आलमारी खोल प्रश्न पत्र पत्रावली निकली जाय। उस दौरान किसी के पास एंड्रॉयड फोन नहीं होना चाहिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापको को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# मोदी की अगुवाई में विकास के नए आयाम गढ़ रहा भारत




बजट परिचर्चा-2023 कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रमेश जायसवाल।

**डीडीयू नगर।** भाजपा की ओर से बजट परिचर्चा 2023 में गुरुवार को स्थानीय कैलाशपुरी स्थित पोद्दार भवन में आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी बजट आमजन का बजट है। यह बजट भारत को विश्व के पायदान पर आगे ले जाने का बजट है। इस बजट में सभी का कल्याण निहित है। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन विकास के नए आयाम प्रस्तुत कर रहा है। ऐसे में यह बजट जारी कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आमजनों के विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। इस बजट से नए-नए उद्योग स्थापित होंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिल पाएगा।

इस बजट से किसानों व्यापारियों, नौजवानों व मजदूरों के साथ-साथ सभी लोगों को लाभ मिलेगा सरकार ने आयकर का स्लैब बढ़ाकर 5 लाख से 7 लाख कर दिया है जिससे नौकरी पेशा लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। विधायक रमेश जायसवाल ने कार्यकताओं और पदाधिकारियों से आह्वान किया कि सभी लोग अपनी-अपनी गांवों क्षेत्रों में जाकर लोगों को बजट के बारे में जानकारी दे। कहा कि यह बजट भारत को विकास की उन्नति के पथ पर बहुत ही आगे ले जाएगा इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया यह लोकहित का बजट है सर्वहित के कल्याण के लिए यह बजट जारी हुआ है। चकिया विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि इस बजट पर गांव गरीब के लोगों में चर्चा करने का की जरूरत है, आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी इस बजट पर चर्चा जरूर ही होना चाहिए। इस मौके पर डा. केएन पांडेय, मंडल अध्यक्ष आलोक वरुण, अनिल गुप्ता गुड्डू, डा.ओपी सिंह, सुनील श्रीवास्तव, प्रियंका तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व संचालन काशीनाथ सिंह ने किया।

# चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

जाना हाल

### सदर पीएचसी, कुछमन उपकेंद्र व सीएचसी का किया दौरा



चंदौली में स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण करती बिल-मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन टीम।

**चंदौली।** जिले में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) की टीम बुधवार को पहुंची। टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर व कुछमन उपकेंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सकलडीहा का निरीक्षण कर परिवार नियोजन के क्षतिपूर्ति योजना के बारे में जानकारी ली। सदर पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रदीप पाण्डेय ने चिकित्सालय की विविध सुविधाओं का विवरण दिया, जिसमें हर शुक्रवार को मनाए जाने वाले अंतराल दिवस के दीवार लेखन की सराहना की। परिवार नियोजन प्रोत्साहन राशि के बारे में भी जानकारी ली।

इसके बाद टीम प्रसव कक्ष (लेबर रूम) पहुंची, जहां उन्होंने सदर पीएचसी की नर्स सरोज पाल से मेंटरशिप और प्रसव के बारे में जानकारी ली। टीम ने परिवार नियोजन की बास्केट ऑफ चॉइस व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नर्स से जानकारी ली कि गर्भवती की जांच की सुविधा एवं प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की सलाह देते हैं या नहीं। इस दौरान प्रसव के लिए आई एक लाभार्थी और आशा कार्यकर्ता से टीम ने पूछा किसको कौन कौन सी सेवा दी जाती है। आशा ने बताया कि प्रसव पूर्व जांच एवं टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका और परिवार नियोजन की सलाह दी जाती है। आशा ने बताया कि लाभार्थी प्रसव पश्चात कॉपर टी लगवाने के लिए इच्छुक है। टीम ने नर्स मेंटरिंग रूम का भी सर्वे किये। साथ ही रूम में परिवार नियोजन के पोस्टर को देखकर उसके बारे में जानकारी ली। प्रभारी की ओर से साधन कब ले सकते हैं उस पोस्टर के माध्यम से टीम को जानकारी दी गयी।

तत्पश्चात टीम सकलडीहा ब्लाक के कुछमन सब सेंटर पहुंची। यहाँ टीम ने छाया, कॉपर टी व वीएचएनडी की जानकारी ली। साथ ही आईसीडीएस के लाभार्थियों को पोषण परामर्श दिया। सकलडीहा सीएचसी पर टीम ने पहुंचकर सबसे पहले अधीक्षक डा. संजय यादव से पूरी जानकारी ली और अस्पताल का भ्रमण किया। बीएमजीएफ टीम के साथ आयी उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि टीम ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस, खुशहाल परिवार दिवस, अंतराल दिवस एवं जननी सुरक्षा योजना, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (एचबीएनसी), प्रसव पूर्व जांच की सुविधा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरे में डा.राहुल रावत, डा.इन्द्र नेगी, डा.अमृत शेखर, रूचिका अग्रवाल, सारिका, सफलता, सरोज एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर बच्चों ने की चित्रकारी



**चंदौली।** एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल में जिला महिला कल्याण चन्दौली के तत्वधान में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 35 छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसका थीम था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिसमें छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर सुंदर चित्रकारी करके बेटियों को उच्च शिक्षित बनाने का संदेश दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम 10 बच्चों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा ने कहा कि इस योजना द्वारा भारत सरकार का उद्देश्य कन्या की सुरक्षा के साथ-साथ उसकी शिक्षा पर भी बल देना है।

इसके माध्यम से भारत सरकार बालिकाओं की सुरक्षा व शिक्षा दोनों को सुरक्षित करना चाहती है। महिला कल्याण अधिकारी दीक्षा अग्रहरि ने कहा किमहिलाओं के शिक्षित होने से वे अपने ऊपर होने वाले उत्पीड़न का विरोध कर सकती है और अपने अधिकार की मांग कर सकती है। इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य सारिका सिंह ने कहा कि हमारे स्कूल के छात्र इसी तरह तरक्की करते रहें इनका सहयोग करने से हमारा विद्यालय कभी पिछे नहीं हटेगा। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी किसन वर्मा, रंजना श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा, सुजीत कुमार, छोटी सिंह, राजकुमार मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

### पीटी ऊषा ने राज्यसभा के कार्यवाही की अध्यक्षता की, ट्विटर पर वीडियो किया शेयर



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध एथलीट पिलावुल्लाकांडी थेक्केपरम्बिल उषा ने गुरुवार को सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता की। पीटी उषा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर उस पल की एक छोटी क्लिप भी पोस्ट की जिसमें उन्होंने इस गर्व के पल का वर्णन किया। पीटी उषा को जुलाई 2022 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उच्च सदन के लिए नामित किया गया था। नवंबर में, उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। पीटी उषा ने अपने ट्वीट में लिखा, "जैसा कि फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट ने कहा था कि महान शक्ति में बड़ी जिम्मेदारी शामिल होती है, इसे मैंने राज्य सभा सत्र की अध्यक्षता के दौरान महसूस किया। मैं आशा करती हूं कि मैं इस यात्रा को अपने लोगों द्वारा निहित विश्वास के साथ पूरा करती रहूंगी।

# पहले दिन भारत ने कसा शिकंजा, जडेजा ने झटके पांच विकेट

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रन पर सिमटी

**नागपुर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला नागपुर के जामथा स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (47/5) और रविचंद्रन अश्विन (42/3) की घातक स्पिन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 177 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले मेजबान टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (56 नाबाद) के अर्द्धशतक की सहायता से एक विकेट के नुकसान पर 77 रन बना लिए।

ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रोहित ने पहले ओवर में 13 रन जोड़कर आक्रामक शुरूआत की। रोहित ने जहां जोखिम उठाते हुए बड़े शॉट खेले, वहीं केएल राहुल ने धैर्य के साथ विकेट पर समय बिताया। राहुल 71 गेंद पर 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये, हालांकि रोहित 56 रन बनाकर नाबाद हैं। रोहित दिन का खेल खत्म होने से पहले 69 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगा चुके हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन शून्य रन के स्कोर पर उनके साथ मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन चाय के बाद पहली पारी में 177 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 37 जबकि एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने पांच जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट लिया।



ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां चाय तक आठ विकेट पर 174 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने 49, स्टीव स्मिथ ने 37 और एलेक्स कैरी ने 36 रन की पारी खेली। चाय के समय पीटर हैंड्सकॉम्ब (नाबाद 29) और नाथन लियोन (नाबाद 00) क्रीज पर थे। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने चार जबकि रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट चटकाए।

लंच के बाद रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 84 रनों पर लगातार दो विकेट झटके दिए। पहले जडेजा ने मार्नस लाबुशेन को 49 रनों पर स्टम्प आउट कराया। यह विकेटकीपर केएस भरत के करियर की पहली स्टम्पिंग रहीं। फिर दूसरी बॉल पर जडेज़ा ने नए बल्लेबाज मेट रेनशॉ को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां लंच तक दो विकेट पर 76 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा (01) और डेविड वार्नर (01) के विकेट गंवाए। लंच के समय मार्नस लाबुशेन (नाबाद 47) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 19) क्रीज पर थे। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट चटकाया। शमी ने इंटरनेशनल करियर का 400वां विकेट लिया है।

भारतीय टीम के लिए इस मैच के साथ सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर केएस भरत ने टेस्ट में डेब्यू किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में टॉड मर्फी को डेब्यू का मौका मिला है। रोहित शर्मा इस मैच में तीन स्पिनर और दो फास्ट बॉलर के साथ उतरे हैं।

***दोनों टीमों की प्लेइंग-11***

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैट रैनशॉ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लायन, टॉड मरफी और स्कॉट बोलैंड।

## अश्विन ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 450 विकेट



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ गुरुवार को नागपुर में शुरू हुए पहले टेस्ट मैच के पहले ही दिन बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अश्विन ने टेस्ट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए हैं। कंगारू बल्लेबाज एलेक्स कैरी उनके 450वें शिकार बने। अश्विन अपने 89वें टेस्ट में सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले वर्ल्ड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़े दिया है। अनिल कुंबले ने 93वें टेस्ट मैच में 450 विकेट हासिल किए थे।

वहीं टेस्ट इतिहास में सबसे तेज 450 विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। मुरलीधरन ने अपने 80वें मैच में 450 विकेट पूरे कर लिए थे। मुरलीधरन के बाद सबसे तेज 450 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अश्विन का नाम शामिल हो गया है। अश्विन ने कुंबले को ही नहीं, बल्कि ग्लेन मैक्ग्रा, शेन वॉर्न और नाथन लियोन को भी इस रिकॉर्ड के मामले में कोसों पीछे छोड़ दिया है।

# गेंदबाजी से बेहद खुश हैं जडेजा

## जडेजा ने मैच के बाद कहा, मैं अपनी गेंदबाजी से बेहद खुश हूं

**नागपुर।** छह महीने के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने पहले टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाने के बाद गुरुवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए)

**कहा- एनसीए में 10-12 घंटे अभ्यास से मिली मदद**

में अपने प्रवास के दौरान 10-12 घंटे गेंदबाजी की, जो उनके लिये मददगार साबित हुआ। जडेजा ने मैच के बाद कहा, मैं अपनी गेंदबाजी से बेहद खुश हूं।

मैंने इसका आनंद लिया। पांच महीने बाद टेस्ट क्रिकेट खेलना मुश्किल होता है। मैंने इससे पहले लंबे समय बाद प्रथम श्रेणी (रणजी) मैच खेलना था, जहां मैंने करीब 42 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा, इससे मुझे यहां आकर टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिये काफी आत्मविश्वास मिला। पिच में बिल्कुल उछाल नहीं था, मैं सीधी गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था। मैं जब बेंगलुरु में एनसीए में था, तब मैं अपनी गेंदबाजी पर बहुत काम कर रहा था। मैं रोज 10-12 घंटे गेंदबाजी करता था जो मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। मैंने अपनी लय पर काम किया क्योंकि मैं जानता था कि मुझे टेस्ट मैच खेलना है और लंबे समय तक गेंदबाजी करनी है। घुटने की चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौटे जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन सहित पांच बल्लेबाजों को आउट किया। उनकी और रविचंद्रन अश्विन (42/3) की खतरनाक गेंदबाजी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले दिन सिर्फ 177 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत ने रोहित शर्मा (56 नाबाद) के अर्द्धशतक के दम पर एक विकेट गंवाकर 77 रन बना लिये हैं और वह ऑस्ट्रेलिया की बढ़त समाप्त करने से सिर्फ 100 रन दूर है।



## बॉलीवुड न्यूज

### पाखी और विराट की जिंदगी में आएगा नया मोड़



मुंबई। स्टार प्लस का शो 'गुम रहा है किसी के प्यार में' हर नए एपिसोड के साथ दर्शकों पर अपना जादू चला रहा है। फैंस विराट, सई, पाखी पर जमकर अपना प्यार लुटाते हैं। शो में हाल का ट्रैक विनायक की कस्टडी के लिए सई की इच्छा पर फोकस करता है। विराट, सई के पास जाता है और उसे विनायक को पाखी के साथ रहने देने के लिए मनाने की कोशिश करता है लेकिन सई अपनी बातों पर अड़ी रहती है और इस बात पर जोर देती है कि पाखी मानसिक रूप से अस्थिर है और विनायक उसके साथ सुरक्षित नहीं है। हालांकि विराट यह दिलाशा देते हुए पाखी के लिए खड़े होने की कोशिश करता है कि पाखी विनायक को चोट नहीं पहुंचाएगी, लेकिन सई पर उनकी बातों का कोई असर नही होता। ऐसे में अब 'गुम है किसी के प्यार में' के फैन्स को शो के अपकमिंग प्रोमो ड्रामा के साथ इमोशन्स भी भरपूर देखने मिलेगा, जिसमें यह दिखाया गया है कि पाखी और विनायक, विराट के साथ मुंबई जाने के लिए उत्साहित हैं। जैसे ही डोर बेल बजती है, पाखी सई और सावी को चव्हाण निवास के दरवाजे पर पाती है। सई ने चव्हाण निवास में फिर से एंट्री करने का फैसला किया है क्योंकि सावी अपने परिवार के साथ रहना चाहती है और सई को ऐसा करने के लिए मना रही है। इसके बाद सई चव्हाण हाउस लौटती है, जहां सई और सावी, पाखी को चौंका देती है। सई और सावी की दोबारा एंट्री से पाखी हैरान भी है और निराश भी। वहीं चव्हाण हाउस में सई और सावी की एंट्री के बारे में जानकर विराट खुश हो जाएंगे। यह बड़ा ड्रामा 12 फरवरी को स्टार प्लस पर रात 8 बजे शुरू होगा। स्टार प्लस के शो गुम हैं किसी के प्यार में में सई की भूमिका निभाने वाली आयशा सिंह ने हमें प्रोमो के बारे में जानकारी दी, उन्होंने साझा किया,* "सई के लिए शुरू से ही यह एक मुश्किल सफर रहा है। उसने हमेशा अपने अधिकारों और अपने बच्चे के लिए लड़ाई लड़ी है। सई के जीवन में यह मोड़ उसके पहले बच्चे के लिए एक और लड़ाई है और वह केवल प्यार चाहती है।

### एंड पिक्चर्स में दिखेगा डांस और कॉमेडी का तड़का



इंदौर। नाचोगे तो बचोगे! एंड पिक्चर्स 10 फरवरी को रात 8 बजे फिल्म रॉकेट गैंग के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ दर्शकों को डांस फ्लोर पर ले जाने के लिए तैयार है! इस डांस-हॉरर-कॉमेडी फिल्म के साथ कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने डायरेक्शन में अपना डेब्यू किया है, जिसमें आदित्य सील, निकिता दत्ता, जेसन थाम, सहज सिंह और मोक्षदा जेलखानी जैसे शानदार कलाकारों ने खास भूमिकाएं निभाई हैं। ये फिल्म दर्शकों को यारी-दोस्ती, लव और डांस के उतार-चढ़ाव भरे सफर पर ले जाती है, जहां पांच बच्चों की एक टीम अपना सपना पूरा करने के लिए सबसे बड़े डांस के मुकाबले में उतरती है। रॉकेट गैंग इन्हीं दोस्तों की कहानी है, जो वंडर विला में मुफ्त में रहने का ऑफर पाकर वेकेशन पर जाने का फैसला करते हैं। इसके बाद कुछ बड़ी अजीब घटनाएं होती हैं, जिससे उनकी जिंदगी सहम जाती है, लेकिन इसमें यकीनन दर्शकों के लिए हंसी का ओवरडोज भी होगा। फिल्मों में हॉरर और कॉमेडी एक साथ देखना हमेशा दिलचस्प होता है। ऊपर से देखने पर ये दोनों जॉनर्स बिल्कुल अलग-अलग नजर आते हैं, लेकिन काम के मामले में काफी मिलते-जुलते हैं। इन दोनों जॉनर्स के संगम से ही बनती है ह्यहॉरर कॉमेडीह्न। हॉरर कॉमेडी के जॉनर को दर्शकों से बेपनाह प्यार मिला है, और रॉकेट गैंग इसे एक कदम आगे ले गई है, जो यकीनन सभी दर्शकों के दिलों को जीत लेगी। फिल्म रॉकेट गैंग में एंटरटेनमेंट के धमाल के साथ-साथ दर्शकों के लिए एक शानदार ट्रीट भी है, जिसमें बेहद टैलेंटेड एक्टर रणबीर कपूर ने कैमियो अपीयरेंस किया है।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने जडेजा के खिलाफ रची 'साजिश'

## सीरीज के पहले दिन विवाद, वॉन-पेन ने किया समर्थन

**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में जडेजा ने पांच विकेट लिए। यह उनके टेस्ट करियर का पांचवां फाइव विकेट हॉल (पारी में पांच विकेट) रहा।

जडेजा ने मैच में 22 ओवर गेंदबाजी की और अपनी फिरकी में कंगारू बल्लेबाजों को उलझाए रखा। हालांकि, भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट या यूं कहें सीरीज के पहले दिन ही बड़ा विवाद सामने आ रहा है। रवींद्र जडेजा की गेंदबाजी से डरकर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने उनके खिलाफ बड़ी साजिश रची है। इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, वीडियो में मैच के दौरान जडेजा मोहम्मद सिराज के हाथों से कुछ लेकर अपने अंगुलियों पर लगाते हुए दिख रहे हैं। यह बाम जैसी कोई चीज है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के मीडिया आउटलेट फॉक्स स्पोर्ट ने ट्वीट करते हुए इसका वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- मजेदार। एक विवाद शुरू हो गया है, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट के दौरान एक सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया।



इस ट्वीट और विवाद को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने भी समर्थन दिया है। वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट के ट्वीट को रीशेयर करते हुए लिखा- जडेजा अपने स्पिनिंग फिंगर पर यह क्या लगा रहे हैं? मैंने ऐसा पहले कभी नहीं दिखा। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया। वहीं, टिम पेन ने लिखा- मजेदार। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया, वॉन और पेन के बेबुनियाद ट्वीट से सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई है, जबकि वीडियो में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे विवाद हो।


आईसीसी के नियम के अनुसार गेंद पर कुछ भी लगाना मना है। वीडियो में जडेजा ऐसा कुछ करते हुए भी नहीं दिख रहे हैं। एक फिंगर स्पिनर जब गेंदबाजी करता है तो उसकी अंगुली में दर्द या स्किन का हट जाना आम बात है। ऐसे में हो सकता है कि जडेजा भी उसी स्थिति से गुजर रहे हों। ऐसे में सिराज उन्हें कोई क्रीम या बाम लाकर देते हैं।

इस पर भी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने विवाद शुरू कर दिया है। दरअसल, भारतीय खिलाड़ी पर आरोप लगाने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों पर खुद ही बॉल टेम्परिंग के आरोप लग चुके हैं। डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट बॉल टेम्परिंग में फंस चुके हैं और सजा काट चुके हैं। वहीं, 2020/21 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। इसके अलावा नागपुर में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और 177 रन पर ऑलआउट हो गए। इन सभी मामलों से बौखलाई ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को अब नया मुद्दा मिल चुका है। हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया और टीम ने पिच को लेकर भी विवाद खड़ा किया था। उनका आरोप था कि भारत ने पिच से जानबूझकर छेड़छाड़ ताकि टीम को मदद मिल सके। इस पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया और टीम की आलोचना की थी।

# केविन पीटरसन ने कहा- नियमों में बदलाव को लेकर एसए20 की राह पर चल सकता है आईपीएल

***पीटरसन ने कहा, मुझे नए नियमों से कोई समस्या नहीं है।***

***मुझे लगता है कि नए नियम बेहद अच्छे हैं। टॉस काफी अधिक भूमिका नहीं निभाता***



**जोहानिसबर्ग। इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) एसए20 की राह पर चलते हुए इस नवीनतम टी20 लीग के नियमों में बदलाव को अपना सकता है और लीग को और अधिक रोमांचक बना सकता है। पीटरसन ने एसए20 लीग में लागू किए गए बदलावों का समर्थन किया है जिसमें टॉस के समय 13 खिलाड़ियों को नामित करना और फिर बाद में अंतिम एकादश का चयन शामिल है। पीटरसन ने कहा, मुझे नए नियमों से कोई समस्या नहीं है। मुझे लगता है कि नए नियम बेहद अच्छे हैं। टॉस काफी अधिक भूमिका नहीं निभाता। एसए20 खेल में जो नयापन लाया है वह मुझे पसंद है। मुझे लगता है कि यह शानदार है। उन्होंने कहा, बोनस अंक देना भी शानदार है। आप देख सकते हैं कि बोनस अंक यहां भूमिका निभा रहा है। मेरे कहने का मतलब है कि आप नियमों में बदलाव करना चाहते हैं जिससे कि यह सभी के लिए और अधिक रोमांचक बने। इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये और इससे टीम को मिली सफलता पर पीटरसन ने कहा कि भारत को भी इसी तरह से खेलने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, यह मानसिकता है। मुझे लगता है कि उनके पास एक कोच है जो यह सुनिश्चित कर रहा है कि वे असफल होने से नहीं डरें। उन्हें असफलता की चिंता नहीं है। वे जब क्रीज पर होते हैं तो संभवतः आउट होने के बारे में नहीं सोचते। वे बस असफलता के डर के बिना खेलते हैं। पीटरसन ने कहा, मुझे लगता है कि भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। मुझे लगता है कि अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद भारत बहुत धीमी बल्लेबाजी करता है। उनके पास खिलाड़ी हैं लेकिन फिर भी। उन्हें मैदान पर उसे दोहराना चाहिए जो इंग्लैंड कर रहा है। पीटरसन ने एक टी20 लीग फ्रेंचाइजी खरीदने की कोशिश की लेकिन धन की कमी के कारण सफल नहीं हो सके। हालांकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने भविष्य में किसी टीम के स्वामित्व से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, मैं बोली लगाने वालों में से एक था। हां, मैं किसी एक टीम को खरीदना चाहता था। लेकिन मेरे पास टीम का मालिक होने के लिए पर्याप्त धन नहीं था। यह पूछे जाने पर कि क्या क्रिकेट का खेल एकदिवसीय प्रारूप के बिना बेहतर होगा, विशेषकर द्विपक्षीय मुकाबलों के बिना तो पीटरसन ने कहा कि फिलहाल किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि वनडे के बिना क्रिकेट बेहतर होगा क्योंकि हम अभी तक उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं। लेकिन हम भविष्य में ऐसा देख सकते हैं, हालांकि विश्व कप अभी काफी लुभावाना टूनार्मेंट है। सबसे छोटे प्रारूप के बारे में बात करते हुए पीटरसन ने कहा कि मनोरंजन के अलावा मुख्य रूप से इससे जुड़े पैसे के कारण यह प्रारूप बना रहेगा। उन्होंने कहा, यह यहां रहने के लिए है, टी20 में बहुत अधिक पैसा है। अब 50 ओवर का प्रारूप क्रिकेट के बहुत लंबे दिन की तरह लगता है। मुझे नहीं लगता कि आपको 50 ओवर के खेल में उतना मनोरंजन मिलता है जितना आपको टी20 में मिलता है। इस पर गौर करने की जरूरत है। पीटरसन ने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए भी डरता हूं। और मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट को लेकर चिंतित हूं और मुझे लगता है कि जो तत्काल संतुष्टि हम सभी चाहते हैं वह टेस्ट क्रिकेट को नुकसान पहुंचा सकती है।

## 'विश्वास करना मुश्किल...', नागपुर टेस्ट में ट्रेविस हेड को नहीं खिलाने से मैथ्यू हेडन और स्टीव वॉ हैरान



**नागपुर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मैथ्यू हेडन और स्टीव वॉ ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम से ट्रेविस हेड को बाहर किए जाने पर हैरानी जताई। हेडन ने कहा कि यह बल्लेबाज स्वयं भी यह जानने के बाद हैरान था कि वह नहीं खेल रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने 2021-22 एशेज श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हेड की जगह दाएं हाथ के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब को चुना। हेड को नहीं खिलाने का कारण संभवतः यह था कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। मैच के लिए अंतिम एकादश की घोषणा के बाद फॉक्स क्रिकेट पर हेडन के हवाले से कहा गया, मुझे इस पर (हेड को बाहर करने पर) विश्वास नहीं हो रहा। मार्क वॉ उसके साथ बैठे थे और हेड को भी इस पर विश्वास नहीं हो रहा था। हेडन ने कहा, मेरे लिए वह गर्मियों के सत्र का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी था। मुझे पता है कि ब्रिसबेन के गाबा में पूरी तरह से अलग परिस्थितियां थी लेकिन ब्रिसबेन में उसके 90 रन (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) शानदार थे। उसने ऐसे रन बनाए जैसे वह सपाट विकेट था लेकिन ऐसा नहीं था। वह घास से भरी हरी पिच थी। स्टीव वॉ ने महसूस किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने शायद विकेट को लेकर हो रही चर्चा को अधिक तवज्जो दे दी। स्टीव वॉ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, विश्वास करना मुश्किल है कि हम दुनिया में चौथे नंबर के टेस्ट बल्लेबाज को बाहर कर सकते हैं और शायद पिछले 12 महीनों में हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को और साथ ही वह औसत ऑफ स्पिन से बेहतर गेंदबाजी करता है। इंतजार करते हैं और देखते हैं। शायद ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जीनियस हैं।

# वसूली में शिथिलता बरती तो होगी कार्रवाई : मनीष वर्मा

बैठक

### कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में डीएम का निर्देश

जनसंदेश न्यूज



समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक देर सायं संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित कराएं, अधिकारियों के द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आबकारी, स्टाम्प द्वारा वसूली लक्ष्य से कम है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# संस्कृति और विरासत को संजोयेगा विश्वविद्यालय : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

उपलब्धि

### विश्वविद्यालय में बनेगी हेरिटेज गैलरी

### उत्तर प्रदेश सरकार ने 20 लाख रुपये किया स्वीकृत

### युवा पीढ़ी को विरासत से जोड़ने के लिए कल्चरल क्लब की होगी स्थापना

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रदेश की कल्चरल क्लब योजना के अंतर्गत हेरिटेज गैलरी बनेगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए संस्कृति निदेशालय को प्रस्ताव भेजा था जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई।

विश्वविद्यालय में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं प्रोत्साहन करने एवं युवा पीढ़ी की समृद्ध विरासत से जोड़ने के लिए कल्चरल क्लब की स्थापना की जाएगी।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय ने हमारे विश्वविद्यालय को चयनित किया है. इसके माध्यम से संस्कृति और विरासत को सामने लाया जायेगा। हेरिटेज गैलरी में विश्वविद्यालय के विकास से लेकर उत्कृष्ट कीर्तिमान स्थापित करने वाले पूर्व विद्यार्थियों की फोटो को जगह मिलेगी। विभिन्न पुरस्कार प्राप्त विद्वानों, लेखकों, वैज्ञानिकों की फोटो भी गैलरी में देखने को मिलेगी। स्थानीय संस्कृति एवं विरासत, कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने हेरिटेज गैलरी की स्थापना के लिए वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं शिक्षकों के साथ विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के नवीन भवन का निरीक्षण कर विविध बिन्दुओं पर चर्चा की।

वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने बताया कि हेरिटेज गैलरी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर बीस लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस प्रस्ताव को जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर द्वारा तैयार किया गया था। इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राम नारायण, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, अमृत लाल, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

# पीयू की टीम युवा महोत्सव के लिए काशी रवाना



टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं कुलपति

तैयारी

### कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अंतर विश्वद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग के लिए गुरुवार शाम को टीम प्रबंधक डॉ. विनय वर्मा और ज्योति सिंह के नेतृत्व में रवाना हुई।

कुलपति निर्मला एस. मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार और वित्त नियंत्रक संजय राय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शुभकामना व्यक्त की। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग में विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, समूह गायन, सामूहिक नृत्य, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली जैसे प्रतियोगिता में भाग लेगी। विश्वविद्यालय की टीम में 20 प्रतिभागी हैं। इस अवसर पर समन्वयक सांस्कृतिक परिषद डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज तिराहे के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। बदलापुर थाना क्षेत्र के भलुवाही गांव निवासी सिद्धार्थ कुमार निगम 25 वर्ष पुत्र मंगला प्रसाद निगम गुरुवार दिन के लगभग 12 बजे अपनी स्कूटी से घर से निकलकर शहर आ रहा था तभी वह जौनपुर की तरफ से जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची लाइन बाजार थाने की कोबरा मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में उसके कुछ रिश्तेदार भी मौके पर आ गए सभी लोग घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही खबर उसके गांव पहुंची उसी समय शुभचिंतक व रिश्तेदार उसके घर पहुंच गए। कुछ देर पूर्व जिस घर में बच्चों की हंसने की किलकारियां गूंज रही थी वहीं मातम छा गया। दूसरी तरफ पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में इंस्पेक्टर लाइन बाजार से दूरभाष से संपर्क किया गया की रोडवेज की बस पकड़ी गई या नहीं जिसका वह उत्तर नहीं दे पाए।

# पुलिस ने 17 वारंटियों को किया गिरफ्तार



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये वारंटी

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद सभी वारंटियों को न्यायालय भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र सिंह ने बताया कि मानीकला निवासी गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ बंगा, महेन्द्र कुमार पुत्र रामचन्द्र, अंगद पुत्र झिलगू, चौकिया गुरैनी निवासी गुलाब चन्द पुत्र धर्मराज यादव, मूलचन्द पुत्र धर्मराज यादव, मनेछा निवासी श्याम कन्हैया पुत्र शिवनन्दन, रुधौली निवासी सालिक राम बिन्द पुत्र बिजयी बिन्द, चकमारुफपुर निवासी मिठ्ठू केवट पुत्र हरखू केवट, खुदौली निवासी धन्नी पुत्र जंगली प्रसाद, मन्नी पुत्र जंगली बिन्द, नौली निवासी अशोक कुमार पुत्र छोटे लाल, नदौली निवासी राजकमल पुत्र श्यामदेव, सरिता पत्नी राजकमल, टिकरीकला निवासी अनिल पुत्र बच्चूलाल, प्रदीप पुत्र रामबचन, खेतासराय निवासी छोटेलाल पुत्र जगदेव, अचर्जी देवी पत्नी छोटेलाल को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## चार गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** गैरजमानती वारंटी मिश्री लाल पुत्र स्व. राम निरंजन निवासी सजईकला थाना पवांरा, सिकन्दर, धीरेन्द्र व पप्पू निवासी-सेमरिया को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की सुबह विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### आंचल का कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल मौर्या पुत्री सुशील मौर्य ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरडी परेड में सम्मिलित होने के बाद गुरूवार को अपने मूल जनपद एवं कॉलेज मोहम्मद हसन में पहुंची जिसमें छात्र-छात्राओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने बुके देकर उसे सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि आज के वर्तमान समय में छात्राएं सशक्त एवं मजबूत हो रही हैं हर क्षेत्र में अपना एक स्तंभ स्थापित कर रही हैं इसलिए अपना भारत देश पुनः सोने की चिड़िया बनने के लिए अग्रसर है। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय विक्रम सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. प्रेमलता गिरी, अहमद अब्बास खान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविका सेवक एवं सेविका मौजूद रहे।

### टॉप-20 का अपराधी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

मछलीशहर। नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत 8/9 फरवरी की रात्रि प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे के निर्देशन में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव पुलिसटीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान रामपुर तिराहा पर पुलिस जीप को देखकर एक व्यक्ति रामपुरकला की ओर तेजी से भागने लगा जिसको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त लवकुश तिवारी पुत्र सन्तोष तिवारी निवासी रामपुर कला (भाट का पूरा) थाना मछलीशहर के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त लवकुश तिवारी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया।

### लेदर बाल क्रिकेट महासंग्राम आज से

**गभिरन।** खुटहन ब्लाक के पोटरिया गांव में अंतर्जनपदीय लेदर बॉल क्रिकेट महासंग्राम का आयोजन 10 फरवरी से होगा। पोटरिया गांव में दस जनवरी से अंतर्जनपदीय लेदर बॉल क्रिकेट महासंग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जनपदों की क्रिकेट टीम प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के आयोजक पोटरिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अबूसाद अहमद ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें सुबह नौ बजे पहुंचकर इंट्री करा लें, ताकि समय से खेल शुरू किया जा सके।

### अज्ञात कारणों से किशोर ने लगा ली फांसी

**चंदवक।** क्षेत्र के गोनौली गांव में बुधवार रात बृजेश यादव उर्फ मन्ना का 14 वर्षीय पुत्र अनंत घर से सटे बाड़ें में स्थित जामुन के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। थोड़ी देर बाद उसकी मां पूनम खोजते हुए बाड़ें में गई तो किशोर के फांसी से लटकती लाश देकर होश उड़ गए और शोर मचाने लगीं। शोर सुन परिजन व पड़ोसी पहुंच गए। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।


### सड़क दुघर्टना में एक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मनवल गांव में बाइक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी 40 वर्षीय अखिलेश पुत्र रामदीन मनवल गांव में राजगीर का काम कर रहे थे। किसी काम से सड़क पार कर रहे थे कि सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारकर मौके से हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### सऊदी से युवक का शव घर आते ही मचा कोहराम

**खेतासराय।** सऊदी अरब में यहां के एक युवक की एक हादसे में हुई मौत के बाद बुधवार की रात्रि शव घर लाया गया। शव को घर लाए जाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के बभनौटी मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय कलामुद्दीन पुत्र मुजफ्फर हुसैन उर्फ भोला सऊदी अरब के रियाद में एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर था। 25 दिसम्बर को किसी वाहन के उपर चढ़ कर निरीक्षण कर रहा था। असंतुलित होकर गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था जहां उपचार के दौरान 29 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को होते ही घर में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले आने के लिए प्रयासरत थे। वहां रह रहे रिश्तेदारों के सहयोग से बुधवार की रात्रि उसका शव घर लाया गया। शव को घर लाए जाने की प्रक्रिया में लगभग डेढ़ माह लग गया। इस घटना से पूरा परिवार गमगीन है।

### टॉप टेन का शातिर अपराधी गांजे के साथ गिरफ्तार



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी गुरूवार को पुलिस द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र का सारीजहांगीर पट्टी गांव निवासी मंशूर कंकाली ऊर्फ मुन्शू 24 पुत्र शहाबुद्दीन ऊर्फ छंगू थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी था जिसे गुरूवार को वांछितों और अपराधियों की तलाश के दौरान उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द व हमराहियों द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में टाप टेन का अपराधी है और वह लगभग आधे दर्जन आपराधिक घटनाओं में वांछित था। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त का चालान एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्स्टेबल द्वय संजय कुमार सिंह और अमित कुमार मौजूद रहे।

### मुकदमे की पैरवी के बाद दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**शाहगंज।** तहसील परिसर में आये दो फारियादियों ने मुकदमे में पैरवी के बाद बाहर आने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान मारपीट हो गया जिसमें एक युवक घायल हो गया। उक्त घायल का इलाज राजकीय चिकित्सालय में हुआ। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी बिस्मिल्लाह पुत्र दीन मोहम्मद का नगर के पुराना मछरहट्टा निवासी फैजान पुत्र फैयाज से मुकदमा चल रहा है। गुरुवार को दोनों पक्ष उपजिलाधिकारी कोर्ट में मुकदमे की पैरवी में आये थे। पैरवी के बाद दोनों पक्षों में तहसील परिसर में ही मारपीट हो गयी जिसमें बिस्मिल्लाह घायल हो गए। उक्त घायल ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का इलाज करा दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# आठ वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कार्रवाई

### विभिन्न मामलें में चल रहे थे फरार

जनसंदेश न्यूज



पुलिस की गिरफ्त में वारंटी

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न गांवों से न्यायालयों में वांछित चल रहे आठ की संख्या में वारंटियों को पुलिस ने दबिश दे दबोच लिया। फिलहाल सभी को चालान भेजा गया है। पुलिसिया कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारम्भ कर दिया है। बुधवार की रात प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के नेतृत्व में मडवामोहिद्दीनपुर गांव में वांछित चल रहे तीन सगे भाईयों संतलाल बिंद, मिठ्ठू बिंद एवं शिव शंकर बिंद पुत्रगण मोती बिंद को गिरफ्तार किया गया। वहीं खनुवाई गांव में श्रीश पुत्र राम किशोर हुसैनाबाद गांव निवासी हंसू पुत्र भूलन को गिरफ्तार किया गया। सबरहद गांव में उजरौटी निवासी दीपक पुत्र राजाराम के घर दबिश दे भाग रहे वांछित को दबोचा गया। लम्बे समय से फरार चल रहे छबवा गांव निवासी राम सूरत सिंह पुत्र राम करन एवं इसी गांव के बाल कृष्ण गौड़ पुत्र राम कुमार गौड़ को पुलिस ने धर दबोचा। सभी फरार वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, इसरार अहमद, सुरेश कुमार सिंह, हे.का. राज कुमार यादव, का. विकेश कुमार, बृजेश चौहान, विनोद यादव, रणजीत यादव, अनिल निषाद, नितेश तिवारी आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

**सुइथाकला।** क्षेत्र के समोधपुर गांव में गुरूवार को एक अधेड़ ने अपने घर में फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले में पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के समोधपुर गांव निवासी शेरबहादुर सिंह पुत्र वीरेन्द्र गुरूवार को अपने घर में फांसी के सहारे लटका मिला। उसे लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग उसे नीचे उतारकर स्थानीय सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में लिखा पढ़ी के साथ लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई होगी। मृतक की पत्नी और एक बच्चा घर पर रहता है जबकि बड़ा लड़का कहीं बाहर रहता है। बहरहाल घटना को लेकर सभी स्तब्ध है।

# कूड़ा कलेक्शन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



नगर पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षण देते अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय पर डीपीएम अमित सूर्यमणी द्वारा नगर पंचायत कर्मियों को कूड़ा कलेक्शन हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गीला एवं सूखा कूड़ा पृथकीकरण की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात वाड़ों में रैली के माध्यम से जनजागरूकता अभियान अधिशासी अधिकारी डा. रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से लिपिक कविता श्रीवास्तव अमरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, यावर अली, गुफरान अहमद, दिनेश यादव, रमेश चन्द्र, मो. अम्बर, जावेद आलम, राहुल मथुरिया, बृजनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर आयोजित हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से 4 मार्च के मध्य दो पालियों में (प्रथम पाली समय प्रातः 8 बजे से 11.15 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2 बजे से 5.15 बजे तक) आयोजित होगी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में परिषदीय परीक्षा के दौरान होने वाले कठिनाईयों से सबको परिचित कराया तथा अपने दायित्वों के प्रति अनवरत सतर्क रहने एवं अपने जोनल व सेक्टर में सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रमण करने के अपेक्षा की गयी है। उक्त समीक्षा बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा राज्य स्तर एवं जनपद स्तर पर स्थापित ऑनलाइन मॉनिटरिंग सेल से परीक्षा केन्द्रों के सतत क्रियाशील रहने हेतु नियमित निरीक्षण सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेटों को नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया कि शान्तिपूर्ण, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों की एक बैठक/प्रशिक्षण 4 फरवरी को टीडी इण्टर कालेज सभागार में आयोजित की जा चुकी है। उक्त बैठक में जिला विद्यालय ने अवगत कराया कि परीक्षा की समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत परीक्षा कार्यक्रम हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षकगण की आवश्यक बैठक 11 फरवरी को 12 बजे टीडी इण्टर कालेज सभागार में आहूत की जायेगी।

### पुलिस की निगरानी में हुआ कोटे की दुकान का चयन

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत डोमनपुर में गुरुवार को खुली बैठक ग्राम प्रधान चंद्रावती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम पंचायत में रिक्त कोटे की दुकान का चयन किया गया। पुलिस की कड़ी निगरानी में ईडब्ल्यूएस के कोटे से आनन्द कुमार का कोटेदार के रूप में चयन किया गया। ग्राम पंचायत डोमनपुर की राशन दुकान अनियमितता के आरोप में निलंबित कर बगल के गांव मजडीहा में अटैच कर दी गई थी। शासन की गाइडलाइन के अनुसार रिक्त कोटे की दुकान के चयन के लिए सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के चयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसी क्रम में पर्यवेक्षक एडीओ कॉपरेटिव दुर्ग विजय, पंचायत सचिव शिवमूर्ति यादव की टीम पुलिस बल के साथ गुरुवार को गांव के प्राथमिक विद्यालय पर पहुंची जहां खुली बैठक हुई। ईडब्ल्यूएस वर्ग से गांव के अजय पुत्र रामजीत और आनन्द पुत्र प्रमोद कुमार ने आवेदन प्रस्तुत किए। वोटिंग के बाद अजय को 249 और आनन्द को 288 मत मिले। आनन्द को 39 मत अधिक मिलने पर टीम ने इन्हें कोटेदार के रूप में चयनित किया।

# अधिवक्ता संघ ने की नायब तहसीलदार के निलंबन की मांग

रोष

### चपरासी से करवाती हैं धन उगाही का लगाया आरोप



तहसीलदार न्यायालय के सामने धरने पर बैठे अधिवक्ता

**मछलीशहर।** बीते बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश यादव की जूनियर कविता यादव और नायब तहसीलदार मीना गौंड़ के चपरासी के बीच हुई घटना के बाद गुरूवार को अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार मीना गौड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

पीड़ित अधिवक्ता कविता यादव ने संघ को जानकारी देते हुए बताया कि कल उनका चपरासी जितेंद्र कुमार उनसे धन उगाही करने ही आया था। इसी बात को लेकर के बाद विवाद हुआ और मनबढ़ चपरासी ने महिला वकील को पीट दिया। अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के बाद आरोपित चपरासी के खिलाफ कोतवाली में मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा कल ही दर्ज कर लिया गया था। गुरूवार की सुबह तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार मीना गौड़ की रिश्वतखोरी को लेकर जमकर हंगामा किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। बाद में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपकर नायब तहसीलदार को रिश्वतखोरी के आरोप में तत्काल निलंबित करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने बताया उक्त नायब तहसीलदार दस, बीस और 50 रूपये के लिए भी अपने चपरासी को भेजकर धन उगाही करवाती है। अधिवक्ताओं के बेहद साधारण काम जैसे प्रार्थना पत्र पर अग्रसारित करने का भी पैसा मांगती है और अधिवक्ताओं द्वारा प्रार्थना पत्र सीधे रखने पर अपने चपरासी के जरिए प्रार्थना पत्र भेजने को कहती हैं। अधिवक्ता जब चपरासी के पास जाते हैं तो वह रुपए की मांग करता है। आरोप लगाया कि उक्त नायब तहसीलदार पूरी तरह रिश्वतखोरी में लिप्त है और न्यायालय में बैठकर के धन उगाही करती हैं। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, प्रेमचंद विश्वकर्मा, हरि नायक तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, यज्ञ नारायण सिंह, भरत लाल यादव आलोक विश्वकर्मा, रतन लाल गुप्ता, आदि सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 10 वर्ष से 7 करोड़ की लागत से 32 बेड का सीएचसी नहीं हो पाया हैण्डओवर

**यह है हाल**

**सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र सहित सीएचसी का किया औचक निरीक्षण**


कर्मचारियों से वार्ता करते सीएमओ

**हलिया।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने हलिया विकास खंड के उच्च कृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलरा का औचक निरीक्षण किया। उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा संगिनीयों एएन एम के प्रशिक्षण में भाग लिया तथा उन्होंने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद कोविड रजिस्टर को देखा बताया एएन एम को कहा कि नौनिहाल बच्चों को समुचित टीकाकरण कराया जाए। छोटे बच्चों को किटाणु की दवा भी दी जाए। जिससे अनेक बीमारियों से निजात मिल सकती है। इसके बाद उन्होंने 10 वर्ष से निष्क्रिय पड़ी लगभग 7 करोड़ की लागत से 32 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलरा का निरीक्षण किया। अधूरे निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2008 में कार्य प्रारंभ हुआ था जहां पर निर्माण निगम के ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य कर-के ही छोड़ दिया। अधूरे कार्यों की वजह से अस्पताल हैंडोवर नहीं हो पाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक वायरिंग टाइल्स एवं कर्मचारियों के आवास अधूरे पड़े है। जिसके संबंध में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के बाद स्पेशल इन वी कैन टीम द्वारा जांच भी की जा रही है। अस्पताल का हैंडोवर न होने के कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मौके की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित शासन को सौंपने की बात कही है। इस दौरान चिकित्सक अभिषेक जायसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान अरुण मिश्र आदि रहे।

## 25 हजार की वसूली, 12 कनेक्शनों का किया गया विच्छेदन

**लालगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में राजस्व वसूली एवं बिजली चोरी रोकने के लिए गुरुवार को दोपहर लालगंज के लहंगपुर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के तहत बड़े बकायेदारों से 25 हजार की वसूली करते हुए 12 कनेक्शन विच्छेदन किया गया। चेकिंग में उपस्थित जेई रामकेश पटेल ने बताया कि यह अभियान प्रति दिन चलेगा।

जिन लोगों का 50 हजार के ऊपर विद्युत बिल बकाया है वह लोग तत्काल विद्युत उपकेंद्र लहंगपुर पर पहुंचकर विद्युत बिल जमा कर दें अन्यथा विद्युत चेकिंग में पकड़े जाने पर कनेक्शन काटते हुए उनके खिलाफ आरसी की कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग अभियान में रामकेश पटेल, यूपीसीएल के सर्वेश दुबे, लाइनमैन गुड्डू, राकेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## होमगार्ड के जवानों को एसपी ने किया टार्च का वितरण

**जमालपुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने गुरुवार को जमालपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, हवालात, मैस, शौचालय, लेखाकार कक्ष व अभिलेखों को बारिकी से देखा और परिसर के साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्यायों से अवगत हुए थाना प्रभारी मनोज कुमार से विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी लेते हुए निरीक्षण में शस्त्र के बारे में पुलिस कर्मियों से सम्बंधित जानकारी लिया जिसके बाद थाना अदलहाट, चुनार एवं थाना जमालपुर पुलिस सैनिकों एवं होमगार्डों का सम्मेलन किया गया। वही होमगार्ड के जवानों को टार्च का वितरण किया। जिसके बाद स्थानीय बाजार का पैदल रुट मार्च करते हुए बाजारवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीओ चुनार उमा शंकर सिंह, अदलहाट थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया, राकेश सिंह, इन्दु भूषण मिश्रा, विनय यादव, प्रधान हरिशरण मिश्रा, नरसिंह चौहान सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



## संक्षेप

### उत्साह के साथ मनाया गया हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम



**चील्ह।** विकास खंड कोन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिलठी के प्रांगण में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय हमारे आंगन हमारे बच्चे उत्सव बेसिक शिक्षा परिषद के मार्गदर्शन में उत्साह के साथ मनाया गया। मां सरस्वती के पूजन अर्चन के पश्चात मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी कोन श्रीराम पाल व प्रधानाचार्य श्रमोद सिंह, सीडीपीओ कोन अनुसुइया सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन बृजेश कुमार राय व जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान तिलठी ओमप्रकाश दूबे का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन बृजेश कुमार राय ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी कोन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी बच्चों को जो तीन साल के है उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ा जाय व जो बच्चे छ वर्ष के हो गये है उन्हें प्राथमिक विद्यालय से अवश्य जोड़ा जाय। कार्यक्रम में निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामबहादुर खुशियाल, अली हुसैन, नवीन, ए आर पी जगदम्बा, राजेश, रमाकान्त, नौशीन, शालिनी, विष्णु कांत, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन ए आर पी विवेक कुमार पाठक ने किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किसान की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत निकरिका गांव निवासी कल्लू गुप्ता उम्र लगभग 45 वर्ष की बीती रात मौत हो गई। परिजनों ने उसे सुबह मृतावस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों में हड़कंप मच गया। इसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद आस पास में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई जानकारी नहीं दिया है लेकिन मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके बाद कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

### 2 महिला समेत एक अवैध वेंडर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** ट्रेन में चेकिंग के दौरान आरपीएफ पुलिस ने 2 महिला समेत एक अवैध वेंडर को गिरफ्तार किया। गुरुवार को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां भीख मांगने वाली महिलाएं, ट्रेनों में अवैध तरीके से खाद्य सामग्री बेचने वाले अवैध पुरुष व महिलाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बताते चलें कि गुरुवार को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चेकिंग के दौरान मीरजापुर चुनार की संयुक्त टीम ने 2 महिला विमला व रज्जो सहित एक अवैध वेंडर को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ द्वारा इन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। इस मौके पर आरपीएफ उप निरीक्षक गौरव समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### छत से गिरकर बालक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर कामता गांव निवासी 4 वर्ष का बालक गुरुवार को छत पर खेलते समय गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घर पर मौजूद परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। रामपुर कामता निवासी अनीश 4 वर्ष पुत्र भगवान दास मकान के ऊपर छत पर खेल रहा था कि अचानक फिसल कर नीचे गिर गया बालक को गिरते ही मौजूद परिजन आनन-फानन में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचे जहां पर चिकित्सक प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महाशिवरात्रि पर होगा भव्य श्रृंगार, 3 गरीब कन्याओं की होगी शादी

**मीरजापुर।** प्यारेलाल पोखरा चंदईपुर भगवान शिव के महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य श्रृंगार 3 जोड़ी गरीब कन्याओं की शादी 18 फरवरी को आहूत की गई है। यह वार्षिक श्रृंगार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रखा गया है। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि शाम सायंकाल 6:00 भगवान भोलेनाथ का श्रृँगार होगा उसके उपरांत 3 गरीब कन्याओं की शादी कराई जाएगी।

### चबूतरा बना रहे 4 लोगों का पुलिस ने किया चालान

राजगढ़। विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत वन विभाग की जमीन पर कुछ लोग चबूतरा निर्माण कर रहे थे जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र अन्तर्गत चौखड़ा गांव के वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर चबूतरा बना रहे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने संजय कुमार पुत्र स्व राजेंद्र प्रसाद, नवमी पुत्र दादे, यशवंत राव पुत्र सूरज, प्रकाश पुत्र लालबहादुर निवासी चौखड़ा को गिरफ्तार कर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह के समक्ष पेश कर दिया। जिसके बाद एसडीएम ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चारों व्यक्तियों का चालान कर दिया।

## बन्दियों को कौशल विकास योजनान्तर्गत किया जायेगा प्रशिक्षित : जिलाधिकारी


बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजनान्तर्गत जिला कारागार में कौशल विकास द्वारा बन्दियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिलाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सी.जे.एम. रत्नेश श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, जेल अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए.अनय मिश्रा के अलावा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि कारागार में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये उचित कक्ष की व्यवस्था तथा कैदियों की इच्छित ट्रेड में कांउसलिंग कराते हुये बैच व समूह का निर्माण किया जाय। बैच व समूह का निर्माण करते हुये समय कैदियों के आवश्यक दस्तावेज एवं फोटो प्रशिक्षण प्रदाता को उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज कराने के लिये बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिये आधार का होना भी आवश्यक किया जाय। उन्होने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले चयनित प्रशिक्षण प्रदाताओं की सूची जेल अधीक्षक को उपलब्ध करा दी जाय। बैठक में यह भी बताया गया कि पंजीकृत कैदियों का मूल्यांकन किया जाय तथा मूल्यांकन के उपरान्त ही उतीर्ण कैदियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। बन्दी कैदियों की अवधि (कोर्स की अवधि के अनुसार) कम से कम तीन माह से छः माह तक होना चाहियें।

### 1 लाख 80 हजार के अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मड़िहान मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मड़िहान थाना क्षेत्र से 02 आरोपी अनिल कुमार सोनकर पुत्र साधुराम सोनकर निवासी राजपुर आमघाट थाना कोतवाली देहात मीरजापुर व मुकेश मौर्या पुत्र ललई मौर्या निवासी कतरन पहाड़ी थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 08 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा कीमत करीब 1.80 लाख बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया गया कि हम लोग रायपुर छत्तीसगढ़ से गांजा खरीद कर लाते है और जिसे छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर घूमकर व अपने आस-पास के क्षेत्रों में बिक्री करते है। जिससे अर्जित धनराशि को आपस में बाँटकर अपनी भौतिक सुख सुविधाओं की पूर्ति एवं जीविकोपार्जन करते है।

# सपा जिलाध्यक्ष को भरना पड़ा 2.39 लाख का ब्याज

**जुर्माना**

**धोबी समाज की जमीन का मिला था 38.5 लाख का मुआवजा**

**अपने खाते में लिया था सपाध्यक्ष ने, जिला प्रशासन ने की कार्रवाई**


समाज की धर्मशाला

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को 2 लाख 39 हजार 25 रुपया व्याज जमा करना पड़ा। विन्ध्य कारिडोर के लिए धोबी की जमीन के मुआवजा का मिला 38,49,398 लाख अपने बैंक खाता में जमा कराया था। जिस पर धोबी समाज के सुनील चौधरी ने धन हड़पने का आरोप लगाया था। जिस पर जिला प्रशासन ने धन वापसी के साथ ही ब्याज देने का आदेश दिया था।

विन्ध्य रजक धोबी सुधार समिति का विंध्याचल में धर्मशाला स्थित है। जिसका कुछ हिस्सा विंध्य कारिडोर में लिया गया। जिसके मुआवजा के तहत समाज को 38,49,398 लाख दिया गया। समाज समिति का नवीनीकरण न होने के कारण यह धनराशि देवी प्रसाद चौधरी जो सपा के भी जिलाध्यक्ष हैं ने अपने खाते में ले लिया। करीब डेढ़ साल से अधिक का समय बीत गया। समाज को रुपया न मिलने पर समाज के लोगों ने उन पर धन हड़पने की शिकायत जिलाधिकारी से किया। आरोप लगाया कि मुआवजा की धनराशि हड़पने के लिए अलग से समाज का संगठन बनाने की साजिश में लगे है। जबकि कुछ लोग पुराने संगठन का नवीनीकरण कराना चाहते है। समाज की करोड़ों की संपत्ति को अपना बताकर रजिस्ट्री किया गया था। उसके धन को भी अपने खाते में जमा किया गया। अब नया संगठन बनाकर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए साजिश किया जा रहा है।

शिकायत के बाद पर्यटन अधिकारी ने देवी प्रसाद चौधरी को मूल धन ब्याज के साथ वापस करने का निर्देश दिया था। जिस पर उन्होंने स्पेशल लैण्ड एक्विसन आफिसर के सरकारी खाता में रुपया जमा किया। इसकी जानकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मुलाकात कर दिया।

## संक्षेप

### गेहूं खरीद की तैयारी शुरू

**ज्ञानपुर।** किसानों को गेहूं उपज बेचने में कोई परेशानी न हो। साथ ही उन्हें अपनी उपज का अच्छा मूल्य भी मिले। शासन ने किसानों के गेहूं का समर्थन मूल्य को 110 रुपये बढ़ा दिया है। केंद्रों पर पिछले वर्ष 2015 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। जबकि इस बार 2125 रुपये क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। उधर शासन की ओर से एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने के लिए तय किए गये समय को देखते हुए विपणन विभाग तैयारी में जुट चुका है। जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी कितने गेहूं की खरीद होगी। कितने केंद्र बनेंगे। इसका लक्ष्य नहीं तय किया गया है। वैसे विपणन विभाग के हाट गोदामों पर तैयारी करने का निर्देश दिया गया है और जितने केंद्र बनाने का निर्देश आएगा, उसके अनुरूप कार्रवाई तय की जाएगी। भले ही अभी गेहूं की फसल तैयारी की ओर बढ़ रही हो लेकिन शासन गेहूं उपज की खरीद को लेकर तैयारी शुरू करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस बार समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है।

### गैरइरादतन हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** थाना कोइरौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनकट निवासी गैर इरादतन हत्या के आरोपी हृदय नारायण चौबे पुत्र केदार नाथ चौबे द्वारा लापरवाही पूर्वक दीवार गिराने से दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गयी थी।घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोइरौना पर आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्क कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी के निर्देश पर कोइरौना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से संबंधित आरोपी हृदय नारायण चौबे को बनकट मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### शिव सती के महामिलन का पर्व है महाशिवरात्रि

**ज्ञानपुर।** भारतीय संस्कृत में हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार ब्रह्मा विष्णु और महेश त्रिदेव में भगवान शिव संपूर्ण ब्रह्मांड के पालनहार अकाल मृत्युहर्ता तथा सर्व सिद्धीदाता माने गए हैं। भगवान शिव की महिमा में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाने की परंपरा है। शिव महापुराण के अनुसार प्रजापति दक्ष की कन्या सती का विवाह भगवान शिव से इसी दिन हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि के दिन निशा बेला में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में अवतरित हुए थे जिसके फलस्वरूप महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। प्रमुख ज्योतिषविद गोपाल जी शुक्ल ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी शनिवार की रात्रि 8.30 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 19 फरवरी रविवार को दिन में 4.19 तक रहेगी। चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी तिथि महा निशिथ मां अनिश्चितकाल रात्रि 11.43 से 12.33 तक मध्य रात्रि में भगवान शिव की पूजा विशेष फलदाई होती है। महाशिवरात्रि से ही प्रत्येक मांह हर मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ किया जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत से सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### रोडवेज बसों की रात्रि कालीन सेवा बहाल

**भदोही।** घने कोहरे के चलते बीते दिनों उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों की बंद सेवा को बहाल कर दिया गया है। अब रात मे भी बसे चल सकेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में रात्रि कालीन बस सेवा को बंद कर दिया था। निगम का मानना था कि घने कोहरे के चलते रात मे दृश्यता कम हो जाती जिससे सड़को पर हादसे भी हो रहे थे। यात्रियो के जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखकर निगम की ओर से रात्रि कालीन सेवा बंद कर दी गई थी। निगम की ओर से यह निर्देश दिया गया था कि बस संचालन के दौरान रास्ते में जहां कोहरा दिखे बस को पास के ही डिपो पुलिस थाना या फिर किसी ढाबे पर खड़ी कर दी जाए। कोहरी छटने या फिर सुबह होने पर बस को संचालित किया जाए। निगम के रात्रि कालीन सेवा बहाली पर आलू कारोबारी लालचंद ने कहा कि वह कानपुर छिबरामऊ से आलू का कारोबार करते थे दिन भर मार्केट करने के बाद रात को बस से गंतव्य तक पहुच जाते थे। दिन भर खरीदारी कर रात मे चल देते थे उनका एक दिन का समय बच जाता था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# बिजली विभाग के चेकिंग अभियान में 6 पर एफआईआर

**सख्ती**

**बिजली विभाग की टीम ने 50 लोगों का कनेक्शन काटा , 5 लाख 51 हजार रुपए वसूला सम्मन शुल्क**

जनसंदेश न्यूज


मेन रोड पर अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में जांच करती विद्युत विभाग की टीम

**भदोही।** बिजली विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाकर भदोही नगर के लगभग सभी मोहल्लों में सघन चेकिंग की।

चेकिंग के दौरान बिजली विभाग 125 उभोगताओं की जांच की जांच में टीम ने 50 लोगो का कनेक्शन काटा , 5 लाख 51 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

आधा दर्जन लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने मशाल रोड मेन रोड तकिया कल्लन शाह, अजीमुल्ला चौराहा, काजीपुर आदि इलाके में चेकिंग की, चेकिंग के दौरान 13 लोगो का कनेक्शन कटा, वसूली 1.75 लाख सम्मान शुल्क वसूला। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने चौरी रोड, रजपुरा, पिपरिस, राघोपुर में चेकिंग की, 18 लोगो का कनेक्शन काटा 1.75 लाख रुपए की वसूली की साथ ही छह लोगो पर एफआईआर दर्ज किया गया।

अवर अभियंता सुजीत पटेल ने मामदेवपुर, नई बाजार में चेकिंग करते हुए 8 लोगों का कनेक्शन काटा, 1.26 लाख की वसूली की। इसी तरह अवर अभियंता मनोज कुमार ने दारोपुर, काशीपुर में चेकिंग करते हुए 11 कनेक्शन काटा साथ ही 75 हजार रुपये की वसूली किया। बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी मची रही। कई जगह लोग अपने कनेक्शन आदि ठीक करते देखे गए।

## तमंचे के बल पर मिनी बैंक संचालक से 80 हजार की लूट

जनसंदेश न्यूज

**बेखौफ**

**दिनदहाड़े लूट की वारदात से मची सनसनी, एसपी ने सीओ को लगाई फटकार**



**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के विजईपुर में नकाबपोश दो बदमाशों ने गुरुवार को मिनी बैंक संचालिका से तमंचे के बल पर 80 हजार रुपये लूट लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती मौके पर पहुंचे। मिनी बैंक संचालिका से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच कर रही है।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि विजईपुर निवासी सविता देवी केवला देवी कॉलेज के पास बैंक ऑफ बड़ौदा का मिनी बैंक चलाती हैं। दोपहर करीब दो बजे दो युवक उनके काउंटर पर पहुँच कर तमंचे के बल पर पैसा छीन लिए और भागने लगे। महिला के अनुसार उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने धक्का देकर गिरा दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी मच गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार महिला से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। वहीं क्षेत्राधिकारी भदोही अजय चौहान को फटकार लगाते हुए गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। केवला देवी कॉलेज के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घटना के हर पहलू की जाँच की जा रही हैं शीघ्र ही मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**भदोही।** जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन एव पत्रकारो के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये जाने के उद्देश्य से चर्चा की गयी। पत्रकारो द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में जनपद में पत्रकारो के उत्पीड़न से सम्बंधित एक भी मामला विचाराधीन नही है बल्कि प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बंध कायम है।
शासन के निर्देश के क्रम में स्थायी समिति के गठन में डीएम अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक पदेन सदस्य, जिला सूचना अधिकारी पदेन सचिव तथा मान्यता प्राप्त पत्रकार होगे।
इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रेकी कर वाहनों की लूट करने वाले दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

**सफलता**

**शातिर लुटेरों के विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरी, लूट जालसाजी व हत्या के प्रयास सहित डेढ़ दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** गत 27 जनवरी की रात्रि में थाना भदोही क्षेत्र अन्तर्गत रजपुरा फेस 1 से अज्ञात चोरों द्वारा बाहर खड़ी की गयी सेवरेले बीट कार चोरी कर लिया गया। घटना के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी।

थाना भदोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम द्वारा अथक प्रयास व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित कर घटना में शामिल 02 शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों रविशंकर पाल पुत्र छोटेलाल पाल निवासी रूद्रपुर धौरहरा थाना व जिला भदोही, अनिल यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी कंचनपुर थाना खीरी जिला प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारशुदा वाहन चोरों के कब्जे से थाना स्थानीय पर वाहन चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत 02 अभियोगों से सम्बन्धित चोरी की एक अदद सेवरेले बीट कार व मोटरसाइकिल पैशन प्रो कीमती करीब 04 लाख 20 हजार रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए शत-प्रतिशत माल की बरामदगी सुनिश्चित की गयी। गिरफ्तारशुदा अन्तर्राज्यीय अभियुक्त वाहन चोरी व लूट करने के अभ्यस्त अपराधी है, जिनके विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरी, लूट,जालसाजी व हत्या के प्रयास सहित गम्भीर अपराधों के लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. महेश कुमार सिंह (प्रभारी चौकी रजपुरा), हे.का.अबरार अहमद,प्रभारी स्वाट टीम उ.नि.प्रदीप कुमार, हे.का.तुफैल अहमद, हे.का. नरेन्द्र सिंह, हे.का. नागेन्द्र यादव , का. मन्नू सिंह रहे।

# जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ कालीन एक्सपो मार्ट में आज से

**तैयारी पूरी**

**उद्यमी, निर्यातक एवं इच्छुक निवेशक कार्यक्रम में मौजूद रहकर विभिन्न योजनाओं से होंगे लाभांवित**

जनसंदेश न्यूज


कालीन एक्सपो मार्ट

**भदोही।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग उमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि 10 से 12 फरवरी तक जनपद भदोही के कारपेट एक्सपो मार्ट, कारपेट सिटी भदोही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के परिपेक्ष्य में तीन दिवसीय ₹जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ₹ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को पूर्वान्ह 10 बजे एवं समापन 12 फरवरी को होगा।

इस कार्यक्रम में जनपद भदोही में निवेश करने वाले उद्यमियों को प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पालिसियों के अन्तर्गत जैसे-होटल, वाटर पार्क, मैरिज लान, रिसार्ट आदि में निवेश करने पर पर्यटन पालिसी के अन्तर्गत टेक्सटाइल सेक्टर में इकाई स्थापित करने पर टेक्सटाइल पालिसी के अन्तर्गत, डेयरी सेक्टर सम्बन्धित इकाईयों की स्थापना में निवेश करने पर डेयरी प्रोडक्शन पालिसी के अन्तर्गत इसी तरह हास्पिटल मेडिकल कालेज, स्कूल, डायग्नोसिस सेन्टर आदि में निवेश करने वाले को सम्बन्धित पालिसियों में लाभ दिये जाने हेतु एवं विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी।

जनपद के उद्यमियों, निर्यातकों एवं इच्छुक निवेशको से अपील किया कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ उठायें।

# हंटर के साथ मानवीय पहल हमारी कार्यशैली

## खास मुलाकात

रवि प्रकाश सिंह

**महिला अपराध पर नजरिया संवेदनशील रखने की चुनौती**

शासन की मंशा के तहत महिलाओं की सुरक्षा हो या अपराध पर लगाम लगाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस की पहल और कार्रवाई तो जारी है लेकिन ये तब और सार्थक हो जाता है जब इसकी कमान एडीसीपी वूमेन क्राइम कमिश्नरेट ममता रानी के हाथ में हो। चाहे नारी मिशन शक्ति की बात हो या एंटी रोमियो टीम की कार्रवाई, दो परिवारों को टूटने से बचाना हो। छात्राओं को उनके अधिकार और पुलिस सहायता के बारे में जानकारी देनी हो या महिलाओं को जागरूक करना हो। इतना ही नहीं ड्यूटी से हटकर मानवीय पहल इनके काम को अलग पहचान देता है। यहीं वजह है कि यहां आने वाले मामलों को ना केवल गंभीरता से लिया जाता है बल्कि जांच कर कार्रवाई और उस कार्रवाई की डे टू डे रिपोर्ट की जांच एडीसीपी ममता रानी करती हैं। जन संदेश टाइम्स से खास मुलाकात में ममता रानी ने महिलाओं से जुड़े मामले और अपराध के प्रति कार्रवाई की बात को खुलकर सामने रखा।



### 72 फीसद मामले विवाहेत्तर संबंध से जुड़े

वैवाहिक संबन्धों से हटकर विवाहेत्तर संबंध पति और पत्नी के बीच बिखराव और दरार की वजह बन रहे हैं। महिला अपराध में 72 फीसद मामले एक्टा मैरिटल अफेयर के हैं। एडीसीपी वूमन क्राइम ममता रानी बताती हैं कि ऐसे में अगर शिकायतें मिलती हैं तो दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग करायी जाती है ताकि बिखराव और टकराव को रोका जा सके। वहीं दूसर नंबर पर दहेज उत्पीड़न के मामले और तीसरे नंबर पर बेटी का पैदा होना भी महिला अपराध की वजह बन रही है।

### ट्रांसजेंडरों के अधिकारों को मिलेगा संरक्षण और सुरक्षा

ट्रांसजेंडरों के अधिकार और सुरक्षा के लिए छह सदस्यीय टीम गठित की गयी है। जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशन में नोडल अधिकारी ममता रानी को बनाया गया है साथ ही सामाजिक सेवा से जुड़े दो लोगों को भी शामिल किया गया है। टीम ने वर्क शुरु कर दिया है हालांकि अभी ट्रांसजेंडरों से जुड़ा कोई मामला सामने नहीं आया है।

### पहले रेड नोटिस फिर यलो, इसके बाद जेल

एक तरफ एंटी रोमियो टीमें थानेवार तो काम कर ही रही हैं दूसरी तरफ जिला स्तरीय एंटी रोमियो टीमें एडीसीपी ममता रानी के अंडर में काम करती हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए एंटी रोमियो की टीम लगातार काम कर रही है। पहले पकड़े गये शोहदों को रेड कार्ड नोटिस दिया जाता है फिर यलो नोटिस के साथ कार्रवाई। जनवरी महीने की बात की जाय तो कमिश्नरेट में चेकिंग की कुल कार्रवाई 2207 स्थानों पर की गयी। इस दौरान 7954 लोगों से पूछताछ, 489 को रेड कार्ड यानी चेतावनी देकर छोड़ा गया, साथ ही आईपीसी 294 के तहत पांच को नामजद किया गया और कार्रवाई हुई।

### जनसंदेश टाइम्स की 11 साल की बेमिसाल विकास यात्रा में उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने वाले नगर की प्रमुख विज्ञापन एजेंसियों के अधिष्ठाता हुए सम्मानित



मीडियाथीम- शशिभूषण तिवारी



क्रिएटिव मीडिया- पीयूष त्रिपाठी



अशिवा मीडिया सलूशन (ए.एम.एस.)- धर्मेन्द्र त्रिपाठी



एम.एस.ए. - शेखर/मनीष श्रीवास्तव



मारवाह एडवरटाइजिंग प्रा.लि. - विशाल मारवाह



नेटवर्क मीडिया - अश्वनी



व्यापार प्रचार संस्थान - आलोक दूबे



डीएस लिंक मीडिया - राजेन्द्र दूबे



यूनिवर्सल एडवरटाइजिंग- भगवान दास अढ़तिया

# भारतीय सिद्धांतों से ही नई दुनिया बनेगी : डॉ. कर्ण सिंह

**विश्व शांति का सपना साकार करना है तो भारतीय सिद्धांतों को जानना जरूरी : इन्द्रेश कुमार**

**अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही दुनिया में शांतिः डॉ. विश्वनाथ कराड**

**ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म के विश्व सम्मेलन का विश्वनाथ धाम में हुआ उद्घाटन**





**वाराणसी।** बीएचयू के पूर्व कुलाधिपति पद्मविभूषण डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि नया समाज और नई दुनिया बनाने के लिए वसुधैव कुटुंबकम और बहुजन सुखाय बहुजन हिताय जैसे भारतीय सिद्धांत बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के बदौलत संपूर्ण मानव का कल्याण होने वाला है। माईर्स एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे, की ओर से काशी विश्वनाथ धाम कारिडोर के त्रंबकेश्वर हाल में आयोजित त्रिदिवसीय 9वें ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और दर्शनशास्त्र के प्रथम दिन गुरुवार को उद्घाटन के मौके पर डॉ. कर्ण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि ज्ञानयोग, भक्ति योग, कर्मयोग और राजयोग इन सिद्धांतों के पालन करने से संपूर्ण मानव जाति का उद्धार होगा। सृष्टि के सारे धर्मों में मानव कल्याण की बात कही गई है। सभी भारतीय संत एवं दार्शनिकों ने राजयोग के बदौलत मानव कल्याण के कार्य करते हुए उन्हें नई राह दिखाई है। राजयोग आत्मिक शक्तियों की कुंजी है। इन्हीं के बदौलत नई सृष्टि का निर्माण होने वाला है। कार्यक्रम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष इंद्रेश कुमार ने कहा कि विश्व शांति का सपना साकार करना है तो भारतीय सिद्धांतों को जानना जरूरी है। इंसान होते हुए भी कुछ लोगों ने बुराई का हाथ थामा है वह गलत है। आम आदमी को सम्मान, शिक्षा व रोटी-कपड़ा व मकान चाहिए। लेकिन कुछ लोग हाथों में बम-गोली भी रखते हैं। कुछ लोग नफरत व गुस्सा रखते हैं। अगर लोग नफरत व गुस्सा छोड़ दे तो विश्व शांति हो सकती है। अगर हर धर्म दूसरे धर्म की अच्छाई बताये तो मानवता आ जायेगी। चाइना ने कोरोना से मानव जाति को मारने का प्रयास किया लेकिन भारत ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के संस्थापक डॉ. विश्वनाथ डी. कराड ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही दुनिया में शांति आ सकती है। सारी दुनिया को सुख, शांति और समाधान का मार्ग केवल भारत माता ही दिखाएंगी। यह कॉरिडॉर अब ज्ञान की भाषा में तब्दिल होना चाहिए. धर्म ग्रंथ ही जीवन ग्रंथ होता है. इसलिए अंतिम सत्य की खोज में लगना है। योगी साधक अमरनाथ ने कहा कि जहां ज्ञान है वहां विद्वता होती है. प्राचीन सिद्धांतों पर अनुसंशोधन कर दुनिया के सामने रखने का समय आ गया है. सदियों से ज्ञान प्राप्त है अब विज्ञान उसी के आधार पर नई नई खोज कर रही है। इसके मंथन से जो निकलेगा उससे ही मानव कल्याण होने वाला है। अब हमें आत्मिक ढंग से सोचने की जरूरत है। डॉ. योगेंद्र मिश्र ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति सुख की खोज में है। ऐसे में पुणे के एमआईटी डब्ल्यूपीयू की ओर से जो विश्व शांति का सराहनीय कार्य चल रहा है। इसलिए सारी दुनिया विश्व कल्याण की अपेक्षा भारत के पास है। जीवन में अकड़ों मत सदैव झुके रहिये। सत्य पर चलते हुए समय का सद् ?उपयोग करना चाहिए। जीवन में व्यसन का तिरस्कार और वैराग्य का प्रयास करना चाहिए। प्रो.डॉ. गौतम बापट ने सूत्र संचालन और प्रो. स्वाती कराड चाटे ने सभी का आभार व्यक्त किया।





### संकट मोचन दरबार में कर्ण सिंह ने टेका मत्था

बीएचयू के पूर्व कुलाधिपति डॉ. कर्ण सिंह ने बुधवार दोपहर संकट मोचन हनुमत दरबार में मत्था टेका। मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र से मुलाकात की। करीब डेढ़ घंटे की मुलाकात के दौरान उन्होंने काशी में गंगा की स्थिति पर विमर्श किया। प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने कहा कि गंगा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। गंगा में गिरते नाले पर भी उन्होंने चिंता जताई।

# सूर्य ने बदली अपनी चाल, 13 से होंगे शनि संग

राधेश्याम कमल

**अप्रत्याशित घटनाओं की रहेगी भरमार**

**मेष, वृषभ, कन्या व धनु राशि वाले को मिलेगी विशेष कामयाबी**

**वाराणसी।** भारतीय ज्योतिष में सूर्य ग्रह का नवग्रहों में प्रमुख स्थान माना जाता है। सूर्य ग्रह के राशि परिवर्तन से जनमानस को व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक मेष से मीन राशि तक सूर्य ग्रह हर मास अपनी राशि बदलते हैं। जिसका व्यापक असर पूरे विश्व क्षितिज पर देखने को मिलता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक सूर्य ग्रह मकर से कुंभ राशि में 13 फरवरी सोमवार को प्रातः 9.45 मिनट से प्रवेश करेंगे। जो कि 15 मार्च बुधवार को प्रातः 6.34 मिनट तक इसी राशि में रहेंगे। एस एक माह की अवधि कुंभ संक्रांति के नाम से जानी जायेगी। इस दिन सूर्य, बुद-मकर राशि में, चन्द्रमा,केतु-तुला राशि में, मंगल-वृषभ राशि में, गुरु मीन राशि में, शुक्र, शनि-कुंभ राशि तथा राहू-मेष राशि में विराजमान रहेंगे।

### विश्व में होगी राजनीतिक उथल-पुथल

इसके फलस्वरूप विश्व में अनेक अप्रत्याशित घटनाओं से जनमानस को रूबरू होना पड़ेगा। विश्व में राजनैतिक उथल-पुथल देखने को मिलेगी। राजनीति में आपसी खींचतान का जोर बढ़ेगा। सत्ता पक्ष व विपक्ष में किसी मुद्दे विशेष से वैचारिक विशमताएं व तनाव देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं पर राजनैतिक अस्थिरता भी बनी रहेगी। नये राजनैतिक व आर्थिक घोटाले भी सामने आयेंगे। शेयर, वायदा, मुद्रा व धातु बाजार में घटा-बढ़ी के साथ तेजी व मंदी का रुख रहेगा। कई बार तो निवेशक हतप्रभ रह जायेंगे।

### द्वादश राशियां होंगी प्रभावित

पं. विमल जैन के अनुसार नवग्रहों के परिवर्तन से द्वादश राशियां भी प्रभावित होंगी। मेष, वृषभ, कन्या व धनु राशि वाले विशेष लाभान्वित होंगे। जबकि मिथुन, कर्क, सिंहतुला, वृच्छिक, मकर, कुंभ व मीन राशि वालों को सूर्य ग्रह के विपरित प्रभाव से रूबरू होना पड़ेगा।

मेष- नवयोजना का शुभारंभ, उपहार या सम्मान का लाभ, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।
वृषभ- सामयिक सिद्धि के लिए प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, परिवार में मंगल आयोजन।



मिथुन- उन्नति में बाधा, सामयिक सिद्धि का प्रयास निष्फल, स्वजनों में तनाव।
कर्क- व्यय की अधिकता, स्वास्थ्य सुख में व्यतिक्रम, वाहन से चोट चपेट, शत्रुओं से कष्ट।
सिंह- विचारित कार्यों में विलंब, आपसी अनबन, जीवन में तनाव।
कन्या- नवसंपर्क लाभदायक, धनागम का सुअवसर, शत्रु परास्त, आरोग्य सुख।
कन्या- कार्यों में बाधा, पारिवारिक अशांति, यात्रा अशाफल, मित्रों से अनबन।
तुला- व्यवसायिक प्रगति में अड़चन, संतान को लेकर चिंता, पारिवारिक मतभेद उजागर।
वृश्चिक-कार्यों में बाधा, पारिवारिक अशांति, यात्रा अशाफल, मित्रों से अनबन, अनावश्यक भ्रमण।
धनु- नवीन योजना का श्रीगणेश, ज्ञान विज्ञान में अभिरूचि, बुद्धि चातुर्य से विवाद का समापन, विविध पक्षों में सफलता।
मकर- स्वास्थ्य सुख में व्यतिक्रम, व्यय की अधिकता, लाभ में कमी, आपसीजनों से कष्ट, यात्रा में निराशा।
कुंभ- व्यक्तिगत परेशानी, क्रोध की अधिकता, आर्थिक लाभ में कमी, आपसीजनों से कष्ट।
मीन- उन्नति में बाधा, सिद्धि का प्रयास निष्फल, स्वजनों से तनाव, व्यय में अधिकता, व्यर्थ भ्रमण।